फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 150 प्रभात जयपुर, शनिवार 31 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Is Covid Back?** In India, after the pandemic settled down in August 2022, the nation has become complacent.

**SWEET-TOOTH: Easy-to-Make Desserts**

**AROUND-D-WORLD: Happy (Almost) New Year!** How different countries are ringing in 2023.



*शुक्रवार तड़के प्रधानमंत्री मोदी की माँ हीरा बा का निधन हो गया। निधन के बाद प्र.मंत्री की माँ के पार्थिव शरीर का गांधीनगर मुक्तिधाम शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। प्र.मंत्री ने अपने भाई के साथ उन्हें मुखाग्नि दी। गांधीनगर के श्मशान में पूरे वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। प्रधानमंत्री और उनके भाईयों ने माँ हीरा बा के पार्थिव शरीर के पंचतत्व में विलीन होने से पहले उनके शरीर में घी का लेप किया। हीरा बा का पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि देने के समय प्र. मंत्री बहुत भावुक हो गए। अंतिम संस्कार के पहले एवं बाद में प्र.मंत्री मोदी ने अपने भाइयों से मुलाकात की। मोदी ने इससे पहले सुबह अपने भाई पंकज मोदी के घर गांधीनगर के रायता पहुंचे, जहां उनकी माँ हीरा बा रहती थीं। बाद में वे अपने भाईयों सोमभाई, प्रहलादभाई और अम्रतभाई तथा उनके परिवार से मिले। इस बीच प्र.मंत्री के पैतृक गांव वडनगर में व्यापारियों ने हीरा बा के निधन के शोक में तीन दिनों तक बाजार बंद रखने की घोषणा की है।*

# 1979 में इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस के पास केवल दो राज्यों में सरकार थी

## इन दोनों राज्यों, आंध्र व कर्नाटक, के मु.मंत्रियों ने, जब आँख दिखाना शुरु किया तो, इंदिरा गांधी ने दोनों राज्यों की सरकार को बर्खास्त कर दिया था, इस बात की बिना परवाह किये कि, तब कांग्रेस के पास किसी भी राज्य में कहीं भी सरकार नहीं रही थी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। जहाँ वर्ष 2022 पूरी तरह सज-संवर कर अलविदा कहने के लिये तैयार है तथा नया वर्ष आने को है, वहीं राजस्थान कांग्रेस को नेतृत्व ने बहुत सस्ते में निबटाया है तथा इसके लिये यह वर्ष अतीत के सबसे खराब वर्षों में से एक रहा है।

छोटे-बड़े सभी कांग्रेसजन अनिश्चितता एवं अस्थिरता एवं उन तौर-तरीकों से उकता चुके हैं, जिन तौर-तरीकों से अशोक गहलोत सरकार, पार्टी नेतृत्व की अवज्ञा करते हुये, जबरन बनी हुई है जिसके फलस्वरुप पार्टी कार्यकर्ताओं में विद्रोह की आग सुलगने, बल्कि भड़कने लगी है।

यह सुनिश्चित तथ्य भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के व्यवहार एवं तौर-तरीकों से सम्बंधित ही है कि कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व इतना कमजोर कभी नहीं रहा, जितना कमजोर आज है।

अनुशासनहीनता पर दृढ़ एवं कठोर रुख अपनाने में अनिश्चित, हिचकिचाहटपूर्ण तथा असमर्थ सिद्ध हो रहीं सोनिया गांधी ने राजस्थान के मामले

- अब भी सोनिया गांधी के पास भी दो राज्यों, राजस्थान व छत्तीसगढ़, में कांग्रेस की सरकारें हैं।
- पर, सोनिया गांधी काफी ''भयभीत'' रही हैं, इस दोनों राज्यों की सरकारों को कुछ भी कहने को बारे में। शायद उनको भय है कि, इन दोनो राज्यों में कुछ छेड़खानी करने पर, मुख्यमंत्री कभी भी सरकार गिरा सकते हैं।
- यह भय राजस्थान व मु.मंत्री गहलोत के बारे में ज्यादा है।
- हालांकि, यह सच है कि, गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस कभी जीत कर नहीं आयी। अतः भाजपा को भी यह स्थिति माफिक आती है कि, हाईकमान की अनिश्चय की स्थिति में, गहलोत ही मु.मंत्री बने रहें तथा गहलोत के नेतृत्व में ही कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में उतरे।

को समय के भरोसे छोड़ दिया है जिससे यह साफ संदेश जा रहा है कि अब उनके नियंत्रण में कुछ भी नहीं रहा है।

एक इंदिरा गांधी थी, जिनके पास 1979 में मात्र दो राज्य सरकारें थीं- आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक। लेकिन इन दोनों मुख्यमंत्रियों ने उन्हें आँखें दिखाई तो उन्होंने दोनों सरकारों को बर्खास्त कर दिया तथा इस बात की परवाह तक नहीं की कि उनके इस कदम का अर्थ यह होगा कि कांग्रेस की सरकार एक भी राज्य में नहीं रहेगी।

और एक सोनिया गांधी हैं, जिनके पास भी केवल दो राज्य सरकारें हैं लेकिन वे मुख्यमंत्रियों को छूने तक में डरती हैं तथा उन्हें यह आशंका रहती है कि वे सरकार गिरा देंगे, खासतौर से अशोक गहलोत ने तो यह धमकी दे रखी है कि नेतृत्व को नीचा दिखाने वाले उनके विद्रोह के फलस्वरुप, अगर उन्हें हटाया गया तो वे सरकार गिरा देंगे। लेकिन, वे अब भी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कायम है क्योंकि गांधी परिवार उनके खिलाफ कार्यवाही करने में बहुत ज्यादा डर रहा है।

ऐसे परिदृश्य में, पार्टी कार्यकर्ता स्वाभाविक रुप से किंकर्तव्यविमूढ़ हैं तथा वे नहीं समझ पा रहे कि आखिर ऊँट किस करवट बैठेगा।

इस साल ने जाते-जाते यह साफ तौर पर दिखा दिया है कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी नैतिक सत्ता खो चुका है तथा इतना कमजोर हो गया है कि उन ताकतवर प्रांतीय नेताओं से भयाक्रांत है जिनका पार्टी की आथिरक स्थिति पर नियंत्रण है तथा उस अपार पैसे, जिस पर उनका नियंत्रण है, की बदौलत वे वरिष्ठ नेताओं को अपनी जेब में डाले घूमते हैं।

इस साल ने एक अन्य वरिष्ठ नेता सचिन पायलट को धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करते हुये भी देखा है, और उनके

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## प्र.मंत्री मोदी ने माँ के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी

गांधीनगर, 30 दिसंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का पार्थिव शरीर मुक्तिधाम शमशान घाट में पंचतत्व में हुआ विलीन। मोदी ने अपने भाई के साथ उन्हें मुखाग्नि दी।

प्रधानमंत्री की मां हीराबेन मोदी का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया। जहां पूरे वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री और उनके भाईयों ने मां हीरा बा के पार्थिव शरीर के पंचतत्व में विलीन होने से पहले उनके शरीर में घी का लेप किया। हीरा बा का पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मोदी ने अपने भाई के साथ मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। मुखाग्नि देने के समय प्रधानमंत्री बहुत भावुक हो गए। मुक्तिधाम शमशान घाट में हीरा बा की अंत्येष्टि के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राज्य सरकार के मंत्री, विधायकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के बाद शमशान घाट से राजभवन की ओर रवाना हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री को जैसे ही मां के निधन की सूचना मिली वह अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। अहमदाबाद हवाई अड्डे पहुंचने से पहले गुजरात के

- प्र.मंत्री मोदी को जैसे ही माँ के निधन की खबर पता चली वे तुरंत गांधीनगर रवाना हो गये।

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल वहां मौजूद थे। मोदी हवाई अड्डे से सीधे गांधीनगर में अपने छोटे भाई पंकज मोदी के घर रायसन पहुंचे। प्रधानमंत्री ने मां हीराबेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पण कर नमन किया। इसके बाद मोदी ने मां की अर्थी को कंधा दिया। जिसके बाद हीराबेन के पार्थिव शरीर को गांधीनगर के मुक्तिधाम शमशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की मां हीराबेन का निधन शुक्रवार तड़के साढ़े तीन बजे अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में हो गया। हीराबेन की 100 वर्ष की थी। उन्हें बुधवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अहमदाबाद के यू.एन. मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों के बड़ी संख्या में नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीरा बा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुर्मू ने अपने शेक संदेश में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। मोदी ने 'मातृ देवो भवः' की भावना और हीरा बा के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# क्या ''होनहार पुत्र'' गुलाम नबी वापस घर लौटेंगे कांग्रेस में?

## गुजरात व हिमाचल में चुनाव प्रचार के दौरान गुलाम नबी के तेवर काफी बदले-बदले से नज़र आये थे

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। इस समय राजनैतिक हल्कों में, गुलाम नबी आज़ाद की सम्भावित घरवापसी की अटकलें एवं अनुमान जोरों पर हैं। ज्ञातव्य है कि आज़ाद ने कांग्रेस के साथ 52 वर्ष के लम्बे जुड़ाव के बाद, इस साल अगस्त में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था तथा इसके बाद डैमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी बना ली थी।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों- महबूबा मुफ्ती तथा उमर अब्दुल्लाह के विपरीत, आज़ाद ने कांग्रेस के इस आव्हान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि गैर-भाजपा दलों के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में शामिल हों। लेकिन अपने राजनैतिक भविष्य पर पुनर्विचार का संकेत देते हुये, उन्होंने गुजरात एवं हिमाचल के हाल ही के चुनावों से पहले, यह जरुर कहा था कि भाजपा के साथ प्रतिस्पर्द्धा केवल कांग्रेस ही कर सकती है। उस समय उन्होंने यह स्पष्टीकरण भी दिया था कि उनके द्वारा उठाये गये मुद्दों का सम्बंध कांग्रेस की कमजोर व्यवस्था से था, कांग्रेस की नीतियों से नहीं। आज़ाद के इस परिष्कृत, संयमित एवं अनुशासित लहजे से प्रभावित होकर, भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक दिग्विजय सिंह यात्रा

- गुलाम नबी ने कहा था कि, केवल कांग्रेस ही भाजपा को चुनौती दे सकती है, तथा उन्होंने कभी कांग्रेस की नीतियों का विरोध नहीं किया। उनका विरोध केवल कांग्रेस की कमज़ोर कार्य प्रणाली से था।
- गुलाम नबी के बदले हुए तेवर देखकर महासचिव दिग्विजय सिंह ने उन्हें दोबारा, कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने का आमंत्रण भेजा।
- जी-23 ग्रुप के नेता भूपेन्द्र सिंह हूडा व अखिलेश प्रसाद सिंह को गुलाम नबी को वापस पार्टी में लाने के प्रयास से जोड़ा गया है। अंबिका सोनी भी सक्रिय हुई हैं, तथा उन्होंने गुलाम नबी से पुनः संपर्क स्थापित किया है।
- पर, वापसी इतनी आसान नहीं होगी, क्योंकि पार्टी से इस्तीफा देते समय गुलाम नबी ने बहुत व्यंगात्मक पत्र लिखा था, सोनिया गांधी को तथा राहुल गांधी की भी खिल्ली उड़ायी थी। राहुल को ''गैर गंभीर'' राजनीतिज्ञ बताया था।
- पर, कांग्रेस हाईकमान सब कुछ भूलकर उन्हें वापस लेने के मूड़ में है, अगर, गुलाम अपने व्यक्तित्व में सुधार लाएं और खेद व्यक्त करें।

में शामिल होने के आमंत्रण के नवीनीकरण पर विचार कर रहे हैं। पूर्व जी-23 के नेता अखिलेश प्रसाद सिंह तथा भूपिन्दर सिंह हूडा को संकेत दिया गया है कि वे आज़ाद को फिर से पार्टी में आने के लिये प्रेरित करें। बताया जाता है कि वरिष्ठ नेता अम्बिका सोनी ने भी आज़ाद के साथ सम्पर्क साधा है।

आज़ाद यह देख रहे हैं कि पिछले कुछ सप्ताह में, कई नेता उनकी पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके ताज़ातरीन उदाहरण

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## पिता पर दोनों बच्चों के अपहरण का आरोप

जयपुर, 30 दिसंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने छः साल और चार साल की दो संतानों का अपहरण कर अपने पास अवैध रूप से रखने के मामले में उनके पिता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को कहा है कि, वह दोनों बच्चों को दस जनवरी को हाईकोर्ट में पेश करे।

- राजस्थान हाई कोर्ट ने बच्चों की मां कम्पूरी देवी मीना की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बच्चों को कोर्ट में पेश करने के आदेश दिये।

जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस बीरेन्द्र कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश कम्पूरी देवी मीना की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता के पति मुकेश कुमार ने कोविड लॉकडाउन में याचिकाकर्ता और उसकी दो नाबालिग संतानों को उसके अलवर

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# यूक्रेन ने यू.एन. के तत्वावधान में एक ''शांति प्रयास'' का प्रस्ताव दिया

## पर, यूक्रेन ने इस प्रयास में रूस को तभी शामिल करने की बात रखी, जब रूस बिना शर्त व पूर्णतया हथियार डाल दे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। रूस ने यूक्रेन के इस विचार को ''बेतुका'' बताते हुये, इसकी खिल्ली उड़ाई है कि अगले वर्ष फरवरी में संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वावधान में एक शांति शिखर सम्मेलन किया जाये। रूस ने कहा है कि वह ऐसे किसी सम्मेलन में तभी भाग लेगा जब यूक्रेन बिना किसी शर्त के तथा पूरी तरह आत्म समर्पण कर देगा।

कीव सरकार के इस शांति-प्रस्ताव को ''पागलपन'' तथा अमेरिका की ''एक पी.आर.तिकड़म'' बताते हुये, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा, ''हम इस पागलपन भरे विचार को वॉशिंगटन की एक और चाल के रूप में देख रहे हैं क्योंकि इन दिनों वॉशिंगटन कीव सरकार को एक शांति समर्थक के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रहा है।''

उन्होंने कहा, ''हम 24 फरवरी, जिस दिन इस विशेष सैन्य कार्यवाही की वर्षगाँठ है, के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ (यू.एन.) के मंच पर एक प्रकार का ''शांति सम्मेलन'' के आयोजन के बारे में बात कर रहे हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि कीव नेताओं की योजना के अनुसार, इससे ज़ैलेन्स्की की बेतुकी सोच के क्रियान्वयन में सहयोग मिलेगा, जिस बेतुकी सोच को उन्होंने ''शांति के फॉर्मूले'' के रूप में प्रस्तुत किया हैं।

ज़खारोव ने जोर देते हुये कहा कि पूरे तथा बिना शर्त आत्म समर्पण की स्थिति में, इस प्रकार के किसी सम्मेलन में रूस की सहभागिता का विचार ही कीव की कमज़ोर होती जा रही ताकत का प्रतीक है।

उन्होने जोर देते हुये कहा, ''इसके अलावा अन्य कोई युक्तियुक्त स्पष्टीकरण नहीं है। वे (कीव) एक ऐसी स्थिति पर पहुँच चुके हैं, जहाँ उन्हें ऐसे, बल्कि इससे भी ज्यादा पागलपन भरे विचार आते हैं तथा इन विचारों को किसी न किसी प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय कानूनी आवरण में लपेट कर प्रस्तुत करते हैं लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य एक ही है।

- रूस ने यूक्रेन के प्रस्ताव को पागलपन व हास्यास्पद बताया, क्योंकि रूस के अनुसार, रूस के बिना, शांति वार्ता के क्या मायने हैं।
- रूस के अनुसार, यूक्रेन का प्रस्ताव वॉशिंगटन की ''पी.आर. एक्सरसाइज़'' है। वॉशिंगटन आजकल यूक्रेन व कीव की सरकार को ''शांति दूत'' की तरह चित्रित करने की कोशिश कर रहा है।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# कांग्रेस के विधायक बजट सत्र से पहले लेंगे इस्तीफे वापस

## अन्यथा विधानसभा अध्यक्ष और सरकार को सदन में स्पष्ट करनी पड़ेगी अपनी स्थिति

जयपुर, 30 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में 3 दिन तक रुककर प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से जो फीडबैक लिया, उसके नतीजे सामने आने लगे हैं और प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के जयपुर से रवाना होने के साथ ही 25 सितंबर को इस्तीफा देने वाले विधायकों की ओर से इस्तीफा वापस लेने की तैयारी शुरू हो गई है। बताया जाता है कि प्रभारी की ओर से दिए गए संकेतों के बाद में मुख्य सचेतक महेश जोशी ने सभी विधायकों को संदेश दे दिया है कि वह विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से मिलकर अपने इस्तीफे निजी स्तर पर जाकर वापस से लें।

दरअसल 23 जनवरी से विधानसभा का बजट सत्र भी शुरू होने वाला है। कांग्रेस को और विधानसभा अध्यक्ष डा. जोशी को यह स्पष्ट पड़ता कि जिन विधायकों ने इस्तीफे दिए थे, उनका स्टेटस क्या है। इन हालात में सत्र शुरू होते ही हंगामा होना तय था। यह भी बड़ा कारण रहा कि कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा वापस लेने की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ पहली बार राजस्थान मंत्री परिषद की बैठक हुई, जो करीब ढाई घंटे से भी ज्यादा चली और गुरुवार रात 10:45 बजे तक सरकार के मंत्री प्रभारी के सामने अपनी शिकवे शिकायतें करते रहे। बताया जाता है कि 2 दिन तक चले फीडबैक कार्यक्रम के दौरान अधिकांश विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, सांसद प्रत्याशियों और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने मंत्रियों के रवैये को लेकर नाराजगी जताई। प्रभारी रंधावा ने मंत्री परिषद की बैठक बुलाई। तो उन्होंने सभी मंत्रियों से साफ कह

- इस्तीफा वापस लेने की पहल प्रभारी रंधावा की फीडबैक बैठकों का असर है?
- इधर गुरुवार देर रात तक चली मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों के मनमुटाव और शिकवे-शिकायतें ही खुलकर सामने आईं।

दिया था कि आपको लेकर पार्टी में खासी नाराजगी है। यदि रवैया नहीं बदला तो आने वाले दिनों में कई मंत्रियों को पद से हटाया जा सकता है। वैसे भी चुनावी वर्ष में मंत्रिमंडल में एक फेरबदल होना तय माना जा रहा है। ऐसे में यदि मंत्रियों ने अभी भी अपने दरवाजे बंद रखें और पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायतें नहीं की तो उनको हटाने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त कारण होंगे।

वैसे तो प्रभारी के साथ बैठक के दौरान अधिकांश मंत्रियों ने बाहर आकर यही कहा कि कोई खास बात नहीं हुई और बजट को लेकर सुझाव मांगे गए थे। लेकिन हकीकत यह रही कि मंत्रियों के आपसी मनमुटाव प्रभारी के समक्ष खुलकर सामने आए। अधिकांश मंत्रियों की पीड़ा यह रही कि उनके कहने से अधिकारी काम तक नहीं करते। यही कारण रहा कि प्रभारी को कहना पड़ा कि मंत्रियों का काम विकेंद्रीकरण के हिसाब से होना चाहिए। जहां तक थर्ड ग्रेड शिक्षकों के तबादलों का मैटर है, तो इसे लेकर बिना किसी नीति के सरकार को कहा गया है, कि वह थर्ड ग्रेड शिक्षकों के तबादले तुरंत शुरू कर दें। क्योंकि यदि नीति बनाकर तबादले किए जाते हैं, तो उसे लेकर नाराजगी प्रकट हो सकती है, जिसका नुकसान पार्टी को आने वाले दिनों में चुनाव के समय उठाना पड़ सकता है। खुद प्रभारी ने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी नीति के कारण ही पार्टी को पंजाब में नुकसान उठाना पड़ा।

तीन दिन की फीडबैक कवायद में बहुत सारे शिकवे शिकायतें सामने आई, लेकिन सबसे बड़ी दो ही शिकायतें सामने आई, फीडबैक के दौरान मिलने वाले चाहे विधायक हो ,चाहे विधायक प्रत्याशी हो, या सांसद प्रत्याशी हो, या पार्टी पदाधिकारी रहे हो। सभी ने एक स्वर से बात कही कि यदि जल्दी ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच में सामंजस्य नहीं बिठाया गया तो पार्टी को चुनावी साल में और ज्यादा नुकसान हो सकता है। हालांकि सरकार की योजनाओं को लेकर सभी ने कहा कि योजनाओं का असर आम लोगों पर है, लेकिन पार्टी की अन्तर्कलह इन सारी योजनाओं का असर शून्य होता दिख रहा है।

वैसे भी जाने से पहले प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक बात कही है कि दोनों नेताओं के बीच में विवाद को सुलझाना उनका काम है और वह फाइव स्टार में रुकने के लिए नहीं आए हैं, और ग्राउंड रियलिटी जानकर फैसला करेंगे। रंधावा ने कहा कि संगठन और सत्ता में जहां भी सामंजस्य की जरूरत है, उसे बिठाने के लिए काम करेंगे। ऐसे में अब देखना यह है कि प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की 3 दिन की यह कवायद राजस्थान में कांग्रेस को किस ओर लेकर जाती है।

## द्रव्यवती नदी मे गंदगी और अव्यवस्था

जयपुर, 30 दिसंबर (का.सं.)। जिले की स्थाई लोक अदालत ने द्रव्यवती नदी में गंदगी व अव्यवस्थाओं से जुड़े मामले में जेडीए सचिव व टाटा प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर से 30 जनवरी तक जवाब देने के लिए कहा है। लोक अदालत ने यह आदेश ओमप्रकाश सैनी के प्रार्थना पत्र पर दिए।

- लोक अदालत ने ओमप्रकाश सैनी की इस संबंध में दायर याचिका पर जे.डी.ए. और टाटा प्रोजैक्ट को नोटिस जारी किया।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि, अमानीशाह नाले की साफ-सफाई व उसे सुव्यवस्थित करने के लिए टाटा प्रोजेक्ट को द्रव्यवती रिवर प्रोजेक्ट का काम दिया था। प्रोजेक्ट के तहत, नाले

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

**आत्मा एक चेतन तत्त्व है, जो अपने रहने के लिए उपयुक्त शक्ति का आश्रय लेता है और एक शरीर से दूसरे शरीर में जाता है। भौतिक शरीर इस आत्मा को धारण करने के लिए विवश होता है। –गेटे**

# सर्दी में अमृत समान है गर्म दूध का सेवन

दिसंबर बीतते-बीतते ठंड ने अपने पैर पसार लिए हैं। सम्पूर्ण देश इस समय सर्दी की चपेट में है। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड रही है, जिससे लोग थर-थर कांप रहे हैं। चीन में कोरोना कहर ढा रहा है। भारत में भी कोरोना से सतर्कता बरती जा रही है। सर्दी की बीमारियां भी घर-घर में फेल रही है। ऐसे में गर्म दूध का सेवन लोगों को राहत पहुंचा सकता है। रात में गर्म दूध का सेवन किसी औषधि की तरह काम करता है। दूध हर उम्र के लोगों के लिए अमृत समान है। दूध स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक और संपूर्ण आहार है। गर्म दूध के सेवन से कई फायदे मिलेंगे। दूध को गर्म करने से इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व कई गुना बढ़ जाते हैं।

आयुर्वेद में गर्म दूध के अनेक फायदे बताये गए है। विशेषकर सर्द मौसम में गर्म दूध का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। एक स्टडी के मुताबिक हर रोज एक गिलास गर्म दूध पीने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। दूध में लौंग अथवा हल्दी को मिलाकर पीने से कई लाभ हो सकते हैं। एक स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक दूध और लौंग कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। दूध फॉस्फोरस, मैग्नशियिम, आयोडीन, विटामिन-ए, डी, से भरपूर होते हैं तो वहीं लौंग में कॉर्बोहाइड्रेट, आयरन, सोडयिम की अच्छी मात्रा मौजूद होती है।

आयुर्वेद के अनुसार हल्दी मिला दूध अपने एंटी बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों के कारण बैक्टीरिया को पनपने नहीं देता। साथ ही शरीर के दर्द में आराम देता है। हाथ पैर व शरीर के अन्य भागों में दर्द की शिकायत होने पर रात को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन करें। अच्छी नींद, वजन कम, सर्दी-खांसी दूर, ब्लड सर्कुलेशन आदि का कार्य भी करता है। लौंग वाले दूध के लिए बताया जाता है यह गले के लिए फायदेमंद, शरीर में एनर्जी, कब्ज की समस्या से राहत, मुंह की बदबू दूर करने में सहायक और दांतों के दर्द से राहत का काम करेगा।

**दूध हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का जतन रखता है और सभी प्रकार के पौष्टिक तत्व पहुंचाता है जिसमें कैल्शियम, मैगनिशियम, जिंक, फॉसफोरस, ऑयोडीन, आइरन, पोटेशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी12, प्रोटीन, स्वस्थ फैट आदि शामिल है।**

सर्दी हो या गर्मी दूध स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक और संपूर्ण आहार है। यह किसी अमृत से कम नहीं है। दूध में पाए जाने वाले पोषक तत्व इसे एक संपूर्ण आहार बनाते हैं। इंटरनेशनल डेयरी जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक जो लोग रोजाना कम से कम एक गिलास दूध पीते हैं वे हमेशा मानसिक और बौद्धिक तौर पर बेहतर स्थिति में होते हैं। शाकाहारी हो या मांसाहारी, बच्चा हो या बुर्जुग सभी वर्ग के लोग दूध सेवन कर सकते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार गाय का दूध और उससे बनी चीजें, जैसे पनीर, दही, मक्खन बड़ी मात्रा में कैल्शियम और प्रोटीन प्रदान करते हैं, जो संतुलित आहार के लिए जरूरी हैं।

कैल्शियम और प्रोटीन के अलावा दूध में कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। यह विटामिन ए और डी का बेहतर स्त्रोत है। आयुर्वेद के अनुसार गाय का दूध सबसे अधिक पौष्टिक होता है। दूध आपकी भूख को शांत कर आपको मोटापे से भी छुटकारा दिलाने में बहुत सहायक होता है। दूध अपने आप में एक सम्पूर्ण आहार है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और दिमाग तेज होता है इसीलिए घर के बड़े-बुजुर्ग से लेकर डॉक्टर्स तक रोजाना दूध पीने की सलाह देते हैं।

भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि यहाँ दूध दही की नदिया बहती थी। दूध हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का जतन रखता है और सभी प्रकार के पौष्टिक तत्व पहुंचाता है जिसमें कैल्शियम, मैगनिशियम, जिंक, फॉसफोरस, ऑयोडीन, आइरन, पोटेशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी12, प्रोटीन, स्वस्थ फैट आदि शामिल है।

ये बहुत ही ऊर्जायुक्त आहार होता है जो शरीर को तुरंत ऊर्जा उपलब्ध कराता है क्योंकि इसमें उच्च गुणवत्ता के प्रोटीन सहित आवश्यक और गैर-आवश्यक अमीनो एसिड और फैटी एसिड मौजूद होता है। भारत का विश्व दुग्ध उत्पादन में 18 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में कृषि के बाद डेयरी उद्योग की प्रमुख भूमिका है। भारत में कुल दूध का यहां 17 प्रतिशत से भी ज्यादा उत्पादन किया जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल शनिवार 31 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, रेवती नक्षत्र दिन 11:47 तक, परिद्य योग प्रातः 8:19 तक, कौलव करण सांय 6:34 तक, चन्द्रमा दिन 11:47 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-मकर, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 11:41 से आरम्भ होंगे। आज श्री हरि जयन्ती है। पंचक दिन 11:47 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:37 से 9:54 तक, चर 12:29 से 1:47 तक, लाभ-अमृत 1:47 से 4:22 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:39

### मेष


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। मन:स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष


आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### मिथुन


व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कर्क


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह


अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कन्या


महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के आरम्भ से करने का प्रयास करे। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम भाव में चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### तुला


परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### वृश्चिक


विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। मन का भय दूर होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु


घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ


व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### मीन


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक समस्या का समाधान होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# निरीह निम्न व निम्न-मध्यम, आय-वर्ग कर दाता

अखवार में छपी एक खबर के अनुसार भारत सरकार का वित्त मंत्रालय आयकर की दरों में कुछ बदलाव करने की सोच रहा है। क्या सरकार सोते से एकदम जागी, कि आयकर की दरों/श्रेणिओं में कुछ बदलाव करना अब आवश्यक है? क्या कार क्रय ,घर क्रय, प्लाट क्रय और हवाई विदेश यात्रा में शामिल व्यक्ति कोई टैक्स नहीं भरता ? सच्चाई से परे है, आयकर न सही अन्य टैक्स तो उन मुद्दों पर देता ही है।

यह त्रासदी है इस देश की जिनसे आयकर लेना है उनसे अथवा उनके किसी वर्ग या प्रतिनिधि संस्था से कोई फीड बैक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती? फीड बैक लेते हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट की किसी संस्था से। क्या गरीब तबका अपनी कोई सोच नहीं रखता? सरकार की सोच तो राजस्व अधिक से अधिक एकत्रित करने की होती है, उनकी बला से चाहे कोई कितना ही व्यतिथ हो?। विगत कुछ सरकारों में यह देखा गया है कि आय कर हो अथवा जी एस टी, कोई लॉजिकल सोच और सर्वे आधारित व्यवस्था नहीं। आर्थिक सर्वे थोते और वास्तविकता से परे होते हैं । जीएसटी की दरें भी अव्यवहारिक? इतनी ऊंची दर लोगों को बेईमानी करने को बाध्य करती हैं।

व्यक्ति कोई उद्योग, नौकरी, बिज़नेस आदि करता है अपना और अपने परिवार के भरण पोषण के लिए,न कि सरकार को पोषित करने के लिए। एक विश्व विद्यालय का प्रोफेसर विगत वर्षों में अपने एक बच्चे को किसी अच्छे बिज़नेस स्कूल अथवा मेडिकल, इंजिनीरिंग/टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट में नहीं पढ़ा पाया अपने वेतन के धन से। फिर उससे कनिष्ठ लोगों की तो बिसात क्या? इसलिए सरकार से मेरा पहला सबाल है कि नामी गिरामी शिक्षा के केंद्र किसके लिए खोले हैं? निश्चित ही धनाढ्य वर्ग के लिए इसमें कोई संशय नहीं। इस विचार से इस लेख के मेरे पाठक सहमति ही व्यक्त करते नजर आएंगे।

अब बात करते हैं अभी तक लागू आयकर की दरें और श्रेणिओं की। मैं सबसे निम्न और ठीक उससे ऊपर की श्रेणी की तरफ ही पाठकों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करूँगा। वर्तमान में पहली श्रेणी ढाई लाख से पांच लाख की है और उस पर आय का कर है 5 प्रतिशत। ढाई लाख वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं। इससे बड़ी मेहरवानी सरकार की और क्या हो सकती है? न जीने दे ठीक से और न मरने दे। वित्त मंत्री यदि इस वर्ग पर भी कुछ प्रतिशत और टैक्स बढ़ा दें, तो कौन रोकने वाला है?। फिर 5 लाख से 10 लाख आय वर्ग पर आयकर की दर उछल कर 20 प्रतिशत है, श्रेणी में ऐसी उछाल और उसकी दर मैंने अपने 55 वर्ष के प्रोफेशनल जीवन में पहली बार देखी। सरकार ने ही एक गरीब की वार्षिक आय गरीब कहलाने के लिए 8 लाख तक निश्चित कर रखी है। अर्थात 5 लाख से 3 लाख अधिक। मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या ऐसा गरीब पहले 5 प्रतिशत आय कर 5 लाख तक और फिर बाकी 3 लाख पर 20 प्रतिशत आय कर भरता है? वित्त मंत्री अथवा प्रधान मंत्री से यह आग्रह करता हूँ कि वे जनता और विशेष कर निम्न और निम्न-मध्यम आय वर्ग को इस बाबत समुचित स्पष्टीकरण कर संतुष्ट करें, क्योंकि यह समूह सबसे बड़ा है आय कर की दृष्टि से। निम्न और ठीक उससे ऊपर मध्यम आय वर्ग विशेष कर वेतन भोगी निरीह प्राणी है जितना चूसना हो सरकार चूस ले। यह वर्ग सदैव चुसता रहा है। अभी कुछ समय पूर्व अखवार में एक खबर छपी थी कि देश में 4 करोड़ गरीब बढ़ गये। आश्चर्य जनक खबर थी। सरकार के गरीवों के लिए अनगनित प्रोग्रामों के चलते गरीब घटने की बजाय बड़े कैसे? और जनप्रतिनिधिओं की संपत्ति एक ही कार्य काल में तिगुनी तक किस फॉर्मूले से बढ़ जाती है? जनता द्वारा टैक्स नहीं भरने के अनौचित्य तो वे बताते नहीं दीखते परन्तु उन्होंने अपने साथी सांसद और विधायकों की संपत्ति में इजाफा और स्वत: टैक्स नहीं भरने की व्यथा कभी प्रकट नहीं की ऐसा करना क्या आवश्यक नहीं है?



**प्रो. डॉ. वीर बहादुर सिंह**

एक सम्पादकीय में मैंने पूछा था कि चार करोड़ गरीब देश में कैसे बढे, कहाँ से आये । इस बाबत मेरा दृष्टिकोण अलग है। ये वे नए गरीब थे जो मध्यम आय वर्ग से निम्न आयवर्ग और फिर धीरे दे खिसक कर गरीब श्रेणी में दाखिल हो गए । ऐसा लोगों का खिसकना पार्टी इन पावर के लिए हितकारी होता है क्योंकि गरीब बनते ही सरकार के अनेक प्रोग्राम का उसे लाभ मिलना आरम्भ हो जाता है और वह सरकार का मोस्ट बफादार और उस पर पार्टी विशेष का पक्का वोट बैंक। है न अच्छी स्कीम, अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए।

ऐसा नहीं है कि सभी लोग इसी प्रकार सीढ़ी उतरते हों। तथाकतिथ धनाढ्य और उद्योगपति सीडी ऊपर ही चढ़ते हैं नीचे नहीं उतरते। जब तक कि व्यवसाय में दिवाला न निकल जाय लेकिन ऐसा कम ही होता है। देश के गणमान्य अर्थशास्त्रिओं से अनुरोध है कि वे अपनी विषय विशेषज्ञयता से हम जैसे अनाड़ी और अनभिज्ञ व्यक्ति को संतुष्ट करने की कृपा करें।

वर्तमान परिस्तिथिओं में 10 लाख की वार्षिक आय पर जीरो आय कर होना समय की मांग है। अन्यथा केंद्रीय सरकार को अगले चुनाव के बाद सोचने के लिए जनता द्वारा आज से कही अधिक समय उपलब्ध कराने की सम्भावना कहीं न बना दे? मंहगाई आसमान छू रही है, पेट्रोल डीजल के भाव और बिजली की दरें असामान्य रूप से लॉजिकल न होकर बहुत अधिक हैं। जीवन उपयोगी सभी वस्तुएं सामान्य व्यक्ति के लिए दूभर होती जा रहीं हैं। केवल दाल, सब्जी फल आदि की दैनिक मूल्यों में कमी के। ढ़िढोंरे पीटना सरकार बंद करे।

आम आदमी दाल और पतली तरकारी खा कर काम चला लेता है लेकिन इनके अलावा और भी अनेक खर्चे परिवार के लिए करने होते हैं। बाजार में उपभोक्ता के लिए कीमतें उसकी पहुँच से या तो बाहर हो चुकी है या होने जा रही हैं।

सोशल मीडिया पर यह डिमांड जोर पकड़ रही है कि आय कर के विषय में एक बृहत समिति सभी श्रेणिओं की आयकर दाताओं की बने और वहां पर सभी आयकर सम्बन्धी पहलुओं पर संवाद के बाद आय पर कर दरों का निर्णय हो।

पहला सुझाव है कि सरकार अपने खर्चे कम करे, जितने भी इल्लॉजिकल संस्थाएं बना रखी हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना जरूरी है। जिनमे कई न्यास व् आयोग, किसान, विधि कृषि लागत व् उत्पाद मूल्य, आदि, जब पहले से ही भारी भरकम भीमकाय मंत्रालय व् सम्बंधित विशालकाय सचिवालय और उनके निदेशालय मौजूद हों फिर इस अनावश्यक संस्थानों की क्या जरूरत? सांसद और विधायकों की संख्या 25 से 30 प्रतिशत तक 2024 के चुनाव से ही कम की जावे। आवागमन और संचार साधनों के विकास से एक जन प्रतिनिधि अब कहीं अधिक विस्तृत क्षेत्र को संभाल सकता है। जब देश जनप्रतिनिधिओं पर दो सौ अरब प्रतिवर्ष खर्च कर रहा है, इसलिए जन प्रतिनिधिओं की पेंशन तुरंत बंद हो और इनके वेतन भत्ते आदि की आय इनकम टैक्स परिधि में लाई जावे।

प्रधान मंत्री जी कृपया सभी वेतन भोगिओं को पुरानी पेंशन पुन: लागु कर नई पेंशन स्कीम को सरकार समाप्त उसमे जमा धन राशि सम्बंधित प्रदेशों/विभागों को वापिस करे और तत्पश्चात पेंशन टैक्स फ्री की जावे।

हमें स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा जैसा मुख्यमंत्री और मोरारजी भाई जैसा प्रधान मंत्री चाहिए जो विलासता और उससे सम्बंधित वस्तुओं पर कड़े कराधान कर राजस्व अर्जित करे, तथा सामान्य व् निचले वर्ग के आर्थिक और सामजिक सत्तर के उत्थान पर कार्य करे।

सामान्यत: और हैंड टू माउथ रहने वाले लोगों की जिंदगी से सरकार खेलना छोड़े। जब तक देश की निचले और निम्न-मध्यम आय के लोगों की आर्थिक दशा नहीं सुधरेगी तब तक जिंदगी तो लोग जियेंगे लेकिन खुशहाल नहीं कहलायेंगे, क्योंकि अत्याधुनिक सुविधाएँ छोटे और मध्यम आय वर्ग के किसी काम की नहीं। अभी इतना ही।

**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ**
**एम.पी.यू.ए.टी उदयपुर**

## गौशाला को 90 क्विंटल चारा दिया

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। अलवर जिले के नीमराणा कस्बे के नजदीकी बाबा शरणाईनाथ गौशाला खेड़ी कांटी में भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ द्वारा लगभग 90 क्विंटल चारा व गोशाला कर्मचारियों को 25 कंबल आदि गर्म कपड़े उपलब्ध कराए। गौशाला प्रबंधक पहाड़ी नाथ ने बताया कि गौशाला में चारे का अभाव होने की वजह से उन्होंने भामाशाहों को अवगत कराया जिससे भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ अध्यक्ष कृष्ण कुमार, पूर्व अध्यक्ष प्रेम सेन, संगठन मंत्री राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष राकेश, गो भक्त सुरेंद्र यादव तथा गौशाला स्टाफ के महिला, पुरुष एवं बच्चों को 25 कंबल सहित टोपे व स्वेटर आदि गर्म वस्त्र देते हुए 77945 रुपए का लगभग 90 क्विंटल चारा गायों के लिए उपलब्ध कराया गया।

# पंजाब के मुख्यमंत्री मान जैसलमेर पहुंचे

**जोधपुर/जैसलमेर,** (का.सं.)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार दोपहर जैसलमेर पहुंचे। वे अपने परिवार के साथ जैसलमेर निजी यात्रा पर घूमने आये हैं। वे जैसलमेर के चांधन स्थित खजूर के बागान में बने डेट फॉर्म में रुके । भगवंत मान के साथ उनकी पत्नी और परिवार के सदस्य हैं।

**■ शनिवार को मान परिवार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो जाएगा**

जैसलमेर पहुंचने पर प्रोटोकॉल के तहत जिला कलेक्टर टीना डाबी ने उनकी अगवानी की। शनिवार को मान परिवार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। डेट फॉर्म हाउस के आर्यमन ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवंत मान पहली बार जैसलमेर आये हैं ।



**जैसलमेर पहुँचने पर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने मान परिवार की अगवानी की।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। आज दोपहर बाद जैसलमेर के लिए रवाना हो गए । वे बीकानेर - नागौर सड़क मार्ग से जोधपुर आए। यहां से सीधे उम्मेद भवन पैलेस में रुके।

कुछ देर आराम के बाद उन्होंने जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस की विजिट भी की। उनके साथ उनकी पत्नी व परिवार के सदस्य हैं। इस दौरान मान ने मीडिया से भी दूरी बनाए रखी। आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेताओं को भी उनके कार्यक्रम की जानकारी नहीं थी। शाम को कड़ी सुरक्षा में उन्होंने मेहरानगढ़ किला भी देखा।

# करौली में रोज बिक रही है आठ से दस क्विन्टल गजक

## गजक जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद के अलावा पाकिस्तान, चीन, श्रीलंका, रूस, अमेरिका तक पहुंच रही है

**करौली,** (नि.स.) । सर्दी के दिनों में बिकने वाली करौली की मशहूर तिल की गजक विदेशों तक पहुंच रही है।

हर शहर में वैसे तो मिठाइयां और गजक बिकती हैं लेकिन करौली की सर्दी के दिनों में बिकने वाली गुड तिली , गुड़ शक्कर के साथ बनने वाली गजक यही जिले और राज्य में ही नहीं विदेशों तक नाम कमा रही है वैसे तो यहां गजक बनाने वालों की संख्या कम है लेकिन बेचने वालों की संख्या करीब 40 से 50 लोग सर्दी के दिनों में ठेला और दुकान लगाकर गजक बेचते हैं । ठेलो और दुकानों से प्रतिदिन करीब आठ से 10 क्विंटल गजक 150 रुपये किलो से लेकर 400 रुपये किलो तक के भाव से बिकती है । प्रतिदिन करीब 2 से करीब 2.50 लाख रुपए की गजक बिकती है।गौरतलब यह है कि करौली की गजक इतनी प्रसिद्ध हो चुकी है की करौली जिले आस-पास के जिलों और राजस्थान के बड़े शहरों जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद के अलावा विदेशों पाकिस्तान, चीन, श्रीलंका, रूस, अमेरिका तक करौली की गजक इन सर्दी के दिनों में पहुंचती है । यहां 15 से 20 परिवार गजक बनाने का काम करते हैं लेकिन खासतौर से अनवर गजक और मौला गजक के नाम से बिकने वाली गजक सबसे अधिक प्रसिद्ध गजक है। जिनके यहां शुगर फ्री भी गजक बनाकर बेची जा रही है। जिसको शुगर की बीमारी वाले लोग भी इन सर्दी के दिनों में गजक का आनंद लेते हैं इसके अलावा जमील गजब,वसीम गजक भण्डार,संत गजक,जलाल गजक,नूरा गजक के नाम से गजक बाजार में बिक रही है ।



**करौली में तिल की गजक बनाता अनवर भाई का परिवार।**

गौरतलब यह है कि तिल से निर्मित गजक बहुत मेहनत से बनती है यहां के अनवर गजक के नाम से प्रसिद्ध गजक वाले के यहां पहुंचकर संवाददाता ने जाकर पूरी जानकारी ली और उनके बनाने के कारखाने पर पहुंचकर गजक बनाते हुए अनवर खान और उनके पुत्रों सहित कर्मचारियों को कैमरे में कैद किया जिनकी मेहनत सराहनीय है जो प्रतिदिन प्रात: ही मेहनत कर गजक बनाते हैं और दिन में ठेला लगाकर बाजार में बेचते हैं ।

# सर्दी में गाजर से एक एकड़ में डेढ़ लाख तक की इनकम हो जाती है : राकेश

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गंगानगर को राजस्थान का पंजाब, राजस्थान का अन्नदाता और अन्न का कटोरा भी कहा जाता है। इंदिरा गांधी नहर ने इस रेगिस्तानी जिले की तकदीर बदली और सिंचित होकर दोमट मिट्टी ने गेहूं, चना और गन्ना खूब उपजाया। बदलते दौर में अब यहां के किसान परंपरागत खेती से मुनाफे की खेती की ओर रुख करने लगे हैं।

मंडी में शोर-शराबे के बीच लाल गाजरों को बोरों में भरकर तैयार किया जा रहा था। गंगानगर शहर से करीब 7 किलोमीटर पंजाब रोड पर चलने के बाद किसानों की प्राइवेट गाजर मंडी (साधुवाली) नजर आई। यह मंडी यहां के किसानों ने ही डेवलप की है। यहां गाजर किसान अपनी उपज लाते हैं । रेट पता किया तो खरीददार ने कहा इस वक्त 9 से 11 चल रहा है। यहां हर दिन करीब साढ़े 7 हजार टन गाजर की बिक्री होती है।

पंजाब के रूपनगर गांव में रहने वाले किसान राकेश बेनीवाल साधुवाली गाजर मंडी में मिले । राकेश ने बताया कि वह श्रीगंगानगर से 50 किलोमीटर दूर पंजाब-राजस्थान बॉर्डर के गांव रूपनगर (पंजाब) में रहते हैं। गंगानगर के खखा गांव तक उनके खेत हैं। रूपनगर पंजाब में है और खखा गांव गंगानगर में। वहां 11 साल से गाजर उगा रहा हूं। पंजाब और राजस्थान में जमीनें(खेत) लीज पर लेकर खेती की है। 2020 में तो 100 एकड़ जमीन लेकर गाजर उगाई थी। अब सुन रहे हैं कि कई देशों में कोरोना फैल रहा है। इसलिए इस बार रकबा घटाकर आधा कर दिया है।

**■ पंजाब से गंगानगर आए राकेश बेनीवाल के खेतों से रोजाना दो से तीन ट्रॉली गाजर मंडी पहुंच रही है**

राकेश ने बताया कि खेतों में मजदूर गाजर उगाते हैं। उनकी मॉनिटरिंग करता हूं। खेत से निकली सारी गाजर गंगनगर (इंदिरा गांधी नहर) के पास इकट्ठी कर लेते हैं। यहां धुलाई मशीनें लगा रखी हैं। यहां 5-6 वर्कर गाजर धोने का काम करते हैं। इसके बाद इन्हें बोरों में भरकर ट्रैक्टर से साधुवाली मंडी के लिए रवाना कर देते हैं। इन दिनों गाजर का सीजन है। ऐसे में अकेले राकेश बेनीवाल के खेतों से रोजाना दो से तीन ट्रॉली गाजर साधुवाली मंडी पहुंच रही है।

श्रीगंगानगर में पानी की पर्याप्त मात्रा के कारण यह गाजर बेहद लाल और रसीली होती है। अपनी मिठास और रंग के कारण गंगानगरी गाजर की देशभर में डिमांड है।

ऐसे में किसानों ने परंपरागत खेती छोड़कर गाजर की फसल बोना शुरू किया है। राकेश ने बताया कि गाजर की खेती 3 महीने में फसल तैयार जाती और इसमें अच्छी इनकम भी मिल रही थी। गाजर की खेती से 3 महीने में 70 हजार से डेढ़ लाख तक की इनकम हो जाती है। गाजर वेट और रेट अच्छा मिल जाए तो किसान की आय दोगुनी-तीन गुनी हो सकती है। राकेश ने बताया कि सर्दी के वक्त गाजर से एक एकड़ में डेढ़ लाख तक की इनकम हो जाती है। इस वक्त हर महीने 10 लाख तक का प्रोफिट हाथ आ जाता है।

राकेश ने बताया कि बीज तैयार करने के दौरान जो गाजर वेस्टेज के रूप में निकली उसी से 80 हजार का फायदा हो गया। इसके बाद गाजर की खेती की तरफ मेरा रुझान बढ़ गया।

# त्यागपत्र खेल के प्रायोजक न्यायालय का सामना करने की स्थिति में नहीं थे : राजेन्द्र राठौड़

## ‘इसीलिये अब इस्तीफे वापस लिये जाने की सुनियोजित योजना को अंजाम दे दिया गया है’

- राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष 2 जनवरी को सूचीबद्ध 91 विधायकों के त्यागपत्र के संबंध में प्रतिपक्ष उपनेता ने दिया वक्तव्य
- ‘त्यागपत्र के एक लाइन के निर्धारित प्रारूप का परीक्षण करने में ही स्पीकर को 90 दिन लग गये’
- ‘मैं उच्च न्यायालय से यह मांग करूँगा कि संवैधानिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के साथ किए गए इस सुनियोजित विश्वासघात में भूमिका निभाने वाले सभी व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए और उन्हें न्यायालय की ओर से प्रताड़ित भी किया जाए।’

**जयपुर।** प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय में दो जनवरी को सूचीबद्ध 91 विधायकों के त्यागपत्र के संबंध में वक्तव्य दिया कि 25 सितंबर 2022 को 91 विधायकों ने स्वयं उपस्थित होकर अपने हस्ताक्षरों से त्यागपत्र विधानसभाध्यक्ष को सौंपे थे। यदि विधायक ने अपनी सीट से इस्तीफा देने का निर्णय कर स्वयं उपस्थित होकर स्पीकर को त्यागपत्र सौंपा तो उसमें कोई जांच आवश्यक नहीं थी। ना तो ये संभव है कि 91 विधायकों से जबरन इस्तीफा लिखा लिए गए हो और ना ही यह संभव है कि 91 विधायकों के हस्ताक्षर कूटरचित कर दिए गए हों। विधानसभा प्रक्रिया नियम 173 के अनुसार उन्हें तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लिया जाना आवश्यक था। त्यागपत्र के एक लाइन के निर्धारित प्रारूप का परीक्षण करने में ही 90 दिन लग जाएं, यह तथ्य साबित करता है कि उच्च न्यायालय के समक्ष 2 जनवरी 2023 को सूचीबद्ध हो रहे प्रकरण में त्यागपत्र खेल के प्रायोजक इस कारगुज़ारी के लिए न्यायालय का सामना करने की स्थिति में नहीं थे और इसलिए अब इस्तीफ़े वापस ले लिए जाने की सुनियोजित योजना को अंजाम दे दिया गया है।

उन्होंने वक्तव्य में कहा कि पिछले 90 दिनों से राजस्थान में एक ऐसी सरकार अस्तित्व में रही है जिसको स्पष्ट रूप से सदन का विश्वास हासिल नहीं था, तुरंत प्रभाव से दिया गया इस्तीफा वापस लिए जाने का क़ानून में कोई प्रावधान नहीं है और ना ही कोई प्रक्रिया त्यागपत्र वापस लिए जाने बाबत दी गई है। वैसे भी जिस विधायक ने इस्तीफा दिया है उसे विधायक पद पर बने रहने के लिए स्पीकर कानूनन मजबूर नहीं कर सकते थे। यह इस्तीफा देने वाले विधायक की नैतिकता होनी चाहिए कि इस्तीफा देने के बाद वह उसकी स्वीकृति का इंतजार न करें। इस दौरान इन सभी विधायकों ने नैतिकता को ताक में रखते हुए राजकीय सुविधाओं का पूरा-पूरा लाभ लिया है, और नीतिगत निर्णय किए हैं। इन 91 विधायकों के नाम जनता के समक्ष उजागर किए जाने चाहिए ताकि जनता को भी यह पता चले कि उनके द्वारा सदन में भेजा गया सदस्य अपने स्वार्थ के लिए उनके भरोसे और जन भावना के साथ किस कदर खिलवाड़ कर सकता है ताकि अगले चुनावों में जनता उसको कठोर सबक़ सिखा सके। विधायक से अपेक्षित होता है कि वह उसे जिताकर सदन में भेजने वाले नागरिको और संविधान के प्रति पूरी ईमानदारी से प्रतिबद्ध रहे। ये सभी 91 विधायक कम से कम 90 दिवस में ली गयी सरकारी सुविधाओं और वेतन को तो वापिस राजकोष में जमा करवाएं। इन सभी विधायकों ने सुनियोजित रूप से संविधान के साथ षड्यंत्रपूर्वक एक खेल खेला और अब प्रकरण उच्च न्यायालय में सुनवाई हेतु सूचीबद्ध होने पर न्यायिक प्रक्रिया के संभाव्य गम्भीर परिणामों से डर कर त्यागपत्र वापस लिया जाना साबित करता है कि यह इस्तीफ़ा कांड ना केवल एक अनैतिक कृत्य था बल्कि संविधान, संवैधानिक प्रक्रिया और प्रजातांत्रिक व्यवस्था के साथ सामूहिक रूप से एक खुला धोखा कारित किये जाने के समकक्ष है। इस दिखावटी और बनावटी इस्तीफा कांड की मैं भर्त्सना करता हूँ। ऐसे गम्भीर संवैधनिक विषयों में प्रदर्शित किए गए असंवैधानिक आचरण से व्यथित होकर मुझे उच्च न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होना पड़ा, लेकिन न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने से प्रजातांत्रिक प्रक्रिया को येन केन सत्ता में बने रहने का औज़ार समझने वालों का वास्तविक चेहरा सामने आ गया। मेरी जनहित याचिका के अनुसार मैं उच्च न्यायालय से यह मांग करूँगा कि संवैधानिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के साथ किए गए इस सुनियोजित विश्वासघात में भूमिका निभाने वाले सभी व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए और उन्हें न्यायालय की ओर से प्रताड़ित भी किया जाए।

# जयपुर में जुटेंगे देश-विदेश के 3000 गैस्ट्रोएंटरॉलजिस्ट




कॉन्फ्रेंस के बारे में ( बायें से ) डॉ. अनुराग गोविल, डॉ. रमेश रूप राय, डॉ. संदीप निझावन, डॉ.अमित माथुर और डॉ. मुकेश कल्ला ने जानकारी दी।

- इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से जयपुर में 5 जनवरी को चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 का आयोजन
- चीफ गेस्ट के रूप में अभिनेता अमिताभ बच्चन शामिल होंगे

**जयपुर,(कासं)।** पेट से जुड़ी बीमारियों के इलाज में आई नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए आगामी 5 से 8 जनवरी तक देश-विदेश के नामी गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट जयपुर में जुटेंगे। इंडियन सोसयटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 63वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन 2023 का आयोजन होने जा रहा है। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से 3 हजार से अधिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्च बतौर चीफ गेस्ट शिरकत करेंगे।

कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. रमेश रूप राय ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में एकेडमिक्स के साथ कई तरह की एक्टीविटीज शामिल की गई हैं। चार दिनों में कई सेशन होंगे जिसमें अलग-अलग देशों की सीनियर फैकल्टी नई रिसर्च और अन्य जानकारियां साझा करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में यूरोप के डॉ. पाओलो एंजली, यूएसए से डॉ. अनिता अफजाली और डॉ. नोरा टेरॉट, मलेशिया से डॉ. रुनसुन, जर्मनी से डॉ. हेलमट न्यूमन, डॉ. गेरॉल्ड हॉल्टमैन और जापान से यामा मोटो जैसे नामी गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट आ रहे हैं।

कॉफ्रेंस के ट्रेजरार डॉ. मुकेश कल्ला ने बताया कि इस दौरान हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सेशन भी होगा जिसमें नई तकनीकों को से सिम्युलेटर पर प्रयोग किया जाएगा। इसमें ईयूएस, हीमोक्लिप, सुपरफेशियल स्टमक कैंसर ट्यूमर रिमूवल जैसे प्रोसीजर्स किये जाएंगे। कॉन्फ्रेंस के जॉइंट ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. अनुराग गोविल और डॉ. अमित माथुर ने बताया कि एकेडमिक्स के अलावा गेस्ट्रो रन, गोल्फ टूर्नामेंट, सुपर सिंगर और फोटोग्राफी से जुड़ी एक्टीविटीज भी की जाएंगी।

## हीराबा के निधन पर संवेदना जताई

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी हीरा बा के निधन पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है।

सतीश पूनियां ने कहा कि, माँ...शब्द में ही जैसे सृष्टि समायी है, वो दैविक शक्ति स्वरूपा होती हैं, आदरणीय हीरा बा ने संघर्ष, त्याग और सादगीपूर्ण जीवन से गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के लिये आगे बढ़ने की प्रेरणा का कार्य किया है, हम सभी देशवासियों और नई पीढ़ी के लिये उनका सादगी से परिपूर्ण जीवन हमेशा संबल एवं प्रेरणा का कार्य करेगा।

भारतीय जनता पार्टी राजस्थान परिवार और राजस्थान प्रदेश की जनता की तरफ से माँ हीरा बा को भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना है कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबल प्रदान करें।

# सांसद हनुमान बेनीवाल के घर चोरी करने वाले तीन बाल अपचारी पकड़े

- जालूपुरा थाने से महज 30 मीटर दूर स्थित सरकारी आवास में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई थी चोरी
- चोर घर की आलमारी तोड़कर डेढ़ लाख रुपए, सोने के चार कंगन, 4 अंगूठियां, चांदी के सिक्के, एंटीक वस्तुएं, रसोई और बाथरूम में लगे नल और रजाई-कम्बल तक चुरा ले गए थे

**जयपुर (कासं)।** लोकसभा सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के जालूपुरा स्थित घर में लाखों रुपये के चोरी मामले में जयपुर पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को पकड़ा है। पुलिस ने निरूद्ध बाल अपचारियों के कब्जे से चांदी जैसी धातू के 23 सिक्के, एक मुकुट, 4 कटोरदान, एक चम्मच, पांच कम्बल, दो ट्रॉली बैग, टॉवल पैकेट, बड़ा टेडी बियर, 2 शॉल, 24 दुप्पटे, चप्पल जोड़ी, 9 नल पार्ट्स तथा टायर वाला खिलौना बरामद किया है। फिलहाल बाल अपचारियों से शेष माल के बारे में पूछताछ की जा रही है।

दरअसल जयपुर पुलिस कमिश्नरेट से महज 100 मीटर दूर स्थित सांसद हनुमान बेनीवाल के सरकारी आवास में गुरुवार दोपहर को चोरी की वारदात हुई थी। इस घर से मात्र 30 मीटर की दूरी पर जालूपुरा थाना है, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। बताया जा रहा है कि चोरों ने घर से लाखों रुपये की नकदी, ज्वेलरी और एंटीक सामान पार किया था। घटना की जानकारी सामने आने के बाद सांसद हनुमान बेनीवाल की तरफ से शुक्रवार सुबह रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वारदात को लेकर नागौर सांसद ने ट्वीट कर पुलिस पर भी निशाना साधा।

बेनीवाल ने रिपोर्ट में बताया कि चोर घर की आलमारी तोड़कर डेढ़ लाख रुपए, सोने के चार कंगन, 4 अंगूठियां, चांदी के सिक्के, एंटीक वस्तुएं, रसोई और बाथरूम में लगे नल और रजाई-कम्बल तक चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, शुक्रवार देर शाम पुलिस ने तीन बालअपचारियों को पकड़कर कुछ माल बरामद किया। उधर शुक्रवार को सांसद हनुमान बेनीवाल ने ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को भी घेरा। बेनीवाल ने बताया कि उनका घर थाने से 30 मीटर की दूरी पर है। जयपुर कमिश्नरेट में सांसद के घर चोरी हो रही है तो फिर आम लोगों का क्या हो रहा होगा?

# प्रदेश में 3 नए करोना संक्रमित मिले शुक्रवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को 3 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इस दौरान बेहतर रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 73 रह गए हैं। राहत की बात यह भी है कि पिछले कई दिनों से राज्य में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 2 जिलों में 3 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 8 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में 2 और उदयपुर में 1 नया संक्रमित मिला है। जयपुर में कालवाड़ और पावटा में 1-1 संक्रमित पाया गया है। उधर प्रदेश में 3236 जांचे की गई है। इससे पहले गुरूवार को 9653 जांचे की गई थी।

प्रदेश में पिछले कई दिनों से रिकवरी में आ रही गिरावट के बाद शुक्रवार को इसमें सुधार हुआ है। इस दौरान राज्य में 21 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 73 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में आज 20 मरीजों के रिकवर होने से अब एक्टिव केस 58 बचे हैं। प्रदेश में शुक्रवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कामां में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने कामां विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र दिया।

मेवाती ने बताया कि भरतपुर जिले के कामां विधानसभा क्षेत्र के गांव आरदूका तह. पहाड़ी में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मात्र एक ही अध्यापक पिछले दो वर्षों से 358 छात्र-छात्राओं को पढ़ा रहा है। जिस कारण गांव के कई छात्र-छात्राओं ने अध्यापकों की कमी के कारण अपना स्थानान्तरण प्रमाण पत्र लेकर किसी अन्य विद्यालय में पढ़ने जा रहे हैं, जो कि गांव से लगभग 10-12 कि.मी. दूर स्थित है।

मेवाती ने कहा कि वर्तमान कामां विधायक शिक्षा राज्यमंत्री भी है, उनको गांव आरदूका के ग्रामीणों ने कई बार स्वयं से मिलकर अध्यापक लगाने की गुहार की, लेकिन शिक्षा राज्यमंत्री द्वारा भेदभावपूर्ण नीति से कार्य कर रहीं हैं, जिसके कारण गांव के लोगों में भारी आक्रोश है।

मेवाती ने कहा कि यदि 7 दिवस में कामां विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में रिक्त पदों पर अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो उनकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा राज्यमंत्री के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

## 200 शैक्षणिक पद सृजित

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 11 अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में 200 शैक्षणिक पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 के तहत इन पदों का सृजन किया गया है। उक्त स्वीकृति से प्रदेश के 11 तकनीकी महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि हो सकेगी तथा आवश्यक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले लोगों को रोजगार भी प्राप्त हो सकेगा।

प्रस्ताव के अनुसार, आर.टी.यू. कोटा में 44, एमबीएम जोधपुर में 43, सी.टी.ए.ई. उदयपुर में 16, एमएलवीटीई अभियांत्रिकी महाविद्यालय भीलवाड़ा, अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर एवं अजमेर में 15-15, अभियांत्रिकी महाविद्यालय बांसवाड़ा में 12, यूसीईटी बीकानेर, अभियांत्रिकी कॉलेज बीकानेर, महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में 10-10 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। सृजित शैक्षणिक पदों पर मिलने वाला मासिक वेतन लगभग 29 हजार रुपये से शुरू होगा तथा 9 वर्ष पूर्ण करने पर 50 हजार रुपये होगा।

## फाइनेंशियल एडवाइजर सहित सात गिरफ्तार

**जयपुर।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत लेने के मामले में जयपुर और गंगानगर सहित 9 जगहों पर कार्रवाई करते हुए साउथ वेस्टर्न कमांड के इंटीग्रिटेड फाइनेंशियल एडवाइजर और अकांउट ऑफिसर उमाशंकर कुशवाह सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने आरोपियों से तलाशी के दौरान 40 लाख रुपए बरामद किए हैं।

# ‘गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होंगे राजस्थान के 116 एनसीसी कैडेट्स’



दिल्ली परेड में भाग लेने वाले कैडेट्स का एनसीसी राजस्थान के उप महानिदेशक एयर कमोडोर ललित कुमार जैन ने जयपुर में शुक्रवार को निरीक्षण किया।

**जयपुर (कासं)।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाली परेड और प्रधानमंत्री रैली में एनसीसी निदेशालय राजस्थान के कैडेट्स भी शामिल होंगे। एनसीसी राजस्थान के उप महानिदेशक एयर कमोडोर ललित कुमार जैन ने बताया कि इस बार राजस्थान से 116 कैडेट्स का चयन दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए किया गया है। इनके साथ ही 61 गर्ल्स कैडेट्स का बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी का एक दल भी वहां जाएगा। कैडेड्स यहां से शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना होंगे और 31 जनवरी तक वहीं रहेंगे।

जैन ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स का चयन निदेशालय के तहत कोटा, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर एनसीसी मुख्यालय के 65 हजार कैडेट्स में से किया गया है। चयन समिति में एनसीसी निदेशालय के निर्देशक कर्नल जितेन्द्र कुमार शौर्य चक्र ग्रुन कैप्टेन नीरज अम्बा, कमान अधिकारी, वन राजस्थान एयर स्क्वाड्रन एनसीसी जयपुर और राजस्थान की अन्य एनसीसी इकाईयों के अधिकारी शामिल थे। गणतंत्र दिवस परेड में राजस्थान के सीनियर डिविजन और जूनियर डिविजन के कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

अपनी दिल्ली प्रवास के दौरान ये कैडेट्स विभिन्न सैन्य विद्याओं जैसे गार्ड ऑफ ऑनर, कर्तव्य पथ परेड, प्रधानमंत्री रैली और अपनी सेनाओं से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों युद्ध क्षेत्र में कार्यवाही का संचालन, एयरोमॉडलिंग में रिमोट कंट्रोल उड़ान, विभिन्न वायुयानों के लघु प्रारूप् बनाने के साथ ही नौसेना के कैडेट्स विभिन्न जलयानों के लघु प्रारूप बनाने की विधा का प्रदर्शन करेंगे।

वन राजस्थान आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी, बीकानेर के 5 कैडेट्स घुड़सवारी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शिविर में कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न कसौटियों पर उन्हें परखते हुए तीनों सेनाओं के बेस्ट कैडेट्स का चयन किया जाएगा।

## चांदना को मिला लीडर ऑफ डिकेड सम्मान

**जयपुर।** विश्व स्तर पर महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्यरत वैश्विक संस्था विमेन इकोनोमिक फोरम द्वारा नई दिल्ली के होटल जे.डब्ल्यू. मैरिरियट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विमेन इकोनामिक फोरम द्वारा अशोक चांदना को लीडर ऑफ डिकेड के सम्मान से सम्मानित किया। अशोक चांदना को यह सम्मान उनकी अगुवाई में राजस्थान सरकार द्वारा बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के लिए दिया गया। इस अवसर पर चांदना ने विमेन इकोनामिक फोरम के प्रतिनिधियों को राजस्थान में महिला और बालिका उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में आमंत्रित किया।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।




**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार मीणा पुत्र श्री बंशीधर मीणा के स्वामित्व का एक प्लाट नम्बर 44, स्थित स्कीम कदम विहार, बेनाड रोड, जयपुर में स्थित है। उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति को श्री अशोक कुमार मीणा ने संतोष कुमार से एवं संतोष कुमार ने राकेश कुमार मीणा से एवं राकेश कुमार मीणा ने बद्री सिंह तंवर के वारिसान अर्थात् श्री रजनी तंवर बहैसियत स्वयं एवं बहैसियत संरक्षिका विक्रम तंवर एवं पूनम तंवर, यशवंत तंवर, बलवंत तंवर से खरीद किया था। अब श्रीमती मंजू पत्नि श्री रामकरण गुर्जर उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति को श्री अशोक कुमार मीणा से क्रय करने हेतु ऋण के लिए Indiabulls housing Finance Limited में आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत उपरोक्त बद्री सिंह तंवर के वारिसानों को या श्री अशोक कुमार मीणा के स्वामित्व बाबत् किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को आपत्ति व उज्र हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा Indiabulls housing Finance Limited द्वारा उक्त सम्पति को रहन कर लिया जावेगा एवम् उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नही होगा।

अधिवक्ता : विवेक गोयल एडवोकेट
मो. 9828433300, 9829099898
C-25-A ए बिहारी मार्ग, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, एच.डी.एफ.सी बैंक के पास, जयपुर
दिनांक:-29.12.2022

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 2249 दिनांक 16.09.2019 जारी कर आवास/फ्लेट संख्या-4/702 (जी.एफ.), मालवीय नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 88.13 वर्ग मीटर का प्रतिस्थापन श्री शंभू नाथ पुत्र स्व. श्री भोलानाथ के नाम किया गया था। श्री शंभू नाथ की मृत्यु दिनांक 18.05.2020 को हो जाने के पश्चात श्रीमती शिखा कपूर पत्नी श्री संदीप कपूर पुत्री स्व. श्री शंभूनाथ के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, सजरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास/फ्लेट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्रीमती शिखा कपूर पत्नी श्री संदीप कपूर पुत्री स्व. श्री शंभूनाथ** के पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2436 दिनांक-30.12.2022

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 60/105, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री अलगजेण्डर वर्गिस पुत्र श्री अन.आइ.वर्गिस को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3098 दिनांक 08.03.1988 को जारी किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवस का भौतिक कब्जा दिनांक 09.03.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 223 दिनांक 28.04.1997 के द्वारा श्री गाढ सिंह शेखावत पुत्र श्री नन्द सिंह शेखावत के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री गाढ सिंह शेखावत की मृत्यु दिनांक 23.02.2004 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री गाढ सिंह शेखावत ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व.श्री गाढ सिंह शेखावत के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**
क्रमांक:- DHC-II/2440 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 30/12/22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 35 / 159, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 102.55 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री उमेश चन्द्र नागर पुत्र स्व. श्री के.सी. रावल को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2829 दिनांक 22.07.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 30.01.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 473 दिनांक 28.12.1994 के द्वारा श्रीमती रमेश कान्ता गुप्ता पत्नी डॉ. सुधीन्द्र कुमार गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती रमेश कान्ता गुप्ता की मृत्यु दिनांक 01.08.2011 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री संजय गुप्ता पुत्र स्व. डॉ. सुधीन्द्र कुमार गुप्ता ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्री संजय गुप्ता पुत्र स्व. डॉ. सुधीन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)**
क्रमांक-न.पा.ला./2022/6709 दिनांक-30.12.2022
**शुद्धि पत्र**
प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका लालसोट के आदेश क्रमांक 6192 दिनांक 8.12.2022 को जारी लोक सूचना में राजस्व ग्राम लालसोट के खसरा नम्बर 378/2 रकबा 6 बिस्वा में से 4 बिस्वा के स्थान पर खसरा नम्बर 378/2 रकबा 6 बिस्वा तथा खातेदार प्रभुलाल पुत्र किस्तुरचन्द माली निवासी लालसोट का नाम भी अन्य खातेदारों के साथ पढा जावें।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लालसोट

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 1406 दिनांक 18.05.2014 जारी कर आवास संख्या-5-च-14 नाहरी का नाका जयपुर क्षेत्रफल 71.00 वर्ग गज का प्रतिस्थापन श्री गुरमुख दास पुत्र स्व. श्री खुशीराम के पक्ष में किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 30.05.2012 को करवाया गया। श्री गुरमुख दास की मृत्यु दिनांक 12.02.2017 को हो जाने के कारण श्री जितेन्द्र कुकरेजा पुत्र श्री गुरूमुख दास के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री जितेन्द्र कुकरेजा पुत्र श्री गुरमुख दास** के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक:- DHC-II/2427 दिनांक: 28/12/2022
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 70/44, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन श्री राधेश्याम बंशीवाल पुत्र स्व. श्री सोहन लाल बंशीवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7271 दिनांक 05.03.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 12.09.1997 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3698 दिनांक 23.03.1998 के द्वारा श्री संजय शर्मा एवं श्रीमती इन्द्रा शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.03.1998 को करवाया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 5151 दिनांक 22.12.2000 के द्वारा श्री किशन चन्द देवनानी एंव श्रीमती निर्मला देवनानी के नाम हस्तांतरण कर दिया गया। इसके पश्चात श्री किशन चन्द देवनानी की मृत्यु दिनांक 26.06.2006 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती निर्मला देवनानी पत्नी स्व. श्री किशन चन्द देवनानी ने 1/2 अविभाजित हस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त सम्पूर्ण आवास का अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्रीमती निर्मला देवनानी पत्नी स्व. श्री किशन चन्द देवनानी के पक्ष में उक्त सम्पूर्ण आवास का हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 7/352 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर का आवंटन श्री जय राम भारती गोस्वामी पुत्र श्री वासुदेव भारती गोस्वामी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2167 दिनांक 31.07.1984 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 31.10.2000 को करवाया गया। श्री जय राम भारती की मृत्यु दिनांक 06.02.2019 को हो जाने के कारण श्री पीयूष भारती पुत्र स्व. श्री रमेश भारती के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र (रिलीज-डीड) की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री पीयूष भारती पुत्र स्व. श्री रमेश भारती के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

मंजू गुप्ता पत्नी स्व. श्री राज कुमार चौधरी के नाम से आवासन मंडल का रजिस्टर्ड आवास 38/168, किरण पथ, मानसरोवर, जयपुर का मूल पजेशन लैटर मानसरोवर किरण पथ के आसपास कहीं गिर गये है कृपया मिलने पर सूचित करें 9829051945

प्लाट संख्या 13 (वेस्ट पार्ट) रतन सागर बलरामपुरा उर्फ खेजडो का बास जयपुर का SUB Division Letter And name Transfer Letter गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। आशा मो. 8890505904

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 45/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासी ग्राम सुरजनपुर, तहसील थानागाजी जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1956 की धारा 17(1) के अन्तर्गत दोघडिया माताजी मंदिर ट्रस्ट, ग्राम सुरजनपुर, तहसील थानागाजी, जिला अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन -पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.02.2023
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सैफ उल्लाह मिर्जा से बदलकर मोहम्मद सैफ उल्लाह मिर्जा पुत्र मोहम्मद शफिउल्ला रख लिया है भविष्य में मुझे मोहम्मद सैफ उल्लाह मिर्जा निवासी 256/4, जियाउदीन कॉलोनी, चार दरवाजा, जयपुर के नाम से जाना जावे।

मैंने अपना नाम श्रीमती गीता रामचन्दानी से बदलकर श्रीमती गीता देवी रामचन्दानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। श्रीमती गीता देवी रामचन्दानी पत्नी श्री हेमनदास रामचन्दानी,59-बी, गणेश विहार, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, जयपुर

मै मोनीषा गिरी पत्नी श्री रविन्द्र गिरी निवासी 174/142, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर-302033 ने विवाह उपरान्त अपना नाम मोनिषा से बदल कर मोनीषा गिरी कर लिया है भविष्य में मुझे मोनीषा गिरी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

I Mula Ram Gehlot S/o Chandra Ram R/o Andaba Bera, Rampura Bhatiya, Rampura Bhatiyan, Jodhpur, Rajasthan-342305, have changed my name to Mukesh Gehlot

# इंदिरा रसोई में कच्ची रोटी खाने को मजबूर गरीब लोग

## नगरपरिषद द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी नहीं सुधरे हालात

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय की भालेरी रोड पर स्थित इंदिरा रसोई में गरीब लोग कच्ची रोटी खाने को मजबूर हैं। यहां नियमित मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण नहीं होने के कारण इंदिरा रसोई के संचालक खुलेआम गरीब लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दुखद बात यह है कि प्रशासन की अनदेखी एवं मिलीभगत के कारण

■ **प्रशासन की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आई**

यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई जा रही जनहित की एक शानदार योजना बीमारी का घर बन गई है।

हालांकि यहां कई माह पहले सभापति पायल सैनी ने खुद भारी अनियमितताएं देखी थी। उन्हें यहां कच्ची और जली हुई रोटियां, दूषित सब्जी आदि परोसी गई थीं। सभापति ने संचालकों को फटकार भी लगाई थी। इतना होने के बाद चार पांच दिन तक तो ठीक-ठाक खाना दिया। उसके बाद फिर अपनी पुरानी आदत के अनुसार कच्ची रोटियां, बासी सब्जी आदि परोसना शुरू कर दिया।

आज भी लोगों को कच्ची रोटियां परोसी गई। एक बात समझ में नहीं आ रही है कि ये अधिकारी इंदिरा रसोइयों की जांच क्यों नहीं करते हैं।



चूरू में भालेरी रोड स्थित इंदिरा रसोई जहां कच्चा खाना परोसा जा रहा है।

मजे की बात तो यह है कि संचालक नगरपरिषद द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी नहीं सुधरे हैं। यहां नगरपरिषद के भरत पूनियां ने बताया कि सभापति द्वारा निरीक्षण किया गया था, अनियमितता मिलने पर भालेरी रोड़ स्थित इंदिरा रसोई के संचालक को नोटिस भी दिया गया था। पूनियां ने बताया कि यहां तीन इंदिरा रसोईयां एक जने द्वारा ही संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब पुनः नोटिस दिया जाएगा।

# काछोला सरपंच ने ग्राम विकास अधिकारी को पीटा

## थानेदार के मामला दर्ज नहीं करने पर कर्मचारी संघ धरने पर बैठा




पंचायत सरपंच की दंबगई के खिलाफ कर्मचारियों ने रैली निकाली।

■ **काछोला सरपंच पर फर्जी पट्टे, आबादी भूमि पर अतिक्रमण करने सहित कई आरोप लगाए**

**मांडलगढ़, (निस)** मांडलगढ़ उपखण्ड के काछोला कस्बे में ग्राम पंचायत सरपंच प्रहलाद नट की दबंगई का मामला सामने आया है।

सरपंच ने अपने मातहत ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र मिश्रा की सरेआम पिटाई कर जान से मारने की धमकी दे डाली । इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र मिश्रा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट देने थाने गए तो थानेदार के रिपोर्ट नहीं ली । पीड़ित ने काछोला के सरपंच प्रहलाद नट व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मांडलगढ़ डीएसपी कीर्ति सिंह के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है ।ओर इस मामले की एक रिपोर्ट उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी को भी दी गई हैं।राज्य सयुंक्त कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर कलम डाउन हड़ताल शुरू कर दी है और सरपंच की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं ।

मांडलगढ़ डीएसपी कीर्ति सिंह ने काछोला थानाधिकारी दिलीप सिंह को मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। विवाद को लेकर काछोला थाने के बाहर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। कर्मचारी संघ ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को ज्ञापन दिया। काछोला के सरपंच प्रहलाद नट व अतिक्रमी महावीर आचार्य की गिरफ्तारी की मांग की। ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि काछोला कस्बे में सरपंच के एक करीबी व्यक्ति महावीर आचार्य द्वारा पंचायत के बेश कीमती भूखण्ड पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। अवैध निर्माण बन्द करने के लिए अतिक्रमी महावीर आचार्य को दो बार नोटिस देकर पाबंद किया गया था। उसके बाद भी अवैध निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया।

साथ ही सरपंच द्वारा मनरेगा योजना में नियम विरुद्ध सीसी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा था। ये सब सरपंच की मिलीभगत से किया जा रहा है।अवैध निर्माण को रोकने के लिए विडिओ नरेंद्र मिश्रा मौके पर पहुँचा। इस दौरान सरपंच प्रहलाद नट एवं अतिकर्मी महावीर आचार्य ने विडिओ मिश्रा के साथ बाजार में मारपीट व गाली-गलौज की एवं जान से मारने की खुली धमकी दी गई।

# उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस पर छूट का आज आखिरी दिन

■ **उत्कर्ष एप के 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध**

**जोधपुर, (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में देश भर के विद्यार्थियों के लिए अपने ऑनलाइन कोर्सेस पर रखे गए महा डिस्काउंट ऑफर का शनिवार को आखिरी दिन है। 29 से 31 दिसम्बर तक चल रहे इस तीन दिवसीय ऑफर के तहत उत्कर्ष एप के 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर विद्यार्थियों के लिए 90 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है।

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि संस्थान द्वारा वर्ष 2022 की समाप्ति से ठीक पहले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत उत्कर्ष एप में उपलब्ध केन्द्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं एवं स्कूली ट्यूशन क्लासेस के लाइव फ्रॉम क्लासेस और रिकॉर्डेड ऑनलाइन कोर्सेस वास्तविक शुल्क से बेहद कम शुल्क में विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस सीएससी या ई-मित्र से खरीदने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट का भी प्रावधान है।

संस्था प्रमुख ने बताया कि इसके अंतर्गत आईएएस, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं बिहार के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, क्लेट, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायपालिका परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस के अलावा सीबीएसई एवं आरबीएसई तथा विभिन्न राज्य बोर्ड के कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) की ऑनलाइन ट्यूशन क्लासेस 90 प्रतिशत तक के डिस्काउंट ऑफर में प्राप्त करने का आज आखिरी दिन है।

# पूर्व विधायक राठौड़ ने कुशलक्षेम पूछी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले के शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में गत दिनों हुई गैस त्रासदी के शिकार लोगों की कुशलक्षेम पूछने के लिए पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ शुक्रवार को एमजीएच पहुंचे। शेरगढ़ के पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती सभी घायलों से कुशलक्षेम पूछी।

राठौड़ ने बताया कि गैस त्रासदी में अब तक छोटे-बड़े कुल 35 मौतें हो चुकी है । जो कि बहुत ही दुखद है। अस्पताल में भर्ती अब सात घायल खतरे से बाहर है। राठौड़ ने अस्पताल प्रशासन से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली। महात्मा गांधी अस्पताल अधीक्षक राजश्री बोहरा ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर है। साथ ही राठौड़ ने सभी घायलों से मिलकर उनको आश्वस्त किया कि अस्पताल प्रशासन आप लोगों के इलाज में कोई कमी नहीं रखेगा।

# शीतला माता मंदिर पर दुर्गाष्टमी को उमड़ी भीड़



चाकसू नगरपालिका कस्बे के उत्तर दिशा में मात्र तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित छोटी पहाड़ी शीलकी डूंगरी पर शीतला माता मंदिर में दुर्गाष्टमी पर भक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। दूर-दूर से आई माताएं बहिनें सुलभ शौचालय नहीं होने से इधर-उधर भटकती नजर आई। प्रसाद के नाम पर दुकानदारों की मनमर्जी, वाहन पार्किंग व्यवस्था का अभाव व पुलिस की मनमर्जी यहां आम बात है।

# बीकानेर और करौली में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## बीकानेर में गुरुवार रात हुई बारिश के बाद सुबह कोहरे से एन एच पर वाहन रेंगते नजर आए

**बीकानेर, (कासं)** दो दिन सर्दी से थोड़ी राहत के बाद अब बीकानेर प्रदेशभर में सबसे ठंडा जिला हो गया है। बीकानेर और करौली में पिछले चौबीस घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में गुरुवार रात हुई बारिश के बाद सुबह कोहरे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई।

कोहरे के कारण सुबह जनजीवन भी पूरी तरह प्रभावित नजर आया। मौसम विभाग ने प्रदेश में 29 दिसम्बर से तापमान में बढ़ोतरी की भविष्यवाणी की थी, जो सही साबित हुई। बीकानेर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है, जिससे सर्दी से कुछ राहत मिली। इस बीच बीकानेर में गुरुवार रात करीब दस बजे बारिश हुई। कुछ मिनट की इस बारिश के बाद ठंडक बढ़ गई। तापमान में भी गिरावट आई। बीकानेर में पिछले दिनों में पारा डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, वहीं खुले क्षेत्रों में तो शून्य डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंचा है। बारिश के बाद सुबह नौ बजे तक भी बीकानेर में कोहरे का असर नजर आया।

उधर, बीकानेर संभाग के हनुमानगढ़ में 9.5 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 9.3 डिग्री सेल्सियस और चूरू में 9.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। बीकानेर के अलावा चूरू में हल्की बारिश हुई है। चूरू में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। पिछले दो दिन में संभाग के सभी जिलों में तापमान में बढ़ोतरी है।

# मंत्री अनुराग ठाकुर ने आकाशवाणी केन्द्र का निरीक्षण किया



जोधपुर आकाशवाणी केन्द्र पर मंत्री अनुराग ठाकुर ने उपमहानिदेशक को निर्देश दिए।

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज आकाशवाणी केंद्र परिसर का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्वच्छता का सही मायने में पालन करने को कहा। ठाकुर ने स्टूडियो और तकनीकी परिसर सहित केंद्र का भ्रमण भी किया। केंद्रीय मंत्रीअनुराग ठाकुर ने परिसर को स्वच्छ रखने और उपलब्ध स्थान का अधिकाधिक सदुपयोग करने के भी दिशा निर्देश दिए। ठाकुर ने कहा कि पुराने और अनुपयोगी सामान का नियमानुसार निष्पादन भी किया जाए। इस अवसर पर आकाशवाणी केंद्र के उप महानिदेशक के के माथुर व अन्य अधिकारियों सहित आकाशवाणी के कर्मचारिगण भी उपस्थित थे।

# चाइनीज धागे की अवैध बिक्री रोकने की मांग

**चूरू, (कासं)।** यूथ फॉर स्वराज के जिला संयोजक राजेश चौधरी के नेतृत्व में यूथ और स्वराज के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर चाइनीस धागे की अवैध बिक्री रोकने की मांग की गई। जिला संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि मकर सक्रांति के त्यौहार पर पतंग उड़ाई जाती है और चाइनीस धागे का व्यापार अवैध रूप से खुलेआम बाजारों में हो रहा है।

हर साल इस चाइनीस धागे से लाखों पक्षी और हजारों की संख्या में राहगीर घायल होते हैं। कुछ की तो मृत्यु भी हो जाती है, प्रशासन छुटपुट कार्यवाही जरूर करता है लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं करता है जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं हर वर्ष होती है। ज्ञापन देने वालों में जिला संयोजक राजेश चौधरी, सिकेंद्र सिंह, विजय सैनी, ललित चौहान, हंसराज स्वामी, चंद्रप्रकाश सारण, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रामरतन सियाग, हेमंत, विकास, मनोज कुमार, एडवोकेट सुरेंद्र राहड, सुरेंद्र सैनी, अनिल कुमार खासोली आदि मौजूद रहे।

# जी-20 का आयोजन फरवरी में, प्रशासन कर रहा उच्चस्तरीय तैयारियां

## शहर को चमकाने के साथ आकर्षक पेंटिंग और हैंडीक्राफ्ट को भी प्रमोट किया जाएगा

■ **एयरपोर्ट के बाहर एक बड़े आकार का साफा भी लगाया जाएगा**

**जोधपुर, (कासं)।** शहर को जी 20 सम्मेलन के लिए तैयार किया जा रहा है। फरवरी माह में जोधपुर में होने वाली जी-20 की बैठकों के दौरान जोधपुर की छवि अच्छी जाए इसके लिए दोनों नगर निगम में कमर कस ली है। एक्स्ट्रा टीम और एक्स्ट्रा संसाधन लगाकर शहर को चमकाने के साथ आकर्षक पेंटिंग और हैंडीक्राफ्ट को भी प्रमोट किया जाएगा। दोनों नगर निगम की महापौर और अधिकारियों ने अलग-अलग प्रेस वार्ता कर इस बारे में जानकारी साझा की।

महापौर उत्तर कुन्ती परिहार ने बताया कि दुनिया के 20 देशों का प्रतिनिधि मंडल जोधपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान शहर में भ्रमण के अलावा महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित होगी। इसको देखते हुए जनवरी प्रथम सप्ताह में विशेष सफाई अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सभी वार्डों में नियमित सफाई के अलावा सभी वार्डों में अतिरिक्त मैन पावर लगाकर सफाई करवाई जाएगी। डिवाइडर पर रंग रोगन करने, दीवारों पर पेंटिंग करने, मुख्य सडक़ों पर सफाई और डिवाइडर के आसपास सफाई करने का काम भी इस अभियान के तहत किया जाएगा।

नगर निगम दक्षिण की ओर से जनवरी के दूसरे सप्ताह में प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान शुरू किया जा रहा है। महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कई मायनों में महत्वपूर्ण है और इसमें दुनिया भर के विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। इस दौरान पूरे वार्ड में सफाई सीवरेज के कार्य होंगे। इसके अलावा रोड डिवाइडर पेंटिंग करने, मुख्य सडक़ पर कलर वॉशिंग करने, पेड़ों की छंटाई करने, हाथ ठेलों वालों को व्यवस्थित करने, अवैध बैनर होर्डिंग हटाने, आवारा पशुओं को पकडऩे और धार्मिक व पर्यटन स्थलों की सफाई का कार्य किया जाएगा। महापौर दक्षिण वनीता सेठ बताया कि हमारा प्रयास होगा कि यहां आने वाले विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल जोधपुर की स्वच्छ छवि लेकर जाए।

निगम दक्षिण की ओर से एयरपोर्ट में विशेष प्रकार की पेंटिंग करवाई जा रही है जिससे कि आने वाले प्रतिनिधि यहां की अच्छी छवि लेकर जाए। एयरपोर्ट के बाहर ही एक बड़े आकार का साफा भी लगाया जाएगा और साथ ही एयरपोर्ट गैलरी में हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद भी सजाए जाएंगे।

# पपला गैंग के विरोधी दो बदमाश जयपुर में हथियार समेत गिरफ्तार

## गिरफ्तार आरोपी विक्रम उर्फ लादेन खुद की गैंग चलाता है, जो अलवर, भिवाड़ी, भरतपुर, कोटपूतली, जयपुर ग्रामीण, दिल्ली, गुड़गांव व हरियाणा में सक्रिय है

**जयपुर** (कासं)। पपला गुर्जर गैंग के विरोधी माने जाने वाले दो शातिर बदमाशों विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन और राहुल बडावास को जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने दबोचा है। आरोपी ज्योति नगर इलाके में हथियार लेकर घूम रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 1-1 पिस्टल व देसी कट्टा, 7 कारतूस व लग्जरी वाहन जब्त किया है। आरोपियों में से एक आरोपी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस का मानना है कि दोनों बदमाश यहां किसी गैंगवार की फिराक में थे।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) अजयपाल लाम्बा ने बताया कि आरोपित विक्रम उर्फ लादेन अपनी स्वंय की गैंग चलाता है, जो राजस्थान के अलवर, भिवाड़ी, भरतपुर, कोटपूतली व जयपुर ग्रामीण के साथ-साथ दिल्ली, गुड़गांव व हरियाणा में सक्रिय है। यह बदमाश पपला गैंग का विरोधी है। वर्चस्व की लडाई व रंजिश के कारण दोनों गैंगों में गैंगवार की



जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाशों को ज्योतिनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

सम्भावना बनी रहती है। गिरफ्तार आरोपी जयपुर शहर में कोई गैंगवार की वारदात करने की फिराक में थे, जिनको वारदात से पूर्व ही मय हथियार के गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार रखने, सप्लायर व अन्य वारदातों के खुलासे की पूर्ण संभावना है, जिनके बारे में पूछताछ की जा रही है।

लाम्बा ने बताया कि सीएसटी ने ज्योति नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन निवासी

■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1-1 पिस्टल व देशी कट्टा और सात कारतूस जब्त किए

पहाड़ी बहरोड (अलवर) और राहुल बडावास निवासी कोटपूतली को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 पिस्टल, 1 देसी कट्टा 7 कारतूस व लग्जरी कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित विक्रम उर्फ लादेन गम्भीर प्रवृति अपराधी है, जिसके विरूद्ध लूट, डकैती, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, मारपीट, आर्म्स एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के विभिन्न थानों में करीब 27 प्रकरण दर्ज है। आरोपी विक्रम उर्फ लादेन भी ब्याज में रुपया देने का धंधा तथा फिरौती के रुपये ऐंठने जैसे अपराध करता है। आरोपी राहुल चोरी-लूट, अवैध हथियार रखने एवं मारपीट करने का आदि है। उसके खिलाफ करीब 17 प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज है।

# वकील के मुंशी पर जानलेवा हमला कर लाखों रुपए लूटे

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के जवाहर नगर इलाके में गोविन्द मार्ग स्थित पिंक स्कवायर के सामने वाली गली में एक एडवोकेट के मुंशी पर गुरुवार को दिन-दहाड़े बदमाशों ने जानलेवा हमला कर साढ़े चार लाख रुपए लूट लिए। वारदात के बाद आरोपी घायल को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। हमले से घायल मुंशी को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि जानलेवा हमला शास्त्री नगर के व्यास कॉलोनी निवासी फुरफान कुरैशी (24) पर हुआ। वह झोटवाड़ा निवासी एडवोकेट आरीफ मोहम्मद के पास पिछले 6 महीने से मंशी का काम करता है। गुरुवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे एडवोकेट आरीफ ने मुंशी फुरफान को कॉल कर राजापार्क जाकर क्लाइंट राहुल से बकाया फीस के रुपए लेने भेजा। क्लाइंट राहुल से फीस के साढ़े चार लाख रुपए लेकर दोपहर करीब 1 बजे मुंशी वापस लौट रहा था। इसी दौरान जवाहर नगर की सिंधी कॉलोनी

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की

में दो बाइक पर आए बदमाशों ने उसे रोक लिया और लोहे की रॉड और पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने फुरफान के दोनों पैर तोड़ दिए। गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। इस दौरान बदमाश उससे करीब साढ़े चार लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। एम्बुलेंस की मदद से घायल को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। एडवोकेट आरीफ की शिकायत पर पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर भी मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लगाया है। वहीं मामले में जल्द जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि एडवोकेट आरीफ की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी

**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना परिणाम जारी कर दिया है। कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि इस साल जुलाई में आयोजित जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 3 वर्षीय पाठ्यक्रम के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# सार-समाचार

## हैरिटेज निगम ने सील की 9 इमारतें



**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम के किशनपोल जोन ने शुक्रवार को बिना इजाजत बनाए जा रहे 9 भवनों को सील किया है। अल सुबह 6 बजे उपायुक्त सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सभी निर्माण 180 दिन के लिए सील किए गए है। यादव ने बताया कि सभी अनाधिकृत व अवैध निर्माणकर्ता भवन स्वामियों को नोटिस देकर निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन पर कोई असर नहीं हुआ। जिसके बाद राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 के तहत 180 दिन के लिए इन निर्माणों को सील किया गया है। कार्रवाई में सतर्कता शाखा के पुलिस निरीक्षक नीरज तिवाड़ी, कनिष्ठ अभियंता बृजेश शर्मा सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## चिकित्सकों ने अनुभव साझा किया



**जयपुर**, (का.सं.)। सिनर्जी 2022 बैच 1997 री यूनियन मीट सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के आज दूसरे दिन सौविनियर का उद्घाटन हुआ। संयोजक डॉ. अनिल यादव , डॉ. समीर , डॉ. मुकेश गुप्ता ने बताया कि इसमें बैच के सभी सदस्यों व ऊनके परिवार की जानकारी , लेख , उपलब्धि इत्यादि के बारे में बताया गया है। सुबह की शुरुआत योग के द्वारा हुई। उसके बाद एक कैम्प का आयोजन किया। परिवार के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। फन क्रिकेट फन बैडमिंटन के मैच के फाइनल मैच के विजेता को ट्राफी दी गई। किड्स वर्ग में भी पुरस्कार वितरित किये। डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने हॉलिडे पैकेज जीता। कल सुबह मोटिवेशनल सेशन के साथ ही सब अपने घर लौट जाएंगे। इस अवसर पर कई लड़कियां भावुक हो गई कि फिर सब एक साथ इतने मित्रों का एक साथ मिलना हो न हो। कई नई सारी यादों को लेकर इस बार विदा होंगें। इन यादों में अब परिवार के लोग भी शामिल हो गए हैं। बच्चों के बीच मे याराना इतना गहरा हो गया कि सब एक साथ व्हाट्सएप ग्रुप बना लिए है और हमेशा संपर्क में रहेंगे अपने पापा मम्मी के दोस्तो के परिवार से। डॉ. मुकेश व डॉ. मनीषा तख्तानी ने अपनी कविताओं के माध्यम से कॉलेज की लाइफ़ को शब्दों में उकेरा। बाद में सभी ने ग्रुप डांस के द्वारा फिर से मिलने का वादा व हमेशा साथ रहने का संकल्प दोहराया।

## 'बिजौरी कांजरी कल्याण बोर्ड बने'

**जयपुर** (कासं)। अखिल राजस्थान कंजर समाज महापंचायत ग्यारसीलाल गोगावत ने राजस्थान में बिजौरी कांजरी कल्याण बोर्ड बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली के ऑफिस पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि राजस्थान में कंजर समाज की करीब 10 लाख व देशभर में 90 लाख आबादी है। कंजर समाज के लोगों ने स्वतंत्रता व देश की आन-बान-शान के लिए संघर्ष व बलिदान किया है। गुरिल्ला युद्ध शैली से भारत के प्रमुख कबिलों ने मुगलों व अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए थे। जिससे घबराई अंग्रेजी सरकार ने 1871 जयरामपेसा कानून लगाकर बिना दलील अपील के अपराधी घोषित कर दिया और सेंटलमेट जेलों में बंद करना शुरू कर दिया । जन्मजात अपराधी का स्टिगमा हमारे समाज के साथ कई कबीलों पर थोप दिया गया । तब से लेकर अब तक हमारा समाज राष्ट्र की मुख्यधारा से कट गया और आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक दृष्टि से पिछड़ता चला गया।

## सहायक आचार्यों ने धरना दिया

**जयपुर** (कासं)। राजकीय महाविद्यालय में विद्या संबल योजना के तहत लगाए गए सहायक आचार्यों का धरना शुक्रवार को भी राजस्थान विवि के मुख्यद्वार पर जारी रहा। धरने पर बैठे सहायक आचार्यों ने कहा कि वह खुद को संविदा नीति में शामिल किए जाने,यूजीसी नॉम्र्स के मुताबिक वेतन दिए जाने की तांग कर रहे हैं क्योंकि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने उन्हें यूजीसी के नियमों के मुताबिक ही नियम बनाकर मेरिट के आधार पर भर्ती किया था। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने हर तहसील स्तर पर राजकीय महाविद्यालय की घोषणा की है। कालेजों में अध्ययनरत सभी छात्र.छात्राएं विद्या संबल योजना में लगे सहायक आचार्यों के भरोसे नियमित अध्ययन कर रहे हैं लेकिन सरकार उन्हीं सहायक आचार्यों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। राजकीय महाविद्यालय में लगे सहायक आचार्यों की स्थिति नरेगा मजदूर से भी बदतर है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं सुनी गई तो पूरे प्रदेश के तकरीबन 1500 सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययन कार्यों का बहिष्कार करेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## मैराथन का पोस्टर जारी

**जयपुर** । भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और एनबीसी राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग तथा यंग इंडियंस और इंडियन वुमन नेटवर्क राजस्थान के साथ मिल कर बहु प्रतीक्षित जयपुर बाय नाइट मैराथन का आयोजन करने जा रहे हैं। इसका आयोजन 28 जनवरी 2023 को शाम सात बजे से होगा। यह जयपुर बाय नाइट मैराथन का पांचवां संस्करण होगा। सीआईआई जयपुर में नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लगतार प्रयास कर रहा है और यह कार्यक्रम उसी की एक कडी है। नाइट मैराथन की शुरूआत जवाहर कला केन्द्र से होगी। इसमें दो श्रेणी की मैराथन होगी। दस किलोमीटर की मैराथन टाइम्ड रन होगी, जबकि 5 किलोमीटर की मैराथन कभी कभी दौड़ने वालों या दौड़ने की शुरूआत करने वालों के लिए होगी। सीआईआई-एनबीसी जयपुर बाय नाइट मैराथन के पोस्टर का विमोचन पर्यटन कला व संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला और पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ ने किया। उनके साथ सीआईआई राजस्थान के चेयरमैन गौरव रूंगटा, वाइस चेयरमैन अभिनव बांठिया तथा सीनियर डायरेक्टर व हैड नितिन गुप्ता, यंग इंडियंस ग्रुप के चेयरमैन राहुल सिंघी, इंडियन वुमन नेटवर्क की चेयरपर्सन डॉ. पल्लवी मिश्रा तथा यंग इंडियंस जयपुर के को-चेयरमैन गौरव बंसल भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश



**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी थाना पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है। थानाधिकारी के मुताबिक गत 22 दिसम्बर को दोपहर ढाई बजे गोपालबाड़ी स्थित कालवाड़ स्कीम में डी-12 के पास 60 वर्षीय बुजुर्ग अचेत मिला, जिसे हैडकांस्टेबल रामफल ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। जहां करीब 3 बजे डॉक्टर्स ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास कोई भी ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक का रंग सांवला और हाइट करीब 5.7 इंच है। सिर पर सफेद व काले बाल है, हल्की सफेद दाढ़ी है।

# नर्सिंग एसोसिएशन ने सौंपा स्वास्थ्य सचिव को मांग पत्र

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने शुक्रवार को जयपुर में स्वास्थ्य भवन में स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी सिंह को पत्र सौंपकर नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती, कम्युनिटी हेल्थ असिस्टेंट को नियमित करने सहित 17 मांगे जल्द पूरा करने का आग्रह किया। मांग पत्र पर सचिव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी और कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रदेश के सभी हॉस्पिटलों में हर रोज मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण जो वर्तमान में कर्मचारी काम कर रहे है उन पर वर्क लोड बढ़ रहा है। इसे देखते हुए मरीजों के अनुपात में सरकार को पूरे प्रदेश में नर्सिंग ऑफिसरों की भर्ती करनी चाहिए। इसके साथ ही जिन सीएचए ने कोविड के समय लोगों की जान बचाने का काम

■ नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती और सीएचए को नियमित करने की मांग की

किया था, उन्हें सरकार नियमित करे। साथ ही 26 हजार 500 रुपए का न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए।

इसके अलावा एएनएम, जीएनएम और नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग के समय स्टाईफंड देने और डॉक्टरों की अनुपस्थिति में नर्सिंग ऑफिसर या सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को दवाईयां लिखने के अधिकार मिलना चाहिए। चौधरी ने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कर्मचारियों के ड्रेस कोड में बदलाव, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का पदनाम बदलकर ग्राम स्वास्थ्य अधिकारी करने, डॉक्टरों की तरह नर्सिंग कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र 62 साल करने और ग्रामीण क्षेत्र में नर्सेज को आवास सुविधा दी जाए।

# रक्तदान पोस्टर का विमोचन

**जयपुर** । अमृतम प्रसादम् फाउण्डेशन की ओर से आगामी 1 जनवरी को नववर्ष के अवसर पर दूसरा महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। संस्थान की ओर से रविवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, माधौविलास हॉस्पिटल ब्रह्मपुरी में लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर विमोचन बुधवार को डॉ. एस एस अग्रवाल और डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने किया।

# दूध वितरण आज

**जयपुर** । नववर्ष की पूर्व संध्या पर राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की ओर से निरोगी राजस्थान, समृद्ध राजस्थान के मध्यनजर दारू नहीं दूध से करें, नववर्ष की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के रजिस्ट्रार, डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि 31 दिसंबर को शाम 7 बजे से सुश्रुत सभागार के सामने लॉन में एस.एम.एस अस्पताल, जे.एल.एन मार्ग पर दारू नहीं दूध से करें, नववर्ष की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# निर्धन बच्चों को गर्म कपड़े बांटे

**जयपुर** । सामाजिक कार्यों में अग्रणी प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की ओर से रामसहाय देवी सहाय फाउंडेशन के सहयोग से सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब बच्चों को गर्म कपड़े बांटने का अभियान शुरू किया गया है।

संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि संस्था की ओर से समय-समय पर सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्यक्रम किए जाते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को विद्याधर नगर स्थित कच्ची बस्तियों में गरीब और बेसहारा बच्चों को गर्म कपड़े बांटने की शुरुआत की गई है। संस्था की ओर से पहले दिन बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। वहीं संस्था की ओर से अगले एक सप्ताह के दौरान विभिन्न कच्ची बस्तियों तथा फुटपाथ पर रहने वाले 500 बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि संस्था ने निर्णय लिया है कि कच्ची बस्तियों और फुटपाथ पर रहने वाले, जो बच्चे स्कूल जाने से वंचित हैं, उनके शैक्षणिक विकास की लिए बस्तियों में नियमित रूप से क्लास



प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने विद्याधर नगर में निर्धन बच्चों को गर्म कपड़े बांटे।

लगाकर शैक्षणिक स्तर को मजबूत करेंगे। इसके लिए तीन से चार कच्ची बस्तियों में स्टेशनरी वितरित करने के साथ ही शिक्षक की व्यवस्था करके बस्ती में ही क्लास लगाएंगे। आज के कार्यक्रम में संयोजक योगेश शर्मा, नवरंग अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल सहित सरोज चौधरी, संजय गुप्ता सीए,दिलीप अग्रवाल सी ए, दिनेश गुप्ता सीए, बजरंग बोहरा,दिनेश अग्रवाल, किशन अग्रवाल, अमित चोधरी, राजेंद्र अग्रवाल भी शामिल रहे।

# कमरे में सिगड़ी जलाकर सोए युवक की दम घुटने से मौत

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में सिगड़ी जलाकर सोते हुए एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मामला भांकरोटा इलाके के जयसिंहपुरा का है।

जहां एक फार्म हाउस में काम करने वाले 3 युवक तेज सर्दी से बचने के लिए कमरे में सिगड़ी जला कर सो गए। जिससे कुछ घंटों बाद ही एक युवक की मौत हो गई और 2 युवकों की हालत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना अलसुबह की है। फार्म हाउस के मालिक कपिल सोनी ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी कि जयसिंहपुरा स्थित एक फार्महाउस में एक युवक की मौत हो गई है। उसके बाद तुरंत मौके पर

■ भांकरोटा क्षेत्र के जयसिंहपुरा स्थित फार्म हाउस में हुई घटना, दो लोगों की तबियत खराब

पहुंचे तो देखा एक युवक मृत अवस्था मे फार्म हाउस के एक कमरे में पड़ा है। शव के पास ही सिगड़ी रखी हुई मिली। वहीं मृतक के साथ सोए दो युवकों की हालत खराब होने पर उन्हें अस्पताल भर्ती करवाया गया। प्रथमदृष्टया युवक की मौत सिगड़ी के धुएं से दम घुटना बताया जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक बिहार निवासी अभिमन्यु मंडल उर्फ मनु पिछले एक साल से फार्म हाउस में घरेलू नौकर था। जांच में सामने आया कि बर्थडे पार्टी सुबह 5 बजे खत्म हुई उसके बाद तीनों युवक सोने के लिए कमरे में आ गए। सर्दी से बचने के लिए मृतक अभिमन्यु ने ही कमरे में सिगड़ी जलाई थी। उसके बाद तीनों सो गए। सुबह करीब 11 बजे मृतक के साथी दो युवकों की हालत खराब हुई तो उन्होंने गेट खोला और उल्टियां की। जबकि तीसरा युवक अभिमन्यु मंडल मृत मिला।

उसके बाद फार्म हाउस के स्टाफ ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को अस्पताल पहुंचाया। फार्म हाउस के मालिक कपिल सोनी ने पुलिस को सूचना दी।

# गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी की मांग

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के गठन की मांग को लेकर समाज का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिला। राजस्थान सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरदीप सिंह डिबडिबा व ग्रेटर नगर निगम की चेयरमैन सुखप्रीत रंधावा बंसल के साथ प्रतिनिधिमंडल सीएम के पास पहुंचा था। इन्होंने प्रदेश के गुरूद्वारों को टूरिज्म सर्किल से जोड़ने, पंजाबी अकेडमी का चेयरमैन की नियुक्ति सिक्ख समाज से करने, बुड्ढा जोहड़ पुरातन झील को धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने, श्रीगंगानगर सरकारी मेडिकल कॉलेज का नामकरण श्री गुरूनानक देवजी के नाम पर करने तथा सूरतगढ़ रोड पर किसान चौक का नाम 26 जनवरी 2021 को दिल्ली में किसान आंदोलन में शहीद हुए नवरीत सिंह हुंदल के नाम पर रखने की मांग उठाई। सुखप्रीत बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने तमाम मांगों को सुनने के बाद आगामी बजट में समाज की सभी वाजिब मांगों को पूरा करने की बात कही है।

# 'नए साल के जश्न में हुड़दंग किया तो पुलिस सख्ती बरतेगी'

**जयपुर** (कासं)। कोविड महामारी के साए में 2 साल गुजारने के बाद अब देशी-विदेशी पर्यटक नववर्ष-2023 का जश्न मनाने को तैयार है। जयपुर शहर समेत प्रदेश में 80 से 90 फीसदी से ज्यादा होटल, डिस्को व पब बुक हैं। इसके अलावा बार, रेस्टोरेंट, कैफे भी अपने मैन्यू अपडेट कर रहे हैं। न्यू ईयर की पूर्व संध्या पर 31 दिसम्बर की रात 8 बजे से एक जनवरी की सुबह 8 बजे तक यह जश्न जारी रहने वाला है। जश्न के बीच किसी तरह का खलल नहीं पड़े, इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने भी बड़ी तैयारियां की है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर अगर किसी ने शराब पीकर गाड़ी दौड़ाई अथवा हुड़दंग व छेड़छाड़ की तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। सार्वजनिक जगहों, पार्कों, गाड़ी में बैठकर कोई शराब पीता हुआ मिला तो सीधे गिरफ्तारी होगी।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार होटल-रेस्टोरेंट्स, पब, कैफे, पार्टियों की अन्य जगहों, शराब के बड़े ठेकों, सभी जगह पर पुलिस का बंदोबस्त किया है। थानाधिकारी और दो एएसआई अपने-अपने क्षेत्र में गश्त पर रहेंगे। बाकि आधा स्टाफ सड़कों पर ड्यूटी देगा। इसके अलावा आरपीएस अधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी अपने-अपने क्षेत्र और जिलों मे गश्त पर पूरी रात रहेंगे। प्रदेशभर के 200 से भी ज्यादा बड़े चौराहों पर 7 पुलिसकर्मी चैकिंग करेंगे। जबकि छोटे चौराहों या सर्किल पर तीन से लेकर पांच पुलिसकर्मियों की टीम रहेगी। यह टीमें ब्रेथ एनलाइजर के साथ रहेंगी। जयपुर समेत प्रदेश में 875 से भी ज्यादा पुलिस थाने हैं। इनकी पुलिस टीमों के अलावा कई जिलों में लाइन से भी जाब्ता मांगा गया है। उधर प्रदेश भर में करीब 250 से भी ज्यादा आरपीएस और करीब पचास आईपीएस गश्त पर रहेंगे। थानों और लाइन का जाब्ता मिलाकर तीस हजार पुलिसकर्मी गश्त पर रहेंगे।

# वाहन चोर के कब्जे से 7 बाइक बरामद

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने जयपुर शहर में अलग-अलग जगहों पर बाइक चुराने वाले शातिर बदमाश धीरज साहू (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई हुई 7 बाइक भी बरामद की है। आरोपी धीरज इतना शातिर है कि चंद सैकेंड्स में ही बाइक को पार कर लेता है, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसे दबोचा है। फिलहाल पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

डीसीपी (ईस्ट) डॉ. राजीव पचार ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में आरोपी धीरज साहू (23) पुत्र सत्यनारायण निवासी बाबूचांदनाजी का रास्ता पुरानी टोंक को गिरफ्तार किया है। गत 26 दिसम्बर को जवाहर सर्किल से बाइक चोरी की वारदात हुई थी। लगातार बढ़ रही बाइक चोरी को लेकर सूचनाएं पुलिस ने जुटाई और बदमाशों पर नजर रखनी शुरू की। इसी दौरान हेड कॉन्स्टेबल सोहन सिंह और कॉन्स्टेबल बनवारी को बाइक चोर की सीसीटीवी फुटेज मिले। जिसके आधार पर पुलिस ने बाइक चोर धीरज साहू को दबोच लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की 7 बाइक बरामद की है।



जवाहर सर्किल पुलिस ने शहर में बाइक चुराने वाले बदमाश धीरज साहू को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया है बदमाश धीरज पिछले काफी समय से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। महज चंद सेकेंड में बाइक चुराकर वह फरार हो जाता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बजाज नगर, प्रताप नगर, शिप्रापथ और टोंक में बाइक चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है।

# मुहाना क्षेत्र के भैरु मंदिर में मूर्तियां खंड़ित करने से रोष

**जयपुर** । मुहाना स्थित भैरु मंदिर में लगी मूर्तियों को बदमाशों ने गुरुवार रात तोड़ दिया। बदमाश मंदिर में लगे घंटे को भी चुरा ले गए। शुक्रवार सुबह मंदिर पहुंचने पर हालत देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश कर शांत कराया।

पुलिस ने बताया कि डिग्गी रोड स्थित बालावाला गांव में भैरु मंदिर है। प्राचीन भैरु मंदिर करीब 300 साल पुराना है। गुरुवार रात को मंदिर में बदमाश घुसे। बदमाशों ने मंदिर में रखी मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ की। मूर्तियों को तोडने के साथ ही मंदिर परिसर में लगा घंटा चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को मंदिर में मूर्तियां टूटने के साथ ही घंटा गायब मिला। मंदिर में तोड़फोड़ का पता चलने पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मंदिर के बाहर इकट्ठा हुए लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने लोगों से समझाइस कर मामले को शांत किया। एसआई रामधन का कहना है कि पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि मंदिर में घंटा चोरी करने चोर घुसे थे। घंटा चोरी करते समय नीचे लगी मूर्तियों पर गिरा। घंटे के गिरने से मूर्तियां टूट गई। मंदिर परिसर से चोर घंटा चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



## Universal Hour of Peace

Set intention and focus by building peaceful relations locally, nationally and internationally on this day and throughout the year. Get the year started off on the right foot by observing and paying heed to the Universal Hour of Peace. Beginning just 30 minutes before the clock strikes twelve on New Year's Eve and ending at 12:30am on January 1, the Universal Hour of Peace is celebrated in each time zone, rendering it a full 24 hour day of celebration all throughout the world.



#SWEET-TOOTH

# Easy-to-Make Desserts

If you are organizing a New Year's Eve party at your home and are worried about what to cook for dessert, here we are to your rescue!



2022 is almost over and it's time to welcome the New Year 2023 with a lot of enthusiasm and zeal. And what can be better than treating your loved ones with some homemade desserts and sweet treats to celebrate the New Year's Eve. Well, we have curated some easy-to-make desserts, which can be made with simple kitchen ingredients. So, whip up some fun cakes and bakes in the kitchen.

### Creamy Butter Cups



- If you are in a jiffy and want to make something delicious, then you can try this simple butter cup, which can be made in just a few minutes. Take a large bowl, whisk chilled fresh cream, mix it with honey, add sweetened cocoa powder and melted peanut butter.
- Pour this blend and mix it with fresh fruits, dry fruits and mixed berries, refrigerate and enjoy.
- Strawberry Sorbet
- Place 1/4 cup lemon juice, 2 cups powdered sugar and 3.5 cup fresh strawberries in a blender or food processor; cover and process until smooth.
- Transfer to a freezer container; freeze until firm and serve.

### Chocolate Dipped Apple Rings

- Preheat oven to 120 C. Core 1 kg. apples and cut crosswise into thin slices. In a shallow bowl, mix 1.5 cups sugar and 2 tbsp. cinnamon. Dip apple slices in sugar mixture to coat both sides. Arrange in a single layer on parchment-lined baking sheets.
- Bake for 1 hour, turn and bake again for 60 minutes until apples are dry. Remove from pans to wire racks to cool completely.
- In the top of a metal bowl over simmering water, melt 350 gm. semisweet chocolate; stir until smooth. Dip apple slices in chocolate, place on parchment paper and decorate with sprinkles. Let stand until set and serve.



### Oreo Boozy Balls

- To make this quick and effortless dessert, take 10-12 oreo biscuits. Separate oreo cookies and the white cream.
- Take a blender and add in the oreo cookies, 1 cup melted milk chocolate, ½ cup dry fruits soaked in ½ cup rum, and make a thick paste.
- Next, take a bowl and using the double boiler method- melt 1 cup white chocolate along with white oreo cream. Now make small oreo balls and dip it in the white chocolate mix. Place on parchment paper and refrigerate.
- Serve.

### Spiced boozy Chocolate Balls

- If you are a fan of boozy delights, then treat your loved ones with these quick desserts, take 1 cup crushed dark chocolate, mix it with 2 tablespoon condensed milk, 1cup desiccated coconut and 3 tablespoons of spiced rum.
- Mix it all together and roll small balls.
- Refrigerate and garnish with chocolate powder.



It is important for the nation to understand the BF.7 mutant of Covid-19. At the cost of repetition it is emphasised that this variant is a mutation of the Omicron variant. It has been there in a limited form for nearly three months. Its main variation is that it has a very short incubation period and that it has the ability to infect a large number (1 is to 16) of people. There has been a lot of confusion about the symptoms. Fake messages in the social media have claimed that it is symptomless and the condition is not identified until it takes its full-fledged form. This is not true. It behaves like any other Covid infection and presents itself with high fever and persistent cough. RT -PCR test done in these patients require a complete genome sequencing to identify it.

# Is Covid Back?



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*



My heart goes out to the people of China. For the last three years they have suffered the throes of the pandemic for no fault of theirs. A small group of ambitious leaders with the wish to dominate the world caused this probably due to a failed bioweapon experiment in Wuhan. The scourge of the pandemic spread further throughout the world due to irresponsible and delayed information by China. Today probably every nation is suffering as a result. The continuous lock down in China for the last three years was done in apprehension, so that the pandemic not spread has had an inverse effect. The people when they came out into the crowds had no immunity and quickly succumbed to the Covid infection. The Chinese (CoronaVac and Sinopharm) programme has been successful in vaccinating more than one million people with two doses but the effect of immunisation is already regressing. It has also been alleged that both these vaccines did not have a powerful immune response. The approximate death toll is predicted to be a horrendous one million deaths in the next three years!

Some nations like the USA, Japan, and South Korea have shown an unprecedented rise in the incidence. There is roughly six lakh people reported suffering from Covid on a daily basis. The number of weekly deaths has increased across three WHO regions: the African region (+975%), the region of the Americas (+37%) and the eastern Mediterranean region (+81%). It is astounding that Japan has reported more than two lac new cases. This is a nation which is habitually following masking, sanitisation and social distancing. There must be some other reason why it is having such a large incidence of Covid-19 new variant infection. The original Covid-19 has gradually mutated through many strains to now being dominated by Omicron with a small fraction of 2.5 % being BF.7. It is recognised as a sibling of BF.5. The changes of symptomology seen are a short incubation time (as little as 5 hours) and extreme infectivity (A ratio of one patient infecting sixteen patients).

> We have been able to administer 220 crore vaccine doses and it is approximately 66% of the total population. We have not been as successful in third 'precautionary' dose.

### A Gregarious Nation

In India, after the pandemic settled down in August 2022 to nearly a minimal endemic state, the nation has become complacent. We quickly abandoned the irksome use of masks, sanitation and social distancing. We are a gregarious nation. We love to throng in the markets and enjoy our marriages and festivals in large numbers.

#PANDEMIC

Although there are only four BF.7 cases reported in the country this may not reflect the correct numbers. Most of the cases of Covid in India are being identified by home kits or the tests are even ignored because the symptoms have been mild, particularly, in the vaccinated patients. The RT-PCR test is required to do genome sequencing and identify the variant. In this case we are looking for BF.7. We have been able to administer 220 crore vaccine doses and it is approximately 66% of the total population. We have not been as successful in third 'precautionary' dose. It must also be remembered that these doses are nearly one year old. It is possible that the immunity is waning.

Our nation handled the second Covid surge well, having learnt from the devastation of the first one. The recent awakening of the central government is rather sudden but welcome all the same. The warnings that we may face another pandemic soon are not false. It is based on the data arriving from affected nations which have had a rapid increase in numbers of Covid infection. In fact, in my opinion the reinstatement of Covid prevention norms is very mild. People tend to ignore such warnings. The government should enforce all the precautions in a much more forceful manner. The wearing of masks and sanitisation should become mandatory again. Gathering of large numbers needs to be curbed. Making such issues political (Like asking the Rahul Gandhi's Bharat Jodo Yatra to take precautions or close down) has led to people thinking that warnings are a 'Tamasha'.



### Pandemic Prevention Programme

The suggestions have to be done in a more widespread manner as we have done in the past. Random evaluation of 2% of incoming international travellers is arbitrary and may not be really informative. In fact, today's newspaper reports indicate that the government is having second thoughts and now advocating RT-PCR testing of all passengers arriving from China, USA, Korea, Japan and Thailand. Self-quarantine too has been suggested.

It is important for the nation to understand the BF.7 mutant of Covid-19. At the cost of repetition it is emphasised that this variant is a mutation of the Omicron variant. It has been there in a limited form for nearly three months. Its main variation is that it has a very short incubation period and that it has the ability to infect a large number (1 is to 16) of people. There has been a lot of confusion about the symptoms. Fake messages in the social media have claimed that it is symptomless and the condition is not identified until it takes its full-fledged form. This is not true. It behaves like any other Covid infection and presents itself with high fever and persistent cough. RT -PCR test done in these patients require a complete genome sequencing to identify it.



> Social distancing will be the most difficult practice to implement. Meeting in small groups may be safe at the moment but it would be prudent to avoid large gatherings. While advocating this practice I wonder if it's right to do so. After all there has been no repercussion after the more than one million gathering in Qatar during the world cup.

Is India fully prepared to face the BF.7? Most experts say 'Yes'. The reason for this confidence is that we have learnt our lessons from the second surge which ended in August 2022:-

We have equipped our hospitals with the enough supply of oxygen and ventilators that may be required.

Most of the people in the urban areas have received at least two doses of the vaccine but may require a precautionary dose to ward off the BF.7. One of the points that has been made by experts is that the booster dose should be of a bivalent vaccine. The presently available vaccines in India are not so. The recent permission given to the Bio-Tech produced nasal vaccine may be a way out of this situation. The Phase III trials are ongoing and an emergency permission for its use as a booster has been given this week. This vaccine has been created in collaboration with the experts from Washington University and is expected to be bivalent.

The next three months will show whether we are correct in presuming that the Indian population has better immunity because of the way we have managed our Covid pandemic prevention programme.



Since there is no specific protocol devised as yet for prevention of BF.7 infection we have to fall back on the well tried and tested measures of the last two years.

### Covid Appropriate Measures are:

**Masking:** Preferably a N-95 mask in the vulnerable areas like hospitals and congested places. The mask needs to be replaced within five days to remain effective. Cloth mask as a routine will also help and should be worn in all public places.

**Sanitisation:** This practice has disappeared. It needs to be brought back with full force as the people are mingling much more than last year. The Namaste should replace the handshake! Spurious and ineffective sanitisers need to be identified and discarded.

Social distancing will be the most difficult practice to implement. Meeting in small groups may be safe at the moment but it would be prudent to avoid large gatherings like marriages and political meetings. While advocating this practice I wonder if it's right to do so. After all there has been no repercussion after the more than one million gathering in Qatar during the world cup. No upsurge specifically related to the world cup has been reported as yet.

In conclusion, the experts advocate that it is better to be cautious and follow the protocols rather than do so later when the incidence of the infection rises. We have done this before and should not be very difficult to do again. It will prevent panic when the pandemic worsens. The preparedness for hospital care is also essential. Space (ICU), oxygen and ventilators are needed on standby. There should be a strong drive to give the booster third dose (Even the fourth dose) for the more susceptible. Young children and the elderly are going to be more vulnerable. The nasal vaccine has become available at the right moment. It will not only be economical but also require less man power to conduct.

Precautions may be irritating but they pay in the long run!!!!

writetoarbit@rashtradoot.com



#AROUND-D-WORLD

# Happy (Almost) New Year!

Here's how different countries are ringing in 2023.

As you make your plans to ring in 2023, consider partaking in one of the New Year's traditions from around the world. The past few years have truly been unlike any other, but one thing has been clear-certain practices are now more important than ever, as they keep us grounded and remind us of the future ahead (and what to look out for, if you're following any New Year's superstitions).

Many still can't travel this year, so we've rounded up a few of our favourite New Year's traditions from cultures all over the globe. Pick one that lends itself to virtual celebration, or ask a few friends to join in the fun. We all need all the good luck we can get! May 2023 be a year of good fortune with a generous dose of sanity. And don't forget to make those New Year's resolutions.



### Spain : Eating 12 grapes

In Spain, it is customary to eat 12 grapes – one at each stroke of the clock at midnight on New Year's Eve. Each grape represents good luck for one month of the coming year. In bigger cities like Madrid and Barcelona, people gather in main squares to eat their grapes together and pass around bottles of cava.

### United States
#### Watching the ball drop

Millions of Americans gather around their television sets (or on the streets of Times Square, despite freezing temps) to watch the ball drop at the stroke of midnight each year. Kicking off in 1907 to ring in January 1908, New York Times owner Adolph Ochs created the event to draw attention to the Times's new headquarters, and it's been an annual spectacle and one of the most popular New Year's Eve celebrations ever since.



United States.

### Brazil
#### Heading to the beach

In Brazil, as well as other Central and South America countries like Ecuador, Bolivia, and Venezuela, it is thought to be lucky to wear special underwear on New Year's Eve. The most popular colours are red, thought to bring love in the New Year, and yellow, thought to bring money.

### India
#### Building a sculpture of an old man and burning it down

"Back in Bombay we'd make an effigy of an 'old man' that symbolized the old year and burn it at midnight," says Stephanie Fernandes, an associate creative director at BBDO San Francisco. The burning symbolizes the passing of grievances from the old year and makes space for a new year to be born. "Everyone would gather around singing 'Auld Lang Syne' and then it would turn into a little party. Bombay is very cosmopolitan and was home to people of various faiths, therefore we'd have a ton of different festivals, but this was one that united across ages and faiths."

### Japan
#### Eating soba noodles

People in Japan kick off the new year by eating a warm bowl of soba noodles. The tradition dates back to the Kamakura period and is tied to a Buddhist temple giving out the noodles to the poor. Because the long thin noodles are firm yet easy to bite, it is believed eating them symbolizes a literal break away from the old year.

### Denmark
#### Throwing old plates

Chucking plates at your friends usually signals a conversation gone very wrong. In Denmark, however, New Year's Eve traditions like this bring your loved ones good luck. Tradition has it that the more broken kitchenware you accumulate on your door step, the better off you'll be.

### Philippines
#### Serving 12 round fruits

On New Year's Eve, families in the Philippines make sure to serve 12 round fruits, like apples, grapes, and plums, which are believed to represent prosperity due to their shape, which mirrors coins. As for the lucky number, each fruit represents one month out of the year.

### Mexico
#### Giving the gift of home-made tamales

In Mexico families gather to make New Year's Eve food-specifically tamales, which are corn dough stuffed with meat, cheese, and veggies all wrapped in husks-and then hand them out to loved ones on New Year's Eve. On New Year's Day, the warm pockets are often served with menudo, a traditional Mexican soup made from cow's stomach.

### Greece
#### Hanging an onion outside the door

Not only are onions a kitchen staple, they can also bring you good luck for the new year ahead. In Greece it's tradition to hang an onion outside your door. Believed to symbolize fertility and growth (thanks to its ability to sprout on its own), the onion is hung on the door after church service on New Year's Day.

How will you ring in 2023?

### France: Feasting with Champagne

While the notion of drinking wine in France is about as ground-breaking as florals for spring, the French up the ante and go all out on Champagne to celebrate the New Year. There is usually plenty of dancing and party hopping. The food choices, however, remain the same: sparkling wines are paired with oysters, turkey, goose, or a Cornish hen.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पांचना के पानी के लिए आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़े तो लड़ेंगे: अशोक सिंह धाबाई

## हाईकोर्ट के आदेशों की पालना में सिंचाई विभाग के अधिकारी नहरों में पानी खोलना चाहते हैं

**करौली,** (नि.स.)। पांचना बांध पर गत 10 दिसंबर से 39 गांवों के लिए गुडला पांचना लिफ्ट परियोजना को पूरा कर पानी देने की मांग को लेकर धरना पर बैठे किसानों का शुक्रवार को अकस्मात ही महापंचायत का आयोजन हुआ जिसमें हजारों महिला,पुरुषों ने भाग लिया और महापंचायत में जुटे पंचों ने एक ही निर्णय लिया की पांचना के पानी के लिए चाहे आर -पार की लड़ाई लड़नी पड़े तो लड़ेंगे



करौली के पांचना बांध पर आयोजित महापंचायत में उपस्थित क्षेत्र के किसान।

- **10 दिसंबर से 39 गांवों के लोग सिंचाई के पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं**

पांचना बांध के पानी को लेकर चार धड़े बन चुके हैं। कमांड एरिया, अनकमांड एरिया, गंभीर नदी तटीय क्षेत्र और घना क्षेत्र जो अपने -अपने क्षेत्र को पांचना बांध से पानी लेने की पिछले लंबे समय से मांग करते चले आ रहे हैं। मांग ही नहीं आंदोलन तक किए हैं। उसी मांग को लेकर पांचना बांध क्षेत्र से जुड़े 39 गांव पांचना बांध पर गत 10 दिसंबर से जमावड़ा लगा कर पानी की चौकसी पर बैठे हुए हैं क्योंकि उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में यहां सिंचाई विभाग के अधिकारी नहरो में पानी खोलना चाहते हैं। इधर पांचना बांध क्षेत्र से जुड़े 39 गांव के लोग अपनी मांग गुडला पांचना लिफ्ट परियोजना को पूरी कर पहले 39 गांव को पानी दिया जाए उसके बाद अन्य जगह दिया जाए।

गुडला पांचना संघर्ष समिति के अशोक सिंह धाबाई ने शुक्रवार को महापंचायत में स्पष्ट शब्दों में कहा की पांचना बांध के पानी का पहला हक पांचना परीक्षेत्र से जुड़े गांवों का है उन्होंने खुले शब्दों में सरकार और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा की सरकार ने पूर्व में 39 गांव के लिए गुडला पॉचना लिफ्ट परियोजना से पानी देने का वादा किया था लेकिन सरकार और सिंचाई विभाग ने मात्र 13 गावों तक ही गुडला लिफ्ट परियोजना का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से पांचना बांध परीक्षेत्र से जुड़े 39 गांवों के किसान पांचना बांध के पानी के लिए संघर्ष करते चले आ रहे हैं। लेकिन सरकार और सिंचाई विभाग की मनसा ही साफ नहीं है। अंत में उन्होंने कहा की पांचना बांध से पानी लेने के लिए हमें चाहे आर पार की लड़ाई लड़नी पड़े तो लड़ेंगे।

इसी मौके पर संघर्ष समिति के भानु प्रताप सिंह, हाकिम सिंह, जनक, सूबेदार बाले पटेल , कांजी पटेल, भैरव सिंह पूर्व आईपीएस , दिनेश पटेल, परसराम पटेल रामस्वरूप एडवोकेट, बसंता पटेल, राजाराम पटेल कल्याण पटेल, लखन पटेल आदि ने कहा कि पहले 39 गांवों को पानी मिले उसके बाद अन्य को मिले इसी मौके पर संघर्ष समिति के अशोक सिंह धाबाई ने महापंचायत में जुटे पंच पटेलों से सलाह विचार कर पांचना बांध पर निगरानी धरना 12 जनवरी तक बढ़ाया अब 12 जनवरी 2023 तक 39 गांवों के लोगों की निगरानी धरना जारी रहेगा।

# एक लाख रूपये रिश्वत मांगने वाली महिला एएसआई फरार

## मुकदमे से नाम हटाने के एवज में परिवादी से मांगी रिश्वत

**उदयपुर,** (कासं)। मुकदमे से नाम हटाने के एवज में एक लाख रूपये की रिश्वत मांगने वाली अम्बामाता पुलिस थाने की एएसआई कलावती ट्रेप होने की भनक लगने पर छुट्टी की रिपोर्ट देकर फरार हो गई।

परिवादी पावटा थाना आहोर जिला जालोर निवासी शंभूसिंह पुत्र जब्बरसिंह बालोत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शिकायत दी कि अम्बामाता पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 572/22 धारा 324, 389, 384 व 34 भादसं में परिवादी शंभूसिंह को आरोपी नहीं बनाने की एवज में स्वयं एवं थानाधिकारी अम्बामाता रविन्द्र सिंह चारण के नाम से एक लाख रूपये रिश्वत की मांग कर रही है। रिश्वत राशि

- **ट्रेप होने की भनक लगने पर छुट्टी लेकर फरार हुई एएसआई कलावती**

कम करने पर 30 नवंबर 2022 को एएसआई द्वारा 70 हजार रूपये लेने पर सहमती दी। इस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में इन्टेलीजेंस यूनिट के उप अधीक्षक दिनेश सुखवाल, प्रभारी अधिकारी इन्टेलीजेंस यूनिट के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक गजेन्द्र गुर्जर, सहायक निरीक्षक, कांस्टेबल विकास नागदाअजय कुमार मय टीम ने शिकायत का 30 नवंबर को सत्यापन करवाया।

इस दौरान एएसआई कलावती डामोर को परिवादी के खिलाफ पुलिस थाना चारभुजा राजसमंद में दर्ज प्रकरण में भी हेड कांस्टेबल डाउराम द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर उसे ट्रेप करवाने की जानकारी मिलने से वह रूपये लेने से पूर्व पकडे जाने के भय से फोन नहीं उठा अवकाश पर चली गई। इस मामले में ब्यूरो ने सीसारमा राजकीय आवास निवासी एएसआई कलावती पत्नी गौतम लाल रोत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

# हाथी के दांत से बना समान बेचने पर दो गिरफ्तार



रतनगढ़ पुलिस ने संगम चौराहे के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**रतनगढ़,** (निसं)। रतनगढ़ पुलिस ने नेशनल हाइवे पर संगम चोराहा के पास से प्रतिबंधित हाथी के दांत से बनी बनी वस्तुओं को बेचने के आरोप में 2 युवकों को गिरफ्तार किया है।

डिप्टी एसपी हिमान्शु शर्मा ने बताया कि वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो मुख्यालय दिल्ली के देवेंद्र सिंह ने गुरुवार रात पुलिस थाना हाजिर होकर को सूचना दी कि रतनगढ़ में प्रतिबंधित हाथी दांत से बनी वस्तुओं का कारोबार हो रहा है।

अभी संगम चोराहा के पास 2 युवकों उक्त प्रतिबंधित समान ग्राहकों को बेचने की फ़िराक में है, जिस पर कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी सुभाष बिजारणियां मय जाप्ता संगम चौराहा पहुंचे और एक बाइक से हाथी के दांत से बनी वस्तुओं सहित 2 युवकों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।

# 40 दिन बाद भी सरकारी खरीद केन्द्र पर मूंगफली की आवक शून्य

**सूरतगढ़,** (कासं)। नई अनाज मंडी के सरकारी खरीद केन्द्र पर 42 दिन बाद भी मूंगफली की आवक अब तक शून्य चल रही है और आगे भी मूंगफली आने की संभावना शून्य ही रहेगी। इसका कारण है एक तो क्षेत्र में मूंगफली की पैदावार कम होना, दूसरा समर्थन मूल्य पर भाव भी कम रहना। लिहाजा सूरतगढ़ क्षेत्र के किसानों का रूझान बीकानेर की मंडियों की तरफ ज्यादा है।

क्रय विक्रय सहकारी समिति अधिकारियों के मुताबिक मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू हुए 40 दिन से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक एक भी किसान मूंगफली

- **समर्थन मूल्य कम, खरीद केन्द्र पर नहीं आ रही मूंगफली**

केन्द्र पर इसके बेचान के लिए नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि 18 नवम्बर से शुरू हुई खरीद की प्रक्रिया के बाद से ही मूंगफली के लिए निर्धारित किया गया। अनाज मंडी का चार नंबर शैड लगातार खाली चल रहा है, तो संस्था के गोदाम में मूंगफली भराव के लिए आये बैग भी खाली पड़े हैं।

अधिकारियों के मुताबिक समर्थन मूल्य पर मूंगफली का भाव 5850 रुपए तय है। जबकि लूणकरनसर क्षेत्र में यह 6300 रुपए से लेकर 6400 के बीच में बेची जा रही है। दूसरा सूरतगढ़ क्षेत्र में मूंगफली की पैदावार भी कम है। इस वजह से अभी तक न तो किसी किसान ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, ना ही मूंगफली की आवक हो पाई है। दूसरी ओर मूंगफली उत्पादक किसान मनीराम, हंसराज, विकास कुमार, प्रदीप कुमार आदि ने बताया कि सूरतगढ़ क्षेत्र में मूंगफली की ना तो फैक्ट्री है और ना ही बाजार भाव उचित है। इसलिए वे इसे बीकानेर के लूणकरणसर और अर्जुनसर की मंडियों में ले जाकर बेच रहे हैं।

# ट्रेन से गिरकर वृद्ध घायल

**कपासन,** (निसं)। पांडोली स्टेशन के पास ट्रेन से गिर कर एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एम्बुलेंस से कपासन स्थानीय फतेह लाल चंडालिया राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया। वृद्ध अपनी बेटी से मिलने आ रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पांडोली स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह मंदसौर उदयपुर पेसेंजर ट्रेन से एम पी के गांव खोर निवासी वृद्ध नवल सिंह पुत्र भेरुसिंह राजपूत ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। नवलसिंह पांडोली स्टेशन के पास स्थित गांव सोनियाना में अपनी बेटी से मिलने आ रहा था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 नर्सिंग कर्मी बालमुकुंद जाट और पायलट बालू दास वैष्णव ने घायल को कपासन अस्पताल पहुंचाया। घायल के पास मिले ट्रेन टिकट से जानकारी में आया कि घायल मध्यप्रदेश के जावद रोड स्टेशन से आकर पांडोली स्टेशन पर उतरना था। लेकिन ट्रेन के पांडोली स्टेशन छोड़ने के बाद वृद्ध को जानकारी मिली कि स्टेशन पीछे रहे गया। तभी चलती ट्रेन से हड़बड़ी में उतरते समय वृद्ध नीचे गिर कर गंभीर रूप से घिरा हो गया। उसके गिरने पर ट्रेन में सवार यात्रियों ने चैन पूलिंग कर ट्रेन को रोका। गार्ड द्वारा पांडोली स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। जिस पर 108 मौके पर पहुचीं। इधर, घटना की सूचना पर घायल का दामाद सोनियाना निवासी चैनसिंह राजपूत भी कपासन अस्पताल पहुंचा। जिन्होंने बताया कि वह ससुर नवल सिंह को लेने पांडोली स्टेशन जा रहा था, इससे पूर्व यह हादसा हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद चित्तौड़गढ़ के लिए रेफर कर दिया गया।

# लोक कला और शिल्प की मधुर स्मृतियां छोड़ "शिल्पग्राम उत्सव" ने ली विदाई

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से आयोजित दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव लोक कलाओं की मनोहारी प्रस्तुतियों शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समापन पर 'झंकार' जहां मुख्य आकर्षण रहा। वहीं गुजरात के सिद्दि धमाल नृत्य ने दर्शकों आल्हादित कर दिया। उत्सव के आखिरी दिन उत्सव की झलक देखने के लिये लोगों का सैलाब सा उमड़ पड़ा। हाट बाजार में कलात्मक उत्वादों की बिक्री देर रात तक चलती रही। उत्सव में न केवल उदयपुर शहर के वासी बल्कि आस-पास के गांवों व शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग शिल्पग्राम पहुंचे। खरीददारी के अंतिम चांस का लाभ शिल्पग्राम आने वाले हर शख्स ने लिया। मुक्ताकाशी रंगमंच पर कार्यक्रम की शुरूआत गुजरात के डांडिया से हुई इसके छपेली नृत्य की प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर किशनगढ़ का चरी नृत्य दर्शकों को खूब भाया वहीं पुंग ढोल चोलम में मणिपुर के ढोल वादकों ने अपने नर्तन व चक्करदार से दर्शकों को अचम्भित सा कर दिया।

स्मापन अवसर पर असम की बालाओं का बिहू नृत्य पर दर्शकों ने अभिवादन किया। समापन सांझ में गुजरात के सिद्दि कलाकारों की धमाल दर्शकों को खूब रास आई। मुगरवान ढोल, माइसाब और ताशा की लय पर अनूठे अंदाज में थिरकते कलाकारों ने हवा में नारियल उछाल कर सिर से फोड़ने के करतब दिखा कर अपने बाबा गौर की उपासना का अनपम दृश्य चित्र प्रस्तुत किया। वहीं पश्चिम बंगाल के नटुवा में कलाकारों ने ढोल की थाप पर करिश्माई नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की दाद बटोरी।

स्मापन सांझ का मुख्य आकर्ष रहा 'झंकार' जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के तीन दर्जन से ज्यादा लोक वाद्यों की टंकार और गूंज से अरावली की वादियाँ गुंजायमान हो उठी। कार्यक्रम अधिकारी तनेराज सिंह सोढ़ा द्वारा परिकल्पित इस प्रस्तुति में पहले गान के साथ धीमी लयकारी पर एक एक कर वाद्य जुड़ते गये और तीव्र लयकारी पर एक साथ वाद्य वादन करने के साथ ही लोक नर्तक व नर्तकियां इसमें जुड़ने लगे जिससे प्रस्तुति में लोक संस्कृति के समवेत रंग उभर कर आये। स्मापन अवसर पर सांसद अर्जुन लाल मीणा मुख्य अतिथि थे। वहीं इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई तथा बड़ी सरपंच मदन पंडित भी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किये तथा दस दिवसीय उत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने के लिये जिला प्रशासन, जिला पुलिस विभाग, होमगाड्र्स, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम उदयपुर, नगर विकास प्रन्यास, अजमेर विद्यतु वितरण निगम, परिवहन विभाग, बड़ी पंचायत आदि के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हल्दीघाटी एक्सप्रेस आंशिक निरस्त

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच सेक्शन के मंदसौर एवं पिपलिया स्टेशनों के मध्य मेगा ब्लॉक के कारण कोटा होकर जाने वाली हल्दीघाटी एक्सप्रेस को आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया हैं।

गाड़ी संख्या 19818 कोटा होकर यमुना ब्रिज आगरा से रतलाम को जाने हल्दीघाटी एक्सप्रेस 31 दिसम्बर, 07, 14, 21 और 28 जनवरी, 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करेगी यह गाड़ी चित्ताड़गढ़-रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा द्वारा बताया कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# लापरवाही पर वी.डी.ओ. को 17 सीसी का नोटिस

## अधूरे विकास कार्य व रिकॉर्ड की लापरवाही पर की कार्रवाई

**सूरतगढ़,** (कासं)। अधूरे विकास कार्य और रिकॉर्ड मेंटेन में लापरवाही बरतने पर बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी को 17 सीसी का नोटिस थमाया और ट्रांसफर भी किया। उपखंड की ग्राम पंचायत सरदारपुरा खर्ता का पंचायत समिति के विकास अधिकारी हरीकृष्ण सिहाग ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया था। जहां विकास कार्य अधूरे होने और रिकॉर्ड भी मेंटेन न करने पर नाराजगी जताते हुए कार्मिकों को फटकार लगाई थी। इसे लेकर बीडीओ हरिकृष्ण सिहाग ने ग्राम विकास अधिकारी को 17 सीसी की चार्जशीट थमाई है।

विकास अधिकारी सिहाग ने बताया कि पंचायत समिति में स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम विकास योजना, मनरेगा में 100 दिवस में रोजगार देने सहित प्रधानमंत्री आवासीय योजना की सरदारपुरा खर्ता ग्राम पंचायत में सहायक लेखा अधिकारी द्वितीय अनिल कुमार जाखड़ के साथ समीक्षा की गई। जहां विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित समय में पूरे नहीं किए गए। साथ ही रिकॉर्ड भी अधूरा पाया गया।

पंचायत का निरीक्षण करने पर योजनाओं के कार्य अधूरे पड़े थे। इस पर ग्राम विकास अधिकारी जयपाल बेनीवाल को 17 सीसी में नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी ग्राम विकास अधिकारी को अधूरे कार्य और रिकॉर्ड मेंटेन नहीं करने पर नोटिस दिया गया था। बीडीओ सिहाग ने बताया कि लगातार लापरवाही के चलते ग्राम विकास अधिकारी जयपाल बेनीवाल का रायसिंहनगर ट्रांसफर का दिया गया है।

# स्कूटी वापस लेने पर छात्राओं ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

## 'तुम्हें दसवीं में भी स्कूटी मिली थी, 12वीं में गलती से आ गई'

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा गत दिनों प्रतिभावान छात्राओं को दी गई स्कूटी वापस लेने से खफा हुई छात्राओं ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि राजकीय मीरा कन्या कॉलेज में 26 दिसम्बर को प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई थी।

कार्यक्रम में कई छात्राओं के नाम से स्कूटी आने के बाद भी उन्हें नहीं दी गई। कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं को स्कूटी की आरसी देने के बाद स्कूटी वापस ले ली थी इससे नाराज़ छात्राए अपना विरोध जताने शुक्रवार को फिर जिला कलेक्टर के पास पहुंची।

स्कूटी वितरण योजना के जिला नोडल अधिकारी के मुताबिक़ प्रतिभावान छात्राओं को एक ही बार स्कूटी दिए जाने का प्रावधान है जबकि 14 छात्राओं ने दूसरी बार स्कूटी के लिए आवेदन कर दिया था। स्कूटी वितरित किये जाने के बाद उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो करीब 14 छात्राओं से स्कूटी वापस ले ली गयी थी। वितरण करने के बाद उनसे स्कूटी लिए जाने से नाराज़ छात्राओं का कहना था कि कॉलेज प्रशासन ने उनसे यह कह कर स्कूटी वापस ले ली कि तुम्हें दसवीं में भी स्कूटी मिली थी, अब 12वीं में स्कूटी गलती से आ गई है। ऐसे में यह स्कूटी फिर से सरकार के पास जाएगी। छात्राओं का कहना था कि एक बार स्कूटी देखकर वापस ले लेना न्यायोचित नहीं है। जिन छात्राओं के 12वीं में अच्छे अंक आए उन्हें भी प्रदेश सरकार ने स्कूटी भेजी है तो कॉलेज प्रशासन को क्या दिक्कत आ रही है।

छात्राओं ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि अगर उन्हें स्कूटी नहीं दी जा रही है तो चेक दिया जाए जिस पर जिला कलेक्टर ने समस्या के जल्द समाधान का आश्ववासन दिया है। छात्रा सपना मीणा का कहना है कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो सभी छात्राएं मिलकर भूख हड़ताल करेंगी।

# कर्मचारी महासंघ की बैठक कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ की जिला स्तरीय बैठक 1 जनवरी 2023 को सुबह 11 बजे शिक्षक भवन झुंझुनूं में आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष दुर्गाराम मोगा ने एक प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया कि बैठक में महासंघ से संबंधित सभी जिला शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री भाग लेंगे।

इस बैठक में राजस्थान भू निरीक्षक संघ, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, अखिल राजस्थान राज्य कृषि पर्यवेक्षक संघ, राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, राजस्थान शिक्षक संघ पंचायतीराज कर्मचारी संघ, राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजस्थान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ, राजस्थान कानूनगो संघ, राजस्थान पटवार संघ, राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, राजस्थान वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ, राजस्थान आयुर्वेद परिचारक संघ, राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन, राजस्थान कृषि स्नातक संघ, राजस्थान वन श्रमिक संघ, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ, राजस्थान पशुपालन सहायक तकनीकी कर्मचारी संघ, राजस्थान कंप्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी संघ सहित सभी संबंध संगठनों के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में सभी उप शाखाओं में संयोजक नियुक्त करने एवं जनवरी 2023 में ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर किए जाने वाले आंदोलन के विभिन्न चरणों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# रजनीगंधा अचीवर्स ने महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप 10 गोल टूर्नामेंट जीता

## क्रिस मैकेंजी ने अकेले पांच गोल कर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया

**जोधपुर,** (का.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, पाबूपुरा में चल रहे 23 वें जोधपुर पोलो सीजन 2022 में शुक्रवार 30 दिसम्बर को महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप (10 गोल) टूर्नामेंट का फाइनल रजनीगंधा अचीवर्स व सुजान इण्डियन टाइगर्स के बीच दोपहर 2.30 बजे खेला गया। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने इस फाइनल में कप के लिए कड़ा संघर्ष किया, परन्तु क्रिस मैकेंजी ने अकेले पांच गोल कर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम रजनीगंधा अचीवर्स को कप जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और अचीवर्स टीम ने पांच के मुकाबले छह गोल कर कप अपने नाम कर लिया।



जोधपुर के पोलो मैदान में विंटेज वाहन आकर्षण का केंद्र रहे।

दोपहर 3.30 बजे खेले गये अबू सियर कप के प्रदर्शन मैच में आबू पर्वत व अबू सियर के बीच खेला गया मैच दोनों ही टीमों के समान स्कोर तीन-तीन गोल रहने के कारण दोनों ही टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक पूर्व महाराजा गजसिंह, भंवर बाईजीलाल वारा राजे व राज भंवर सिराजदेव सहित अबू सियर कप के प्रायोजक व फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो के अम्बेसडर इजिप्ट के फारूख युनूस व मोहम्मद जकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मोहम्मद जकी ने फाइनल मैच की शुरुआत में गेंद फेंककर व मुख्य अतिथि फारूख युनूस ने प्रदर्शन मैच की गेंद फेंककर खेल शुरु करवाया। मैच समाप्ति पर मुख्य अतिथियों सहित गजसिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफिया प्रदान की। इस दौरान मैदान में उपस्थित मेहरानगढ़ बैण्ड और 1 मैक आईएनएफ (1 मद्रास) पाईपर एण्ड ड्रम बैण्ड ने मैच से पूर्व व मैच के दौरान अपनी सुमधुर सुर लहरियों से अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट के फाइनल में समान हैण्डीकेप दस-दस गोल की टीमों के बीच खेले गये इस फाइनल में रजनीगंधा अचीवर्स की ओर से खेलते हुए टीम के छह हैण्डीकेप के साऊथ अफ्रीकी खिलाड़ी क्रिस मैकेंजी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कुल पांच गोल कर अपनी टीम को कप दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। क्रिस ने पहले चक्कर में दो व दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया। साथी खिलाडी चार हैण्डीकेप के सैय्यद शमशेर अली ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। मुकाबले में सुजान इण्डियन टाइगर्स टीम के दो हैण्डीकेप खिलाड़ी भवानीसिंह कालवी ने पहले चक्कर में एक गोल, चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सिद्धांत शर्मा मे दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व सवाई पद्मनाभसिंह जयपुर ने दूसरे चक्कर में एक गोल किया।

मैच से पूर्व पोलो ग्राउंड में दोपहर 2.15 बजे विभिन्न मॉडल की विंटेज कारे भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। पुराने समय की इन विटेंज कारों को मैदान में उपस्थित जनसमूह ने करीब से देखा। इस दौरान उम्मेद भवन पैलेस की 1928 व 1947 की केडीलाक, 1948 की पेकॉर्ड, हिन्दुस्तान टेन, 1928 व 1947 की मॉरिस, 1947 की ब्यूक सुपर 8 तथा अजीत भवन की 1947 की ब्यूक, 1947 की ही डेसोटो फ्लूड डिराइव, 1939 की शेवरलेट, 1948 की ओल्ड्समोबाइल, 1934 की फोर्ड फैण्टम, 1933 की पोंन्टियाक 8, व 1929 की ब्यूक सहित आर.आर. दलपतसिंह की 1947 की ब्यूक, ठकुरानी साहिबा स्व. ठाकुर राजूसिंह की 1942 की विलीज् एमबी व 1947 की जगुआर एमके 4, विशांत सिंघवी की 1946 बेन्टले एमके 6, कुंदनसिंह की 1928 की शेवरलेट व 1948 की पोन्टियाक कारों का प्रदर्शन किया गया। गजसिंह ने मोल्ट वेल्यूएबल प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट का पुरस्कार पद्मनाभसिंह जयपुर को प्रदान किया।



स्पष्टता होनी चाहिये चयनकर्ताओं और इन खिलाड़ियों के बीच अच्छा संवाद होना चाहिये। अगर चयनकर्ताओं ने इन लोगों से आगे देखने का फैसला किया है तो ठीक है। मुझे लगता है कि बहुत सारे देशों ने ऐसा किया है। **- गौतम गंभीर**

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, श्रीलंका के विरुद्ध टी-20 श्रृंखला में कोहली, राहुल और रोहित को शामिल नहीं करने पर।**

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### निक किर्गियोस

**ऑस्ट्रेलिया** के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी और विम्बल्डन 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस ने खुलासा किया है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए यूनाइटेड कप के पहले सीजन से अपना नाम वापस लिया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने किर्गियोस के हवाले से कहा, लोग साल की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में से एक का हिस्सा बनने के दबाव और घबराहट को कम आंकते हैं। इसमें एक चोट जोड़ दीजिये। यह जानना कि आपने खुद को सबसे अच्छा मौका नहीं दिया, आपके ऊपर दबाव के पहाड़ को और बढ़ा देता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** किसी भी ओलंपिक खेल समारोह में सबसे पहले स्टेडियम में यूनान का खिलाड़ी दल और आखिर में आयोजक देश का खिलाड़ी दल प्रवेश करता है।

# फुटबॉल के बेताज बादशाह पेले का निधन

साओ पाउलो, 30 दिसंबर। ब्राजील के पूर्व फुटबाल स्टार और तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले का निधन हो गया। वह 82 साल के थे। चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार फुटबॉल के बेताज बादशाह पेले कोलन कैंसर से पीड़ित थे और साओ पाउलो के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। एथलीट ऑफ द सेंचुरी श्री पेले को 29 नवंबर को साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोविड-19 के पीड़ित होने के बाद उन्हें कोलन कैंसर के उपचार के लिए श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। फुटबॉल के इस बेताज बादशाह ने गुरुवार दोपहर को अस्पताल में अंतिम सांस ली।

अस्पताल की रिपोर्ट में कहा, अस्पताल खेद के साथ पुष्टि करता है कि एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो पेले की आज 29 दिसंबर अपराह्न तीन बजकर 27 मिनट पर शरीर के कई अंगों के काम न करने के कारण निधन हो गया। वह कोलन कैंसर से पीड़ित थे। रिपोर्ट में बताया गया कि इजरायली अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल की पेल के परिवार के प्रति सहानुभूति है और फुटबॉल के बेताज बादशाह पेल के निधन से उनके प्रशंसक बहुत निराश और दुखी हैं। पेले के रहते हुए ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्वकप जीता था। उन्होंने ब्राजील की तरफ से 77 गोल किए। उनके इस राष्ट्रीय रिकॉर्ड की हाल में विश्वकप के दौरान नेमार ने बराबरी की थी। पेले की रोसमेरी डोस रिस चोल्बी और असिरिया सेक्सास लेमोस से शादियों से पांच बच्चे और बिना शादी के दो बेटियां हैं। बाद में उन्होंने कारोबारी मार्शिया सिबेले ओकी से शादी कर ली थी।

## शोक में डूबा फुटबॉल जगत

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। ब्राज़ील के सर्वकालिक महान फुटबॉलर और तीन विश्व कप जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो उर्फ पेले के निधन पर फुटबॉल जगत शोक में डूब गया।

पेले के हमवतन नेमार ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, वह जा चुके हैं लेकिन उनका जादू जिन्दा है। पेले हमेशा रहेंगे। मैं कहूंगा कि पेले से पहले फुटबॉल सिर्फ एक खेल था। पेले ने इसे बदल दिया है। उन्होंने फुटबॉल को कला, मनोरंजन में बदल दिया।

ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले का गुरुवार को कैंसर से लड़ाई के बाद साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में निधन हो गया। पेले और नेमार 77 गोलों के साथ ब्राजील के लिये सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि पेले की 'स्मृति हम सभी फुटबॉल प्रेमियों में हमेशा जीवित रहेगी।'

मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड ने इंस्टाग्राम पर लिखा, शाश्वत राजा पेले को एक मात्र अलविदा कभी भी उस दर्द को व्यक्त करने के लिये काफी नहीं होगा जिसे पूरा फुटबॉल जगत इस समय महसूस कर रहा है। इतने लाखों लोगों के लिए एक प्रेरणा, कल, आज और हमेशा। आपने हमेशा मुझे जो प्रेम दिखाया, वह हर उस पल में था जिसे हमने दूरी से भी साझा किया।

रोनाल्डो ने कहा, उन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकेगा और उनकी यादें हम सभी फुटबॉल प्रेमियों के मन में हमेशा रहेंगी। किंग पेले को शांति मिले। फ्रांस के युवा फुटबॉलर कीलियन एमबापे ने पेले के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा, फुटबॉल के राजा हमें छोड़कर जा चुके हैं लेकिन उनकी विरासत कभी भूली नहीं जायेगी। श्रद्धांजलि, महाराज।

हाल ही में विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने इंस्टाग्राम पर पेले के साथ तस्वीर साझा करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। पेले ने करीब दो हफ्ते पहले इंस्टाग्राम पर एक हार्दिक पोस्ट में अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीतने पर मेसी को बधाई दी थी, जबकि हैट्रिक स्कोर करने के बावजूद हारने पर फ्रांस के फारवर्ड एमबापे को सांत्वना दी थी।

ब्राजील के साथ 2002 में विश्व कप जीतने वाले रोनाल्डो नज़ारियो ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए कहा, मेरे दोस्त, तुम्हारे बाद आना कितनी सौभाग्य की बात है। आपकी प्रतिभा एक स्कूल है जिससे हर खिलाड़ी को गुजरना चाहिये। उनकी विरासत पीढ़ियों को लांघती हुई आ रही है। आप इसी तरह जीवित रहेंगे। आज और हमेशा, हम आपको याद करेंगे। धन्यवाद, पेले। शांति से रहें।

उन्होंने कहा, पेले जहां पहुंचे, वहीं रुके रहे। शीर्ष को कभी नहीं छोड़ने के बाद वह आज हमें छोड़ गये। फुटबॉल का बादशाह एक ही है। सर्वकालिक महान। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पेले की 'चुंबकीय मौजूदगी' का वर्णन करते हुए कहा, जब आप उनके साथ होते थे तो बाकी दुनिया रुक जाती थी। उनका जीवन फुटबॉल से बहुत बड़ा है। उन्होंने ब्राजील, दक्षिण अमेरिका और दुनिया भर में बेहतर धारणाओं को बदल दिया। उनकी विरासत को शब्दों में बयान करना मुमकिन नहीं। इन्फेंटिनो ने कहा, आज हम सभी अपने प्रिय पेले की गैरमौजूदगी के नुकसान का शोक मनाते हैं लेकिन उन्होंने बहुत पहले ही अमरता प्राप्त कर ली थी और इसलिये वह अनंत काल तक हमारे साथ रहेंगे।



## पेले के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के विख्यात फुटबाल खिलाड़ी पेले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे खेल की दुनिया की अपूरणीय क्षित बताया है। मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा, पेले का निधन से खेल जगत में एक अपूरणीय क्षित हुई है। पेले सुपरस्टार फुटबाल खिलाड़ी थे। उनकी लोकप्रियता देश की सीमाओं से ऊपर थी। उनका उत्कृष्ट खेल और सफलतायें आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेंगी। उनके परिजनों और प्रशंसकों को मेरी संवेदना और उनकी शांति के लिए प्रार्थना।

## भारतीय फुटबॉल ने पेले के निधन पर सात दिन के शोक की घोषणा की

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ब्राज़ील के महान फुटबॉलर और तीन बार के विश्व चैंपियन पेले के निधन पर उनके जीवन और उपलब्धियों को याद करने के लिये शुक्रवार को सात-दिवसीय शोक की घोषणा की। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन ने कहा, हम फुटबॉल के महान खिलाड़ी पेले के निधन से बेहद दुखी हैं। हम उनकी उपलब्धियों को याद करने के लिये सात दिन का शोक मनाएंगे। इस दौरान एआईएफएफ का ध्वज आधा झुका रहेगा। फुटबॉल की दुनिया के बेताज बादशाह पेले के भारत के साथ पुराने संबंध रहे हैं। वह सबसे पहली बार 1977 में भारत आये थे जब उनके क्लब कॉसमॉस ने कोलकाता में मोहन बागान एफसी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था।

### अपने देश के लिए सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाडी थे

देखा जाए तो पेले का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 7 जुलाई 1957 को माराकाना में अर्जेंटीना के खिलाफ था, जहां ब्राजील को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में उन्होंने 16 साल और नौ महीने की उम्र में ब्राजील के लिए अपना पहला गोल किया। इसके साथ ही वह अपने देश के लिए सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बने रहे। इसके बाद फीफा वर्ल्ड कप 1958 की बारी आई जहां पेले ने कमाल कर दिया।

### 17 साल की उम्र में जिता दिया था वर्ल्ड कप

1958 के उस वर्ल्ड कप के जरिए ब्राजील पहली बार चैम्पियन बना तो उसमें 17 साल के पेले की अहम भूमिका रही थी। पेले ने सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-2 की शानदार जीत में हैट्रिक बनाई। फिर स्वीडन के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने दो गोल दागे। कुल मिलाकर पेले ने उस वर्ल्ड कप में छह गोल दागे थे जिसके लिए उन्हें बेस्ट यंग प्लेयर का अवॉर्ड मिला था। पेले ने इसके बाद 1962 और 1970 में भी ब्राजील के लिए विश्व कप जीता। अब तक उनसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप किसी ने नहीं जीता है।

### दागे है हजार से ज्यादा गोल

पेले ने प्रोफेशनल करियर में कुल 1363 मैच खेलकर 1279 गोल दागे। इस दौरान ब्राजील के लिए उन्होंने 92 मैचों में 77 गोल किए थे। 19 नवंबर 1969 को जब पेले ने अपना 1000वां गोल दागा था तो हजारों लोग पेले से मिलने के लिए मैदान में पहुंच गए थे। ऐसे में गेम को कफी देर तक रोकना पड़ गया था। पेले के 1000वें गोल की याद में सैंटोस शहर में 19 नवंबर को 'पेले डे' मनाया जाता है। पेले 1995 से 1998 तक ब्राजील के खेल मंत्री भी रह चुके हैं। पेले को साल 1999 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ने सदी का बेस्ट एथलीट चुना था।

### तीन शादियां की थी

पेले अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहे और उन्होंने 3 शादियां की थी। उनकी पहली शादी रोजमेरी डोस रईस चोल्बी के साथ सन 1966 में हुई। इससे उन्हें 2 बेटियां भी हुई, लेकिन 1982 में उनका तलाक हो गया। सन 1981 से 1986 तक वे मारिया दा ग्राका मेनेघेल के साथ रिलेशनशिप में रहे। जब पेले ने उनके साथ डेटिंग शुरू की तो मेनेघेल सिर्फ 17 वर्ष की थीं। इसके बाद पेले ने 1991 में मनोवैज्ञानिक अस्सिरिया लेमोस सेइक्सास के साथ शादी की। सेइक्सास और पेले के जुड़वां बच्चे हुए। साल 2008 में दोनों ने अलग होने का फैसला किया। इसके बाद 2016 में पेले ने मर्सिया ओकी से शादी की।

### वेटर के रूप में भी किया था काम

साओ पाउलो में बड़े होने के दौरान पेले ने गरीबी के दिन भी देखे। हालांकि उनके पिता ने वह सब कुछ सिखाया जो एक फुटबॉलर को सीखना चाहिए। पेले फुटबॉल नहीं खरीद सकते थे इसलिए वे कई बाार कागज से भरे मोजे से खेलते थे। यही नहीं पेले ने स्थानीय चाय की दुकानों में वेटर के रूप में भी काम कियाा था। पेले ने अपनी युवावस्था में इनडोर लीग में खेला और अंततः 15 साल की उम्र में वह सैंटोस एफसी द्वारा साइन कर लिए गए। इसके बाद पेले ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### अंतिम संस्कार उनके गृहनगर सांतोस में

पेले के क्लब सांतोस ने एक बयान में कहा कि लोग विला बेलमिरो स्टेडियम पर उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले का बृहस्पतिवार को लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। सांतोस ने कहा कि तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले की पार्थिव देह के साथ ताबूत सोमवार को सुबह अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल से निकलेगा और मैदान के बीचोंबीच उसे रखा जायेगा। लोगों के लिये दर्शन सुबह दस बजे से खुलेंगे और अगले दिन सुबह दस बजे तक जारी रहेंगे। सांतोस की सड़कों से पेले का जनाजा निकलेगा और उनकी सौ वर्ष की मां सेलेस्टे के घर के सामने से गुजरेगा। ब्राजीली मीडिया रपटों के अनुसार पेले की मां बिस्तर से उठ नहीं सकती हैं। उन्हें सांतोस के कब्रिस्तान मेमोरियल नेक्रोपोल एक्यूमेनिका में दफनाया जायेगा। पेले का घर सांतोस में है जहां उन्होंने जीवन का अधिकांश समय गुजारा। उम्र के आखिरी पड़ाव पर वह गुआरूजा में बस गए थे।

## पेले के पांच सबसे यादगार गोल

पेले जब गोल करते थे तो लगता था कि यह कितना आसान है। डिफेंडरों को छकाते हुए ड्रिबल करके गेंद को विरोधी गोल तक ले जाना और दमदार शॉट से या प्रवाहपूर्ण फ्री किक पर या मजबूत हेडर से वह चुटकियों में गोल कर जाते थे।उनके कुछ ऐसे ही यादगार गोल इस प्रकार है।

**पहला गोल :** सात सितंबर 1956, सांतो एंड्रे , ब्राजील में

**कैसे :** पेले की उम्र काफी कम थी और अभी अभी ही सांतोस के लिये खेलना शुरू किया था। दूसरे हाफ में मैच में उतरते ही उन्होंने गोल किया और वह नुमाइशी मैच सांतोस ने 7 . 1 से जीता। विरोधी टीम के गोलकीपर जालुआर ने बाद में बिजनेस कार्ड बनाया तो उस पर लिखा ,'पेले को गोल गंवाने वाला दुनिया का पहला गोलकीपर।''

**सर्वश्रेष्ठ गोल :** दो अगस्त 1959, साओ पाउलो में।

**कैसे :** यह गोल उनका सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जिसकी रिकॉर्डिंग तो नहनीं है लेकिन बाद में एक फिल्म के लिये इसे डिजिटिल तरीके से तैयार किया गया। खिलाड़ियों, प्रशंसकों , पत्रकारों के अनुभव के आधार पर इसकी रचना की गई।

पेले को सर्कल के भीतर गेंद मिली थी और उन्होंने तुरंत इसे आगे बढाया। डिफेंडर ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने पेनल्टी स्पॉट के पास दूसरे डिफेंडर के पास से गेंद फ्लिक करके निकाली। गेंद ने मैदान को छुआ नहीं था और तीसरे डिफेंडर के पास से फ्लिक करते हुए वह गोल के सामने पहुंच गए और गोल कर दिया।

**विश्व कप में पहला गोल :** 19 जून 1958

**कैसे :** पेले का विश्व कप में पहला गोल खूबसूरती की मिसाल था। वेल्स के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के दूसरे हाफ में उन्होंने यह गोल किया। उनकी पीठ गोल की तरफ थी और 17 बरस के पेले ने छाती से रोककर गेंद पर नियंत्रण बनाया। इसके बाद दाहिने पैर से किक लगाकर गोल किया।

**विश्व कप फाइनल में पहला गोल :** 29 जून 1958, सोलना, स्वीडन में

**कैसे :** पेले ने अपने पहले विश्व कप में छह गोल किये। उन्होंने स्वीडन के खिलाफ फाइनल में 5.2 से मिली जीत में दो गोल दागे। पहले गोल से ब्राजील को 3.1 की बढत दिलाई और दूसरा आखिरी सीटी बजने से पहले हेडर पर किया।

**विश्व कप में में आखिरी गोल :** 21 जून 1970, मेक्सिको सिटी में

**कैसे :** पेले ने विश्व कप में 12वां और आखिरी गोल इटली के खिलाफ किया। एक लाख से अधिक दर्शकों के सामने उन्होंने ब्राजील को 4.1 से मिली जीत में पहला गोल दागा। रिवेलिनो के क्रॉस पर पेले हवा में उछले और हेडर से गेंद को गोल के भीतर डाला।

## दुनिया को फुटबॉल से मोहब्बत करना सिखाया

फुटबॉल खेलना अगर कला है तो उनसे बड़ा कलाकार दुनिया में शायद कोई दूसरा नहीं हुआ। तीन विश्व कप खिताब, 784 मान्य गोल और दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों के लिये प्रेरणा का स्त्रोत बने पेले उपलब्धियों की एक महान गाथा छोड़कर विदा हुए। यूं तो उन्होंने 1200 से अधिक गोल दागे थे लेकिन फीफा ने 784 को ही मान्यता दी है।

खेल जगत के पहले वैश्विक सुपरस्टार में से एक पेले की लोकप्रियता भौगोलिक सीमाओं में नहीं बंधी थी। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले का जन्म 1940 में हुआ। वह फुटबॉल की लोकप्रियता को चरम पर ले जाकर उसका बड़ा बाजार तैयार करने वाले पुरोधाओं में से रहे।

उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि 1977 में जब वह कोलकाता आये तो मानों पूरा शहर थम गया था। वह 2015 और 2018 में भी भारत आये थे। सत्रह बरस के पेले ने हालांकि 1958 में अपने पहले ही विश्व कप में ब्राजील की छवि बदलकर रख दी। स्वीडन में खेले गए टूर्नामेंट में उन्होंने चार मैचों में छह गोल किये जिनमें से दो फाइनल में किये थे। ब्राजील को उन्होंने मेजबान पर 5 . 2 से जीत दिलाई और कामयाबी के लंबे चलने वाले सिलसिले का सूत्रपात किया। फीफा द्वारा महानतम खिलाड़ियों में शुमार किये गए पेले राजनेताओं के भी पसंदीदा रहे।

ब्राजील ने वह विश्व कप जीता जो पेले का तीसरा विश्व कप भी था। ब्राजील की पेचीदा सियासत के सरमाये में मध्यम वर्ग से निकला एक अश्वेत खिलाड़ी विश्व फुटबॉल परिदृश्य पर छा गया। उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि 1960 के दशक में नाइजीरिया के गृहयुद्ध के दौरान 48 घंटे के लिये विरोधी गुटों के बीच युद्धविराम हो गया ताकि वे लागोस में पेले का एक मैच देख सकें। वह कोस्मोस के एशिया दौरे पर 1977 में मोहन बागान के बुलावे पर कोलकाता भी आये। उन्होंने ईडन गार्डंस पर करीब आधा घंटा फुटबॉल खेला जिसे देखने के लिये 80000 दर्शक मौजूद थे। उस मैच के बाद मोहन बागान की मानो किस्मत बदल गई और टीम जीत की राह पर लौट आई। उसके बाद वह 2018 में आखिरी बार कोलकाता आये और उनके लिये दीवानगी का आलम वही था।

पेले के 80वें जन्मदिन पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा था ,'' आपने कभी ओलंपिक नहीं खेला लेकिन आप ओलंपिक खिलाड़ी हैं क्योंकि पूरे कैरियर में ओलंपिक के मूल्यों को आपने आत्मसात किया।'' फुटबॉल जगत में यह बहस बरसों से चल रही है कि पेले, माराडोना और अब लियोनेल मेस्सी में से महानतम कौन है।

## असल में किंग थे पेले, हमारे भगवान : भूटिया

कोलकाता, 30 दिसंबर। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से लेकर भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया तक सभी ने श्रद्धांजलि दी है। भूटिया को 2018 में पेले की भारत यात्रा के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा ,'' मुझे दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा ,'' बातचीत फुटबॉल पर, उनके जीवन और कुछ भारतीय फुटबॉल पर थी। वह काफी मजाकिया भी थे। मैने उनसे पिछले भारत दौरे के बारे में पूछा लेकिन उन्हें याद नहीं था कि किस शहर में उन्होंने खेला और मैच का नतीजा क्या था।

शायद उम्र का असर था।'' उन्होंने कहा वह वाकई किंग थे। हमारे लिये भगवान। वह इतने विनम्र और मृदुभाषी थे। फुटबॉल जगत के लिये उनका जाना बहुत बड़ी क्षित है। उन्होंने लाखों को प्रेरित किया।'' वह भारत का उनका आखिरी दौरा था जब वह दिल्ली में सुब्रोतो कप इंटर स्कूल फाइनल के लिये आये थे। भूटिया ने कहा ,'' पहली बार वह आये तो फिट थे लेकिन दूसरी बार व्हीलचेयर पर आये थे।'' तेंदुलकर ने ट्वीट किया, फुटबॉल ही नहीं बल्कि खेल जगत का बड़ा नुकसान। पेले जैसा कोई दूसरा नहीं होगा।

# सड़क दुर्घटना में क्रिकेटर ऋषभ पंत घायल, कार में लगी आग



देहरादून, 30 दिसम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत शुक्रवार सुबह उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना कार के डिवाइडर से टकराने से हुई। जिसके बाद कार में आग लग गई। उन्हें घायल अवस्था में देहरादून के मैक्स अस्पताल लाया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ऋषभ पंत दिल्ली से मर्सिडीज कार से उत्तराखंड के रुड़की स्थित अपने घर आ रहे थे। आज सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कोतवाली मंगलोर क्षेत्र के मोहम्मदपुर जट के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। किसी तरह क्रिकेटर और उनके साथ बैठे चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को कार से निकाला गया। सूचना मिलने पर मौके पर 108 और हरिद्वार पुलिस द्वारा घायलों को सर्वप्रथम रुड़की के सक्षम अस्पताल ले जाया गया।

### ऋषभ को लगी है कई चोटें, हालत, स्थिर : बीसीसीआई

मुंबई, 30 दिसंबर। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि सड़क हादसे में घायल ऋषभ को कई जगह चोटें लगी है और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। चोट का पता लगाने और आगे के उपचार के लिये उनका एमआरआई स्कैन कराया जायेगा। शाह ने कहा कि उत्तराखंड में रुड़की के पास आज सुबह ऋषभ की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में घायल ऋषभ को एक अस्पताल के मल्टीस्पेशियलिटी और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होने कहा कि ऋषभ के माथे पर दो गहरे घाव हुये है जबकि उनके दाहिने घुटने में लिगामेंट फट गया है। उनकी दाहिनी कलाई, टखने, पैर के अंगूठे में भी चोट लगी है और उनकी पीठ पर रगड़ के कारण चोट आयी है।

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

कराची 30 दिसंबर। रनों से भरपूर कराची की नेशनल स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों के लाख पसीना बहाने के बावजूद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच शुक्रवार को हार जीत के फैसले के बिना समाप्त हो गया। मैच के पांचवें और आखिरी दिन पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमामउल हक (96) की पारी दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रही हालांकि वह करियर के चौथे टेस्ट शतक से मात्र चार कदम दूर रह कर इश सोढी का शिकार बने। इसके अलावा सरफराज अहमद (53) और सउद शकील (55) ने पाकिस्तान को सुरक्षित स्कोर तक ले जाने में महती योगदान दिया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाये थे जिसके जवाब मे न्यूजीलैंड ने नौ विकेट पर 611 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी थी। बाद में पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 311 रन बना कर घोषित की। खेल खत्म होने के समय तक न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बना लिये थे।

## बीसीसीआई टी-20 विश्व कप प्रदर्शन की समीक्षा अगले साल करेगा

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी एक जनवरी को कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ टी20 विश्व कप में भारत के लचर प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। द्रविड़ की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के साथ रहे एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रहे सीमित ओवरों के मैच से पहले मुंबई में यह बैठक होनी है। इंग्लैंड ने विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हराया था। भारत आखिरी बार 2013 के आईसीसी प्रतियोगिता का चैंपियन बना था। टीम ने तब महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम के विश्व कप अभियान के बाद चेतन शर्मा के नेतृत्व वाली चयन समिति को बर्खास्त कर दिया गया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोली प.स. सांगानेर, जयपुर**

क्रमांक:97 ई- निविदा सूचना 03/2022-23 दिनांक:- 28.12.2022

ग्राम पंचायत सिरोली में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।

NIB NO- PEZ2223A0097 UBN NO- PEZ2223WSOB00113

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सिरोली

सरपंच
ग्राम पंचायत सिरोली

**कार्यालय ग्राम पंचायत भानोत पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-151 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-23/12/2022

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भारत के ग्राम सुंदरवाडी में रणसिंह के घर से जोहड की ओर इंटर लॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य | 02.01.23 11 AM तक | 02.01.23 01PM तक | 02.01.23 2 PM तक | 09.0 लाख | 18000 | 200 |
| 2 | गंदे पानी की निकासी हेतु भूमिगत पाईप लाइन रेलवे फाटक से परस होते हुए जोहड की ओर | 02.01.23 11 AM तक | 02.01.23 01PM तक | 02.01.23 2 PM तक | 10.0 लाख | 20000 | 200 |
| 3 | इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य मुख्य सडक से जले के घर से होते हुए निहाल के घर की ओर भानोत | 02.01.23 11 AM तक | 02.01.23 01PM तक | 02.01.23 2 PM तक | 10.0 लाख | 20000 | 200 |

उक्त कार्यो के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच
ग्राम पंचायत भानोत
पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

NIB ZAL2223A1051
UBN ZAL2223GS0B01474

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भानोत
पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

क्षेत्रीय कार्यालय (जयपुर उत्तर)
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
रोड़ नं. 5 के सामने, वी.के.आई.ए., सीकर रोड़, जयपुर, फोन: 0141-2850100
ई-मेल: rorpcb.jaipur@gmail.com, वेबसाईट: http://environment.rajasthan.gov.in

क्रमांक: रा.प्र.नि.मं./ क्षे. का. जय (उ.) / जेपीएम-1460/ दिनांक: 31.12.2022

**पर्यावरण स्वीकृती हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ 1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अंतर्गत मै उर्मिला अर्थ एण्ड मिनरल्स के प्रस्तावित विस्तार production capacity from 410280 TPA (ROM) to 2177500 TPA (ROM) in a existing Quartz & Feldspar Mine, M.L. No. 22/2001, M.L. Area: 19.4425 ha due to inclusion of Masonry stone Mineral and Installation of Captive Crusher/Mineral Processing units with proposed capacity 400 TPH within mining lease at Khasra no. 102, 558, 587, 589, 590, 583, 575 & 576, Village Jingaur, Tehsil - Kotputli, District-Jaipur (Raj.) के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये है।

चूकी मण्डल को उपरोक्त परियोजना हेतु वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः समस्त सबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए लोक सुनवाई हेतु दिनांक 09 फरवरी 2023 को प्रातः 11:00 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, द्वारिकपुरा, तहसील- पावटा, जिला- जयपुर में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर (उत्तर) रोड नं.05 के सामने विश्वकर्मा औद्यागिक क्षेत्र, सीकर रोड, जयपुर (ईमेल:-rorpcb.jaipur@gmail.com) के साथ-साथ मुख्यालय 04- संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यपालक सार) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है-
(1) जिला कलेक्टर, जयपुर (2) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर (उत्तर) (3) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर (4) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार शासन सचिवालय, जयपुर (5) जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (6) अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटपूतली, जयपुर (7) क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरावली भवन, झालाना डूंगरी, जयपुर। (8) पंचायत समिति, तहसील- पावटा, जिला- जयपुर। (9) नगर पालिका, पावटा, जयपुर। प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी कोविड-19 से संम्बंधित केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा समय- समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी पुर्वाविधान / सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

(विजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

# ग्रामीणों के हित की सुध नहीं ली तो होगी आर-पार की लड़ाई : कसाना

- आबादी के नजदीक अवैध ब्लास्टिंग व खनन को लेकर 23 दिन से चल रहे धरने को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने संबोधित किया
- शुक्रवार को अल्ट्राटेक प्लांट के गेट पर ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना




ग्रामीणों को रामस्वरूप कसाना ने सम्बोधित किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा-मोहनपुरा में मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में जोधपुरा के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 23 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा।

शुक्रवार को ग्रामीण सांकेतिक धरना प्रदर्शन के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट मोहनपुरा के गेट नं. 2 के पास जमा हुए। जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए उन्हें अपना समर्थन दिया। धरने को सम्बोधित करने के लिए पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि कम्पनी द्वारा देश सेवा के लिए तत्पर रहने वाले गरीब किसान व मजदूरों के हितों का हनन किया जा रहा है। इतने दिनों से धरना प्रदर्शन के बावजूद भी ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हो रही है। जो कि बेहद खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पीडित ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी आर पार की लड़ाई व आन्दोलन के लिए मजबूर होंगे। धरने पर पहुंचे जीवन बचाओ आन्दोलन के संयोजक नित्येन्द्र मानव ने कहा कि संविधान ने सभी को सम्मान से जीवन जीने का हक दिया है। कोई भी यह हक छीनेगा तो बर्दाश्त से बाहर होगा। युवा रेवॉल्युशन की ओर से एड. मनोज चौधरी ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि ग्रामीणों के संघर्ष में कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है।

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें ना तो पुर्नवासित किया जा रहा है। साथ ही आबादी के निकट ब्लास्टिंग व क्रेशर लगा दिये जाने से भय का माहौल है। कम्पनी प्रबंधन द्वारा ना तो उनका गांव अधिगृहित किया गया है एवं ना ही उन्हें पुर्नवासित किया जा रहा है। ग्रामीण निरन्तर आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग व खनन को बंद किये जाने की मांग कर रहे हैं। विगत बुधवार को ग्रामीणों की पीड़ा के लिए गठित की गई सर्वे टीम भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद मौके पर नहीं पहुंची। इससे भी ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

धरना स्थल पर डीएसपी गौतम कुमार व सरूण्ड एसएचओ इन्द्राज सिंह ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्यायें जानी। इस दौरान धरने पर जनता दल नेता रामनिवास यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, नरपत सिंह, एड. महेश चंद मीणा, उदयसिंह ठेकेदार, देशराज सिंह, सतीश हाडिया, करणसिंह अलोरिया, रत्तिराम जीलोवा, छोटेलाल गुरूजी, बदलूराम आर्य, दयानंद मांडैया, जिला पार्षद नरेन्द्र यादव, कुलदीप गोठवाल, एड. प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व सरपंच महेश यादव, एड. सतीश निमोरिया समेत बड़ी संख्या में पीडित ग्रामीण व महिलायें मौजूद थे।

## 'नया पंचायत भवन बनने के बाद और अधिक सुविधाएं मिलेंगी'

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट घोषणा के द्वारा नवसृजित पंचायत समितियों के भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

जिसमें अलवर ग्रामीण विधानसभा की मालाखेडा पंचायत समिति भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चंद मीणा का आभार जताते हुए कहा कि इस राशि का तकमीना तैयार करने से पूर्व पंचायत भवन की सोईल टेस्टिंग और स्ट्राक्चरल ड्रॉईंग तैयार करवाई जायेगी और इसी के आधार पर तकमीना तैयार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण के अतिरिक्त सोलर लाईट, परिसर विकास, वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, वाटर कूलर, पीवीएक्स, इन्टरनेट लेन, पार्किंग स्टेण्ड, अलमीरा, फर्नीचर, एसी, कुलर, पंखें आदि कार्यों का पृथक से तकमीना तैयार करवाकर संबंधित पंचायत समिति/जिला परिषद् में वित्तीय स्वीकृति जारी करते समय अलग से शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति परिसर विकास हेतु आवश्यक कार्य महात्मा गांधी नरेगा, केन्द्रीय व राज्य वित आयोग, निजी आय अन्य आदि योजनाओं से पृथक से कराये जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि परिसर विकास में वृक्षारोपण, डिच कम बण्ड, लाईव फेंसिंग, रूफ टॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, कार्यशाला निर्माण शाखा आदि कार्य नरेगा के माध्यम से कराये जा सकेगे। उन्होंने कहा कि मालाखेडा में नए पंचायत भवन बनने के बाद स्थानीय लोगों को यहां ओर अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री का पुतला जलाया



भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पेपर लीक मामले को लेकर रैली निकालकर व नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पावटा में पहुंच पावटा एसडीएम राजवीर सिंह यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

बाद में मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कडी से कडी सजा दिलाने व वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के सभी पेपरों में भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए प्रतियोगिता परीक्षाओं में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान युवा मोर्चा अध्यक्ष कोटपुतली दक्षिण नितिन सिंह शेखावत व युवा मोर्चा अध्यक्ष पावटा मंडल शंकर पंडित प्रागपुरा, युवा मोर्चा महामंत्री शक्ति सिंह प्रागपुरा, प्रीतम सिंह, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, टीम भगत सिंह प्रागपुरा युवा संगठन से रूपसिंह शेखावत बजरंग दल प्रखंड संयोजक, अंकित सैन, सुनील सिंह, हेमराज यादव, राजाराम यादव, सुरेंद्र स्वामी, साहिल सिंह, विजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष प्रागपुरा मंडल राकेश समोता, रोहित शर्मा, सोनू पंडित, नितिन सिंह, संदीप सिंह, सुरेंद्र स्वामी, सुभाष स्वामी, अजय कराला सहित सैकडों युवा मौजूद रहे।

## पार्षदों ने ऑफ लाइन टेंडरों को रोकने के लिए उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- पालिका द्वारा शुक्रवार को 14 कार्यों का ऑफ लाइन टेंडर कर दिया गया है जो कि राजकोष को हानि पहुंचाने के लिए किया जा रहा है : वाइस चेयरमैन
- 'कार्य बंद करने के निर्देशों के बाद भी ठेकेदार द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जारी है'

**पावटा, (निसं)।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में भ्रष्टाचार व विकास कार्यों में अनियमिताओं के विरुद्ध पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में पार्षदों ने डीएलबी निदेशक रिदेश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंप समस्या समाधान करने के साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व जांच की मांग की गई थी।

जिस पर स्ट्रीट पोल लाइट मामले में डीएलबी मुख्य अभियंता विद्युत रमेश चंद शर्मा द्वारा जांच व कार्य बंद करने के निर्देशों के बाद भी ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए स्ट्रीट पोल लाइट कार्य किया जा रहा है, जो कि आदेशों की अवहेलना है। वहीं पावटा प्रागपुरा नगर पालिका द्वारा वाइस चेयरमैन व पार्षदों को बिना बताये 14 कार्यों के ऑफ लाइन टेंडरों को रोकने के लिए पावटा उपखंड अधिकारी राज वीर सिंह व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका जेईएन रमेश चंद गुर्जर को वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने ज्ञापन सौंप टेंडर रुकवाने की मांग की है।

वहीं वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत व पार्षदों ने बताया कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार फैला हुआ है, इसके लिए कई बार पार्षद लामबंद होकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन भी दे चुके हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा आश्वासन के अलावा कुछ भी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा स्वीकृत कार्यों में ठेकेदारों को कार्य पूरा होने से पहले ही पूरा पेमेंट कर दिया जाता है जिससे की ठेकेदार कार्यों में लापरवाही व अनियमितता बरत रहे हैं। वहीं पालिका द्वारा शुक्रवार को 14 कार्यों का ऑफ लाइन टेंडर कर दिया गया है जो कि राजकोष को हानि पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। पालिका द्वारा ऑफ लाइन टैंडर कर कोई पारदर्शिता नहीं बरती गई है। टैंडरों को ऑन लाइन करवाने की मांग की। प्रागपुरा पार्षद मिंटू शर्मा नगरपालिका द्वारा मोबाइल टॉवर लगाने के लिए जारी फर्जी एनओसी प्रकरण की जांच नहीं कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। पोल खुलने के डर से पालिका की बोर्ड मीटिंग नहीं करवाई जा रही है। पालिका क्षेत्र में सडक निर्माण, पोल लाइट पालिका में चलने वाली गाड़ी, डीजल सहित विभिन्न कार्यो में खर्चा किस किस मद से हुआ उसका लेखा-जोखा पालिका गठन से अभी तक नहीं दिया जा रहा है। पालिका में पूर्व में भी धरना दिया गया था उन मांगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नरेगा में फर्जी हाजरी की जांच कर उक्त कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की जा रही है। वहीं पार्षद संजय सैन ने बताया कि पालिका में भ्रष्टाचार व विकास कार्यों में अनियमिताओं सहित विभिन्न मांगों को लेकर डीएलबी निदेशक रिदेश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था। डीएलबी मुख्य अभियंता विधुत द्वारा जांच व कार्य बंद करने के निर्देशों के बाद भी ठेकेदार मनमानी कर रहा है।

वहीं पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने कहा कि स्ट्रीट पोल लाइट लगाने मे अनियमिता व गुणवत्ता पूर्वक नहीं कर बेस कमजोर को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसकी नगर पालिका ईओ व जेईएन से जाँच करवाई जायेगी यदि कार्य गुणवत्ता पूर्वक नहीं हो रहा है तो सरकारी पैसे का दुरूपयोग है। जिसकी जाँच के लिए डीएलबी को भेजा जायेगा। इस दौरान पार्षद राकेश मीणा, संजय सेन, श्याम सिंह शेखावत, मिंटू शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि मनीष निमोरिया, भवानी शंकर अग्रवाल, प्रतिनिधि कान्हा सोनी, कैलाश, प्रवेश मित्तल, पार्षद पूजा सैनी, राजू शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, मुकेश कंवर, महेंद्र, सांवरमल बंसल सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## वंडर एकेडमी व नैना एकेडमी फाइनल में

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर नगरपालिका के लाल क्लब स्टेडियम में जारी देसी बिट्स टी ट्वन्टी क्रिकेट ऑल इंडिया प्रतियोगिता का समापन समारोह आज शनिवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। समापन समारोह की अध्यक्षता पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथ लाल मीणा एवं विशिष्ट अतिथि पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि देसी बिट्स के सीईओ महेश शर्मा रहेंगे। इस ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में सातवें दिन पहला सेमीफाइनल वंडर एकैडमी बनाम कुमाऊं वारियर्स के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें वंडर एकैडमी ने 269 रन बनाये। इसके जवाब में कुमाऊं वारियर्स ने 18.3 ओवर में आल आउट होकर 211 रन ही बना सकी। वंडर एकैडमी यह मुकाबला 58 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच नैना एकेडमी बनाम बागड़ा डायमंड के बीच में खेला गया। नैना अकैडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 सौ रन बनाये। इसके जवाब में बागड़ा डायमंड ने 19 ओवरों में 248 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इसी प्रकार नैना एकेडमी ने 52 रनों से यह मैच जीता।

## शराब के पैसों को लेकर हुई मारपीट के बाद टोल नाके पर चले लाठी-डंडे

- मालपुरा व डिग्गी थाने में दोनों पक्षों ने कराये नामजद मामले दर्ज



मालपुरा के अविकानगर टोल प्लाजा पर दो पक्षों में हुई मारपीट व लाठी-डंडों के हमले में स्कार्पियो कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चांदसेन मोड के पास संचालित शराब ठेके पर गुरूवार की देर शाम पुलिसकर्मी द्वारा शराब खरीदने के बाद पुलिस का रोब दिखा पैसा नहीं देने को लेकर दोनों पक्षों में हुई कहासुनी देखते ही देखते बड़े विवाद में तब्दील हो गई।

बिना पैसे दिये ठेके से शराब ले निकले पुलिसकर्मी व साथियों की स्कार्पियो का पीछा करते हुए ठेके के सेल्समैन व अन्य साथियों ने अविकानगर टोल प्लाजा पर गाड़ी को रोक लाठी-डंडों से मारपीट व स्कार्पियों में तोड़फोड़ की वारदात की जो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। स्कार्पियो चालक रतिराम चौधरी निवासी झिराणा ने मालपुरा थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि गुरूवार की शाम गांव से केकडी जा रहा था। लावा से मालपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल संजय चौधरी व अन्य उसकी स्कार्पियों में बैठ आर रहे थे। इसी दौरान अविकानगर टोल नांके पर रूकी स्कार्पियो पर पीछे से आ रहे रूपनारायण सहित आधा दर्जन से अधिक कार व बाइक सवार युवकों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर लाठी-डंडों से मारपीट कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। मारपीट व तोडफोड का सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।

सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा रात में ही थानाधिकारी व पुलिस जाप्ते के साथ टोल नांका पहुंच सीसीटीवी कैमरे के फुटेज ले हमलावरों की तलाश शुरू की गई। हमले में कांस्टेबल संजय चौधरी की कनपटी में चोटें भी आई है। लेकिन कांस्टेबल की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया। रतिराम की दी रिपोर्ट में थाना पुलिस ने रूपनारायण मीणा, सुरेन्द्र, भागचन्द, निर्मल, दीपू, टोनी, भूवाना, नरेश, शंकर व अन्य के विरूद्ध एकराय होकर हमला व मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया।

वहीं दूसरी ओर शराब ठेके के सेल्समैन रामकल्याण ने डिग्गी थाने में दी रिपोर्ट में पुलिस कांस्टेबल संजय चौधरी सहित सात-आठ अन्य जनों के शराब ठेके पर पहुंच शराब खरीदने के बाद पैसे मांगने पर पुलिस का रोब दिखाया। उनके साथ व उसके पार्टनर रूपनारायण मीणा के साथ ठेके पर मारपीट कर ठेके से आठ-दस बीयर की बोतले उठा ली तथा गल्ले से 25 हजार रूपये उठा ले गये। अडिग्गी थाना पुलिस ने सेल्समैन की सूचना पर मारपीट, लूट, एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पीपलू डीवाईएसपी इन्दु लोदी के नाम एफआईआर काटी गई। दोनों पक्षों की ओर से दो थानों में मामले दर्ज किये गये है।

## संक्षिप्त

### टक्कर से बाइक सवार की मौत

**टोंक, (निसं)।** कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे 53 पर बीती रात को मेहंदवास थाना व टोल के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्राईवेट कंपाउंडर की मौत हो गई। यह हादसा टोंक से गांव जाते समय हुआ है। हादसा इतना जोरदार था कि सिर पर लगा हेलमेट भी टूट गया जिससे सिर में गंभीर चोट लग गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक उदयपुर में निजी अस्पताल में जॉब करता था। वह कुछ दिन पहले ही परिजनों से मिलने आया था। कल निजी काम से टोंक गया था, वापस आते समय यह हादसा हो गया। इसी के साथ परिवार में मातम फैल गया। मेहंदवास थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मेहंदवास निवासी आशीष (38) पुत्र नरेंद्र सिंह कल देर शाम करीब साढे सात बजे बाइक पर सवार होकर गांव जा रहा था। इस दौरान मेहंदवास और टोल के बीच जयपुर - कोटा फोरलेन पर संभवत अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### नवजात का शव मिला, फैली सनसनी

**उनियारा, (निसं)।** नगरफोर्ट थाना क्षेत्र में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अलसुबह शुक्रवार को थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालुन्दा के सड़क किनारे स्कूल खेल मैदान में नवजात शिशु का शव बरामद होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर नगर फोर्ड एएसआई करण सिंह मय जाप्ते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नवजात के शव को बरामद किया और नगरफोर्ट अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉ. राजीव मीना तथा डॉ. उत्कर्षा श्रीवास्तव ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने नगरफोर्ट सरपंच बंटी सोयल की मदद से शव को दफनाया।

### अतिक्रमण हटाने हेतु ज्ञापन सौंपा

**नरैना, (निसं)।** नगरपालिका नरैना क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर पार्षदों ने पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड पार्षद राम किशोर सिंह, विजय माचीवाल, राम प्रसाद बागड़ा ने नगर पालिका अध्यक्ष पीर मोहम्मद गुज को क्षेत्र में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटाकर भूमि की पैमाइश कराने, नगर पालिका क्षेत्र की समस्त सरकारी भूमि का रिकॉर्ड चिन्हित कराकर वहां पर नगरपालिका का बोर्ड लगाने के साथ ही कस्बे के मुख्य बाजारों व मुख्य मार्ग व आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु ज्ञापन सौंपा।साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर जयपुर,स्वायत्त शासन विभाग को भेजी गई है।

### 47 गांवों में पानी की टंकी बनेंगी

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ईसरदा परियोजना के अन्तर्गत 47 कलस्टर गांवों में उच्च जलाशय बनाये जायेंगे। कलस्टर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत निर्मित होने वाले इन उच्च जलाशयों के माध्यम से आसपास के सभी गांवों में पेयजल सप्लाई सुनिश्चित होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के विशेष प्रयासों से इन उच्च जलालशें के निर्माण एवं गांवों में पेयजल सप्लाई हेतु पाइपलाईन बिछाने के कार्य की निविदा जारी कर दी गयी है। इनके पूर्ण होते ही सभी गांवों में पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।

### ओमप्रकाश माथुर का स्वागत किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के अम्बेडकर सर्किल पर स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत के सानिध्य एवं फुलेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, केन्द्रीय चुनाव समिति सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद ओमप्रकाश माथुर का माला व केसरिया पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद निर्धारित स्थान पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। इस दौरान व्यापार महासंघ के संरक्षक निर्मल शर्मा ने रेल समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### पौषबड़ा महोत्सव आज

**निवाई, (निसं)।** जमात में स्थित बालाजी के मंदिर में शनिवार को पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बालाजी मंडल के अध्यक्ष जीवतराम यादव ने बताया कि जमात में इंडियन पेट्रोल पंप के सामने स्थित बालाजी के मंदिर में शनिवार को बालाजी महाराज की आकर्षक झांकी सजाकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर प्रसादी वितरित की जाएगी।

## सार-समाचार

### जिंदल ने फिर कार्यभार संभाला



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र कुमार जिंदल ने शुक्रवार को एक बार फिर से चौमूं नगर पालिका ईओ का कार्यभार संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर 2022 को डीएलबी द्वारा आदेश निकालकर देवेन्द्र कुमार जिंदल का चौमूं नगरपालिका ईओ के पद से श्री गंगानगर स्थित गजसिंहपुर नगर पालिका के ईओ के पद पर स्थानांतरण कर दिया गया था। जिस पर देवेन्द्र कुमार जिंदल ने कोर्ट में अपील की और कोर्ट ने उस पर स्थगन आदेश जारी किया। जिसके बाद शुक्रवार को चौमूं नगरपालिका में एक बार फिर से देवेन्द्र कुमार जिंदल ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चौमूं के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ईओ के कार्यभार सँभालने पर चौमूं नगरपालिका कि वाईस चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, पार्षद महेन्द्र लाम्बा , पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पार्षद अर्जुन लाल सैनी, पार्षद कन्हैयालाल थावरिया, पार्षद प्रत्याशी महेश शेरावत, पार्षद प्रतिनिधि संजय योगी आदि ने ईओ देवेन्द्र जिंदल को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुराना मेंदेवनारायण क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चल रही चतुर्थ क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन समारोह में अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा, मोहनदास महाराज, बलरामदास महाराज आदि का आयोजकों ने माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ.शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेले। जीवन में तरक्की पाने के लिए अपने आप में प्रतिस्पर्धा की भावना होना जरुरी हैं । प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 दिसंबर को हुआ था। जिसमें 26 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला जायदपुरा बनाम नवलपुरा के बीच हुआ। जिसमें जायदपुरा की टीम 8 विकेट से विजेता रही। विजेता टीम को पूर्व मंत्री की ओर से 11 हजार रूपये का प्रथम पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया । मंच संचालन एंकर यादराम यादव ने किया। प्रतियोगिता में मैंन ऑफ़ दा सीरीज मुकेश शेरसिंहा और मैंन ऑफ़ दा मैच मोनी रहे । इस मौके उपसरपंच कालू राम गुर्जर, झाबर कसाणा, राजू रावत, सुभाष रावत, हवासिंह, मनोहर योगी, बाबूलाल, हरनाथ कसाणा, मनोज, विश्राम, नत्थूराम गोठवाल, बाबूलाल भरगड, माला रावत, विक्रम स्वामी, विजय धानका आदि लोग मौजूद रहे ।

### दो बाइकें चोरी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम मूंडरू इलाके में गुरुवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग दुकानों के सामने खड़ी बाईक अज्ञात चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार ग्रामीण बैंक के पास करीरी निवासी रामदास स्वामी ने किराणा की दुकान कर रखी है और दुकान के सामने स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल खड़ी कर रखी थी। जब शाम को वह दुकान बढ़ा कर घर जाने के लिए निकला तो सामने खड़ी बाइक गायब मिली । वही उसकी किराणा की दुकान के पास में ही अरनिया निवासी प्रदीप यादव ने मोबाइल की दुकान कर रखी है और उसकी दुकान के सामने ही उसकी प्लैटिना गाड़ी खड़ी थीं। जब प्रदीप यादव भी शाम को दुकान बढ़ा कर घर जाने लगा तो उसकी बाइक भी गायब मिली। एक ही जगह से एक साथ दिन में ही दो बाइकों की चोरी हो जाने पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया । पीड़ित रामदास स्वामी व प्रदीप ने श्रीमाधोपुर थाने पर अपनी गाड़ी चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है । रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परशुराम रथयात्रा का भव्य स्वागत

**निवाई, (निसं)।** बावडी वाले बालाजी की पावन धरा पर विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में अरूणाचल प्रदेश से तेजमूर्ति चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जी की रथयात्रा के आगमन पर ब्राह्मण समाज व विप्र फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-बाजे और पुष्प वर्षा कर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर संत मनीष दास महाराज व शिवानंद महाराज के सानिध्य में सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल राजेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, टोंक जिला संयोजक रमाकांत शर्मा, युवा अध्यक्ष अंकित शर्मा, तहसील अध्यक्ष छोटूलाल शर्मा, तहसील संयोजक जगमोहन गौत्तम, प्रभु बाडोलिया, विस्तारक जयवीर सिंह, भाजपा देहात अरनिया मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष यशोदा देवी सहित कई कार्यकर्ताओं ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत करके भगवान श्री परशुराम जी की दीपों से आरती कर भगवान परशुराम के जयघोष कर भगवान के चरणों में वंदन किया।

### नारी चौपाल का आयोजन

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी के निर्देशन में किशनगढ़ बास प्रशासन ने उपखंड के गांव मोठूका सपेरा बस्ती में नारी चौपाल का आयोजन कर महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य व केंद्र सरकार की ओर से दी जा रही योजनाओं के साथ कानूनन अधिकारों की जानकारी दी और समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि उपखंड क्षेत्र के मोठूका गांव की सपेरा बस्ती में जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में नारी चौपाल का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस तहसीलदार खैरथल रिया डांबी की उपस्थिति में हुआ। नारी चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खेरिया रहे। विशिष्ट अतिथि प्रधान बद्री प्रसाद सुमन मोठूका सरपंच थे।

### रास्ते के विवाद को लेकर ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा (निस)** कस्बे के अजमेरो की ढाणी मे खातेदारी जमीन पर जाने के रास्ते को अवरूद्ध किये जाने को लेकर किसानो के एक प्रतिनिधि मंडल ने पिडित के साथ टोंक कलेक्ट्रेट पहुंच एडीएम को ज्ञापन सोंप न्याय की गुहार लगाई। सौंपे ज्ञापन मे किसाने गोपीलाल माली सहित अन्य ने अवगत करवाया कि उनकी खातेदारी की जमीन जाने के पुस्तैनी रास्ते पर कुछ लोगो ने विवाद कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया। साथ ही सिवायचक भूमि से जा रहै रास्तो को भी अवरूद्ध कर दिया। इसी के पास मंदिर माफी की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। खातेदारी की जमीन पर जाने का रास्ता अवरूद्ध होने से फसल चौपट होने की कगार पर है। साथ ही कब्जेधारी झगडे पर उतारू है। एडीएम ने मामले की निष्पक्ष जांच का विश्वास दिलाया। तत्पश्चात किसानो ने मालपुरा एसडीएम रामकुमार वर्मा को भी ज्ञापन सोंप कार्यवाही की मांग की है।

### पौषबड़ों का भोग लगाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नगर आराध्यदेव श्री गोपीनाथ जी मंदिर में गुरुवार को पौष माह सेवा के अंतर्गत पौषबड़ों का भोग लगाया गया। मंदिर महंत डॉ. मनोहर शरण दास ने बताया कि भगवान राधा गोपीनाथ को भोगराग सेवा अंतर्गत पौष मास में समस्त पोषणीय द्रव्यों का भोग लगाया जाता है। इसी के अंतर्गत गुरुवार को दाल से बने हुए बड़े एवं हलवे का भोग लगाया गया। सुबह मंगला आरती पश्चात भगवान का दुग्ध अभिषेक किया गया ।इसके बाद पोशाक धारण कराकर श्रृंगार ,महाआरती हुई एवं ठाकुर जी को पौष बड़ों एवं हलवे का भोग लगाया गया। इस मौके पर समस्त भक्तों की पंगत प्रसादी दोपहर 2 बजे तक अनवरत रूप से चलती रही।

### कई वाहन आपस में टकराये

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार निकटवर्ती ग्राम शेखुपुर के पास तीन-चार वाहन आपस में टकरा गये। जानकारी के अनुसार ओवर स्पीड में चल रही एक कार के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिसके बाद एक के पीछे एक तीन-चार वाहन आपस में टकरा गये। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार तडके कोहरे के चलते दिखाई कम देने के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत यह रही कि सभी वाहनो के ब्रेक लग जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया।



धौलपुर में राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में हुई भाजपा की जनाक्रोश सभा में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। सभा को राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मंत्री मदन दिलावर तथा भाजपा सांसद मनोज राजौरिया ने संबोधित किया।

# 'पेपर लीक करने वालों पर योगी सरकार की तर्ज़ पर बुलडोज़र चलना चाहिए'

## धौलपुर में हुई जनाक्रोश सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने यह भी कहा कि, दलित अत्याचार में राजस्थान, भारत में दूसरे नम्बर पर है

■ **सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मदन दिलावर ने गहलोत सरकार को अली बाबा और चालीस चोरों की सरकार बताया।**

धौलपुर, 30 दिसम्बर (निस)। राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव पहाड़ी मरैना पीतम गिरी बाबा पर आज शुक्रवार को भाजपा की जनाक्रोश सभा आयोजित की गई। राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के उपनेता राजेंद्र सिंह राठौड़ एवं पूर्व मंत्री मदन दिलावर, सांसद मनोज राजोरिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवन कुमार वर्मा ने सभा को संबोधित किया।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पेपर लीक करने वालों पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज़ पर बुलडोजर चलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कई आरोप लगाए और कहा कि दलित अत्याचार में राजस्थान भारत में दूसरे नम्बर पर है, किसानों का अपमान हो रहा है, धौलपुर ज़िला परिवहन विभाग की अवैध वसूली निरंतर जारी है । धौलपुर की जनता के साथ किया गया अन्याय सूद सहित वसूला जाएगा। पूर्व मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में गोवंश की बहुत ही दुर्दशा है, एक विशेष वर्ग को बचाया जा रहा है, मंदिर तोड़ने में राजस्थान की गहलोत सरकार सबसे आगे है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है, सिर्फ रात्रि में ही सीमित समय के लिए बिजली मिल रही है, राजस्थान में अलीबाबा चालीस चोर की सरकार है। एक सर्वे के अनुसार राजस्थान में 70 फीसदी लोग रिश्वत देकर अपना काम करवा रहे हैं।

सांसद मनोज राजोरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा दी गई योजनाओं को यहां के विधायक अपना बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं कि धौलपुर की चारों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बैठेंगे और राज्य में भारी बहुमत से मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आएगी।

वर्मा ने आगंतुकों को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर जन आक्रोश यात्रा प्रभारी हेमेंद्र वशिष्ठ, सह संयोजक सोवरण सिंह गलेथा, जयवीर पोशवाल, नागवेंद्र सिंह, मरेना मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, विशम्भर दयाल शर्मा, सतेंदर पाराशर, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.विष्णु शर्मा, रामवीर शर्मा, भूपेंद्र घुरईया, बॉबी परमार, पंडित मधुसूदन शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, हरिनिवास प्रधान, कुक्कू शर्मा, दुष्यंत शर्मा, शिवशंकर परिहार आदि उपस्थित रहे।

# 'विवाद सुलझाने के लिए आया हूँ फाइव स्टार में बैठने के लिए नहीं'

## राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट-गहलोत विवाद पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट की

■ **रंधावा से मिलकर रघु शर्मा ने कहा- ''कार्यकर्ता आलाकमान और संगठन के प्रति निष्ठा रखें, व्यक्तिगत निष्ठा से पार्टी नहीं चलती।''**

■ **रंधावा ने संगठन के बारे में कहा कि, उनका पहला टारगेट जिला, ब्लॉक व कार्यकारिणी में नियुक्तियाँ करना है, जो वो अगले दो दिन में पूरा कर लेंगे।**

जयपुर, 30 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा 3 दिन से जयपुर में हैं। इस दौरान उन्होंने जयपुर में कांग्रेस के सभी विधायकों, विधायक प्रत्याशी, सांसद प्रत्याशी तथा सहित मंत्री परिषद से चर्चा की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी से उनके निवास पर जाकर चर्चा की है। इसी के साथ उन्होंने अग्रिम संगठन के नेताओं से भी मिलकर फीडबैक लिया है। इस कवायद के बाद में उम्मीद जगी है कि पार्टी में सत्ता और संगठन में जो नियुक्तियां बाकी हैं, उन पर जल्द ही निर्णय हो जाएगा। वहीं जिन बातों को लेकर नाराजगी है, उन्हें भी दूर किया जाएगा। 3 दिन तक की इस फीडबैक कवायद के दौरान सबसे बड़ी बात यही उभरकर आई है कि अधिकांश नेता और कार्यकर्ता यही चाहते हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच की जो तनातनी है, उसे समाप्त किया जाना जरूरी है। सभी नेताओं से फीडबैक लेने के बाद रंधावा ने मीडिया से बात की और पायलट-गहलोत विवाद पर कहा कि राजस्थान में नेताओं के बीच चल रहा विवाद सुलझाना उनका काम है। वो यहां फाइव स्टार में बैठने के लिए नहीं आए हैं। उनका काम लोगों के बीच बैठना व उनकी समस्याओं का निराकरण करना है, ताकि आगे किसी भी प्रकार की समस्या शेष न रह जाए।

उन्होंने आगे कहा कि अभी उनका पहला टारगेट राजस्थान में जिला, ब्लॉक व प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में नियुक्तियां करना है। इस काम को वो अगले एक-दो दिन में पूरा कर लेंगे। रंधावा ने कहा कि अभी वो विधानसभा का टिकट देने नहीं आए हैं। फिलहाल वो संगठन का काम करने आए हैं और वैसे भी विधानसभा चुनाव में टिकट सर्वे के आधार पर दिए जाएंगे। सर्किट हाउस में कई नेताओं - कार्यकर्ताओ से मुलाकात के बाद रंधावा ने पत्रकारों से कहा कि वे पिछले दो दिन से लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर फीडबैक ले रहे हैं। ऐसे में एक-दो दिन में जिला, ब्लॉक व राज्य स्तरीय संगठन में शेष बची नियुक्तियों को वो पूरा कर देंगे।

इस बीच रंधावा से मिलने के बाद पूर्व मंत्री रघु शर्मा ने कहा कि राजनीतिक पार्टी में कार्यकर्ता को आलाकमान और संगठन के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत निष्ठा से पार्टी नहीं चलती। उन्होंने राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन के सवाल पर कहा कि ऐसी बातें कैमरे पर नहीं होती हैं, लेकिन वन टू वन चर्चा में हर तरीके की बात होती है। शर्मा ने कहा कि वो 40 साल से कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। आलाकमान के प्रति हमेशा लॉयल रहे हैं और जो आलाकमान कहता है वो उसे मानते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका स्टैंड क्लियर है। उनका नेता एक है और जो पार्टी आलाकमान फैसला करती है वो उसी के साथ खड़े रहेंगे। शर्मा ने आगे कहा कि वो पार्टी के वफादार हैं और 25 सितंबर को मुख्य सचेतक की ओर से बुलाई गई विधायकों की बैठक में भी शामिल होने के लिए सीएम आवास गए थे। जहां वो रात दो बजे तक ठहरे भी थे। विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं होने वाले नेताओं को लेकर उन्होंने कहा कि वो किसी के लिए टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन हाईकमान सब देख रहा है। हर आदमी से यही उम्मीद है कि वो आलाकमान के प्रति वफादारी दिखाएं। संगठन के प्रति निष्ठा रखें, क्योंकि व्यक्तिगत निष्ठा से पार्टी नहीं चलती है। शर्मा ने कहा कि रंधावा सुलझे हुए व अनुभवी इंसान हैं। साथ ही पार्टी के कमिटेड नेता हैं, जिनसे प्रदेश की सियासत को लेकर उनकी बातचीत हुई है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि वो प्रदेश की उलझी सियासी परिस्थितियों को बहुत जल्द सुलझा लेंगे।

## प्र.मंत्री मोदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

धनखड़ ने एक बयान में कहा कि वह सरलता की प्रतिमूर्ति और माँ की ममता का प्रतीक थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की मां हीरा बा के निधन से गहरे दुख में हूं।

## क्या ''होनहार पुत्र'' गुलाम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के रूप में जम्मू कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचन्द का नाम लिया जा सकता है जो कांग्रेस छोड़कर आज़ाद की पार्टी में शामिल हुये थे। ताराचन्द ने अब डैमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी भी छोड़ दी है। कांग्रेस से आज़ाद के संबंध-विच्छेद का अन्त बहुत तिक्ततापूर्ण रहा था, क्योंकि इस वरिष्ठ नेता ने पार्टी नेतृत्व तथा खासतौर से राहुल गांधी को फटकार लगाई थी। सोनिया गांधी को लिखे गये कड़े-प्रहारों से भरे पाँच पृष्ठों के उस त्याग पत्र में, उन्होंने सोनिया गांधी को ''नाम मात्र का अध्यक्ष'' कहा था, जिनके नाम पर निर्णय लेने का काम राहुल गांधी या उनके पी.ए. तथा सिक्योरिटी गार्ड करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी को भी ''नॉन-सीरियस तथा अपरिपक्व व्यक्ति'' बताया था।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव, जो 2023 में हो सकते हैं, के अवसर पर, कांग्रेस नेतृत्व अतीत की इन तुच्छ बातों को भूलने तथा माफ कर देने के लिये तैयार हो सकता है, बशर्ते कि अपनी सोच में कुछ सुधार लायें। कांग्रेस के रणनीतिकार ऐसा मानते हैं कि ऐसी पूरी-पूरी संभावना दिखाई दे रही है कि जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में आज़ाद की पार्टी की मौजूदगी से, विशेषकर जम्मू क्षेत्र में गैर-भाजपा वोट कटेंगे, जिसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा। समझा जाता है कि अम्बिका सोनी ने आज़ाद को सलाह दी है कि वे भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हों तथा राहुल गांधी के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करें।

# कोटपूतली में तोड़-फोड़ की कार्यवाही पुनः शुरु?

■ **इस मामले में हाई कोर्ट में वर्ष 2022 में 40 से अधिक याचिकायें दायर की गई थीं, क्योंकि याचिकाकर्ताओं का कहना था कि, अगस्त माह में की गई तोड़-फोड़ की कार्यवाही से पहले उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया था और उनकी आपत्तियों की कोई सुनवाई नहीं की गई थी।**

■ **बिना नोटिस दिये कार्यवाही करने के कारण हाई कोर्ट में सभी अवमानना याचिकायें लंबित हैं, जिसमें नगर परिषद् आयुक्त से जवाब तलब किया गया है।**

■ **किंतु, कोटपूतली में एक अन्य सड़क पर तोड़-फोड़ की कार्यवाही शुरु किये जाने की सूचना से नगरवासी हैरान हैं और आक्रोश का माहौल है।**

कोटपूतली, 30 दिसम्बर। (निसं)। स्थानीय नगर परिषद् द्वारा कोटपूतली के मास्टर प्लान 2011-31 व रियासतकालीन (खेतड़ी ठिकाना) के नक्शे अनुसार सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए निरन्तर संरचनाओं को हटाने का कार्य किया जा रहा है।

गौरतलब है कि विगत अगस्त माह में परिषद् द्वारा मुख्य चौराहे से पुरानी नगर पालिका तिराहे तक सड़क की चौड़ाई 80 फीट व पूतली कट से बानसूर मोड खण्ड के सरदार स्कूल से शनि मंदिर तक की सड़क को 60 फीट चौड़ा करने की कार्यवाही शुरू की थी। जिसमें अब तक 95 फीसदी से अधिक निर्माण हटाये जा चुके हैं।

परन्तु नगर परिषद द्वारा नोटिस नहीं दिये जाने के संबंध में कई मामले हाईकोर्ट में लम्बित हैं। हाल ही में न्यायधीश एस. एन . श्रीवास्तव और न्यायाधीश विनोद भारवानी की खण्ड पीठ ने कोटपूतली नगर परिषद् आयुक्त फतेह सिंह मीणा को नवम्बर में ही इस मामले में जबाव तलब किया था और पूछा था कि क्यों नगर परिषद् ने तोड़-फोड़ की कार्यवाही करने से पूर्व मकानों और दुकानों के मालिकों को पून: नोटिस भेजकर उनकी आपत्तियों पर सुनवाई क्यों नहीं की।

जैसा कि विदित है कि, हाईकोर्ट ने इस सम्बंध में सुनवाई करते हुए विगत 25 फरवरी 2022 को तत्काल कोटपूतली नगर पालिका को आदेश दिये थे कि, वह सभी याचिकाकर्ताओं को नोटिस भेजकर उनकी आपत्तियां सुने और उसके पश्चात ही कोई कार्यवाही करे। अदालत ने तत्कालीन नगर परिषद् को कहा था कि, सम्पत्ति मालिकों के दस्तावेज जांच कर कार्यवाही के बाबत स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने के लिए कहा गया था। परन्तु, हाई कोर्ट में करीब 40 से अधिक याचिका दायर की गई जिसमें याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, वर्तमान नगर परिषद् ने हाई कोर्ट के आदेशों की पालना नहीं की और ~अगस्त माह में फिर से तोड़-फोड़ की कार्यवाही की और किसी भी याचिकाकर्ता को सुनवाई के लिए नोटिस जारी नहीं किये थे। इन मामलों से जुड़ी अवमानना याचिका पर हाई कोर्ट में जनवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल, परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा के मुताबिक जिन लोगों द्वारा निर्माण नहीं हटाये जायेंगे, उनके निर्माण नगर परिषद द्वारा हटाया जाकर जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

# बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष को पार्टी ने निष्कासित किया

## भाजपा का आरोप है कि राजीब रंजन नीतीश कुमार से नजदीकी बढ़ा रहे थे तथा अक्सर पार्टी विरोधी बयानबाजियां कर रहे थे

पटना, 30 जनवरी। बिहार भाजपा ने अनुशासनहीनता के लिए अपने एक उपाध्यक्ष राजीब रंजन को निलंबित कर दिया। पार्टी ने राज्य इकाई के प्रमुख संजय जायसवाल का 29 दिसंबर को जारी एक पत्र साझा किया। हालांकि, इसके तुरंत बाद रंजन ने दावा किया कि उन्होंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से खुद ही इस्तीफा दिया है।

गौरतलब है कि, राजीब रंजन नीतीश के करीबी लोगों में से एक रहे हैं माना जा रहा है कि, इन दिनों वे चोरी छुपे नीतीश से एक बार फिर नजदीकियां बढ़ा रहे थे। भाजपा को इस बात की पहले से ही भनक लग चुकी थी उनको बार-बार चेतावनी भी दी गई थी।

बिहार भाजपा अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा कि राजीब रंजन को मौखिक रूप से चेतावनियां दी गई थीं पर वो उनकी अनदेखी करते हुए पार्टी लाइन के विपरीत बयान देते रहे। जायसवाल ने इसके लिए उन्हें फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए राजीब के बयान अशोभनीय हैं। ये और पार्टी की प्रतिष्ठा पर भी गलत असर डालते हैं।

उन्होंने कहा कि राजीब रंजन को उनके पद से मुक्त कर छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किया जाता है। खास बात यह है कि भाजपा ने शुक्रवार दोपहर तक इस पत्र को सामने नहीं रखा। उसने इसे तब जारी किया, जब रंजन ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि पार्टी दलितों और ओ.बी.सी. के प्रति अच्छा रवैया नहीं रखती है। राजीब रंजन ने कहा कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के नारे से भटक गई है। बिहार में एजेंडा पटना केंद्रित हो गया है। उनके पैतृक जिला नालंदा भी भाजपा के लिए दोयम दर्जे की जगह है। बीजेपी जिस तरह की राजनीति कर रही है वो उनकी समझ से परे है। पार्टी के अंदर का यह घमासान ऐसे समय में सामने आया है, जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा 3 जनवरी को प्रदेश के दौरे पर आने वाले हैं। राजीब रंजन, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) के साथ रहे हैं।

# मुंबई में 140 किलो नशीली दवायें बरामद

■ **मुंबई सीमा शुल्क विभाग के अनुसार इन नशीली दवाओं का बाजार मूल्य 538 करोड़ रु. है।**

मुंबई, 30 दिसंबर (वार्ता)। मुंबई सीमा शुल्क, जोन-3 ने शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय अवैध बाजार में 140.57 किलो तक दवाओं को नष्ट कर दिया जिसकी कीमत 538 करोड़ रुपये तक आंकी गयी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

आधिकारिक बयान में बताया गया कि जोन-3 के तहत मुंबई सीमा शुल्क के तीन आयुक्तालयों ने अवैध दवाओं को जब्त करके, नष्ट कर दीं।

नष्ट की गई दवाओं में 56.06 किलो हेरोइन और 33.81 किलो हशीश शामिल हैं।

बयान के मुताबिक, एयर कार्गो एक्सपोर्ट आयुक्तालय ने 21.70 किलो हशीश और डी.आर.आई. ने 29 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

## यूक्रेन ने यू.एन. के तत्वावधान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एजेन्सी की रिपोटर्स कहते है कि मॉस्को ने कीव के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है और इसकी तुलना ''कम्प्यूटर एंटर'' अर्थात ''404 एंटर'' से की है। न्यूज़ एजेंसी एसोसिएटेड प्रैस को दिए एक साक्षात्कार में यूक्रेन के विदेश मंत्री दमाइत्रो कुलेबा ने कहा कि कीव चाहता है कि दो माह के भीतर एक शांति सम्मेलन हो और रूस से युद्ध का अंत हो जाए।

कुलेबा ने कहा कि उन्हें रूस के शामिल होने की उम्मीद नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि 2023 में युद्ध जीतने के लिए जो भी संभव हो रूस वह सब करेगा। कुलेबा ने कहा, हरेक युद्ध कूटनीतिक तरीकों से खत्म होता है और हरेक युद्ध रण भूमि में की गई कार्यवाही और वार्ता टेबल पर उठाए

रूस के यू.एन. में फर्स्ट डिपुटी परमानैंट रिप्रैज़ेन्टेटिव दमित्री पॉल्यानस्की ने कीव के प्रस्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा ''रूस के बिना कौनसा शांति सम्मेलन हो सकता है?''

कुलेबा के शांति प्रस्ताव का उल्लेख करने के अलावा पॉल्यानस्की ने जोर दिया कि यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने एक विस्तृत बयान जारी कर आरोप लगाया है कि रूस ने संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता अवैध तरीके से हासिल की थी इसलिए इसे निकाला जाए।

पॉल्यानस्की के अनुसार यू.एन. सुरक्षा परिषद में किसी ने भी यू.एन. में यूक्रेन के स्थायी सदस्य सर्गेई किसलित्सा के बयानों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पॉल्यानस्की ने कहा कि, अगर हम इन दोनों बातों को साथ लाएं तो दोनों ही परस्पर विशिष्ट हैं इसलिए रूस के बिना कौनसा शांति सम्मेलन हो सकता है।

पॉल्यानस्की ने कहा, यूक्रेन बिना शांति सम्मेलन की कल्पना बेहद आसान है, पर ऐसा होना तमाम कुलेबा और किसलित्सा के लिए बुरे सपने जैसे होंगे।

अक्टूबर मे जी-7 को संबोधित करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलेन्स्की ने इस स्टैप शांति फॉर्मूला का प्रस्ताव रखा था जिसमें एक वॉर ट्राइब्यूनल का प्रस्ताव था ताकि कीव में किए गए युद्ध अपराधों के लिए क्रैमलिन को दोषी ठहराया जा सके।

## पिता पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थित पिता के घर छोड़ा था। वहीं लॉकडाउन खत्म होने के बाद याचिकाकर्ता और उसके पिता ने मुकेश कुमार को कई बार कहा कि, वह उन्हें वापस ले जाए। इसके बावजूद भी मुकेश उन्हें लेने नहीं आया। याचिका में कहा गया कि, गत सात दिसंबर को मुकेश कुमार घर के बाहर खेल रहे दोनों बच्चों का अपहरण कर अपने साथ ले गया और उन्हें बंधक बना लिया। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने गुमशुदगी कराने के लिए थाने में परिवाद दिया, लेकिन पुलिस ने उसे दर्ज नहीं किया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता की संतानों को उसके पिता से रिहा कराया जाए। सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने मुकेश कुमार को नोटिस जारी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता को दोनों बच्चों को दस जनवरी को अदालत में पेश करने को कहा है।

# ओ.बी.सी. आरक्षण लागू करवाने की जद्दोजहद में योगी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुँची

## योगी सरकार चाहती है कि, निकाय चुनाव से पहले ओ.बी.सी. आरक्षण लागू हो जाये ताकि इसका पार्टी राजनीतिक लाभ ले सके

■ **गौरतलब है कि, निकाय चुनाव में ओ.बी.सी. आरक्षण की घोषणा पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गत दिनों रोक लगा दी थी।**

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र के स्थानीय निकाय के चुनावों में अन्य पिछड़ी जातियों (ओ.बी.सी.) को आरक्षण देने के प्रावधान वाली अधिसूचना रद्द करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को त्रुटिपूर्ण करार देते हुए गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 27 दिसंबर के अपने फैसले में ओ.बी.सी. आरक्षण के प्रावधान को रद्द करते हुए राज्य सरकार को बिना ओ.बी.सी. आरक्षण तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने राज्य के कई नगर पालिकाओं के कार्यकाल 31 जनवरी 2023 को समाप्त होने के तथ्य पर गौर करते हुए बिना ओ.बी.सी. आरक्षण तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में राज्य सरकार ने तर्क देते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय ने स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव में ओ.बी.सी. के लिए सीटों में आरक्षण के प्रावधान संबंधी 5 दिसंबर की अधिसूचना के प्रारुप को रद्द नहीं कर सकती।

## द्रव्यवती नदी में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को पक्का कर उसकी नियमित साफ-सफाई करने और वहां पर गंदगी नहीं होने की जिम्मेदारी दी गई थी। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि, गत दस नवंबर को प्रार्थी परिवार सहित द्रव्यवती नदी को देखने गया तो वहां जगह-जगह गंदगी मिली। इसके साथ ही नदी से निकाले गए कचरे को भी वहीं पटका हुआ था। जबकि प्रोजेक्ट के अनुसार नदी में बहने वाले पानी को ट्रीट करके साफ किया जाना था। नदी के पानी में आ रही भयंकर बदबू व गंदगी से परिवादी की तबीयत खराब हो गई। इतना ही नहीं, गंदगी के कारण आस-पास के लोगों व यहाँ पर घूमने आने वालों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि, जेडीए व टाटा प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी है कि वे नदी को साफ-सुथरा रखें व उसमें गंदगी नहीं होने दें, लेकिन दोनों की लापरवाही के चलते द्रव्यवती नदी में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, इसलिए अदालत द्वारा जेडीए व टाटा प्रोजेक्ट को निर्देश दिए जाएं कि वे नदी को साफ-सुथरा रखें और उसमें गंदगी नहीं होने दें। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने जेडीए और टाटा प्रोजेक्ट से जवाब तलब किया है।

## 1979 में इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस के पास केवल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खिलाफ अशोक गहलोत ने सार्वजनिक रुप से तथा खुले आम अपशब्धों का प्रयोग किया हो, लेकिन केन्द्रीय नेतृत्व ने गहलोत ने डॉट-फटकार तक नहीं लगाई।

विधानसभा चुनावों में अब एक साल से कम समय रह गया है तथा बुरी तरह से बँटी हुई भाजपा को केवल इस एक ही बात का सहारा है कि गांधी परिवार अशोक गहलोत को ही मुख्यमंत्री बना रहने दे। यह स्थिति भाजपा नेतृत्व के अनुकूल रहेगी क्योंकि गहलोत मुख्यमंत्री रहते, भाजपा अपनी आसान जीत के प्रति आश्वस्त है। इस साल ने गहलोत को प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने सम्बंध सुधारते भी देखा है। यह वर्ष इस बात का भी साक्षी है कि अडानी ग्रुप, संभवतः नरेन्द्र मोदी के इशारे पर, अशोक गहलोत की मदद के लिये आया था तथा बहुत बड़ी पूँजी के लगातार निवेश पर सहमति बन गई थी।

घोर आश्चर्य की बात यह रही कि राहुल गांधी, जो अम्बानी एवं अडाणी के कटु आलोचक हैं, ने गौतम अडाणी द्वारा अशोक गहलोत के साथ हाथ मिलाने पर कोई खास टिप्पणी तक नहीं की। अच्छे इरादों तथा निर्विघ्न ड्राइविंग वाला रास्ता अपार दौलत ही प्रशस्त किया करती है। राहुल गांधी भले ही नैतिकता पर कितने ही भाषण देते हैं, कितने ही ट्वीट करते हो, लेकिन वे भी दौलत के इस प्रकरण में अपवाद नहीं हैं।

गहलोत के नेतृत्व में, पार्टी ने कोई भी चुनाव नहीं जीता है लेकिन फिर भी पार्टी उनके खिलाफ कदम उठाने से डरती है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी बनकर रह गई है, जिसका नेतृत्व ऐसे चाटुकारों और चापलूसों से घिरा रहता है, जो स्वयं तो कोई चुनाव जीत नहीं सकते, लेकिन नेतृत्व को यह सलाह जरुर देते रहते हैं कि चुनाव कैसे (नहीं) जीता जाता है।

गहलोत के कुशासन तथा गांधी परिवार के कमजोर नेतृत्व का खामियाजा एवं आघात जितना राजस्थान ने भुगता है, उतना किसी अन्य राज्य ने नहीं भुगता।

अगर एकाएक तथा जबरदस्त सर्जरी नहीं की गई, तो ऐसे हालात के चलते अगले वर्ष कांग्रेस पार्टी सर्वनाश की स्थिति तक पहुंच जायेगी।

# सरकार दो लाख मेगा डेयरियां खोलेगी देश में

मांड्या, 30 दिसंबर (वार्ता)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि तीन साल में ग्रामीण स्तर पर दो लाख प्राथमिक डेयरियां स्थापित कर भारत दुग्ध क्षेत्र में बड़ा निर्यातक बनकर उभरेगा।

शाह ने यहां मेगा डेयरी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि तीन साल में देश भर में ग्रामीण स्तर पर दो लाख प्राथमिक डेयरियां स्थापित की जाएंगी, जिसके माध्यम से देश के किसानों को श्वेत क्रांति से जोड़कर भारत दुग्ध क्षेत्र में एक बड़ा निर्यातक बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि 260 करोड़ रुपये की लागत वाली मेगा डेयरी प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करेगी और इसे बढ़ाकर 14 लाख लीटर प्रतिदिन करने की क्षमता होगी। जब 10 लाख लीटर दूध संसाधित होता है तो लाखों किसानों के घरों में समृद्धि आती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
कीमतें बढ़ने से पहले
खरीदने का आखिरी मौका.
अपनी पसंदीदा मारुति सुज़ुकी एरीना कार ख़रीदें अभी
WAGONR
ALTO K10
S-PRESSO
CELERIO
EECO
बड़ी बचत
WAGONR ₹57 000*
CELERIO ₹36 000*
ALTO K10 ₹72 000*
EECO ₹35 100*
S-PRESSO ₹66 000*
ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in
AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: CALL: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. AJMER: RELAN MOTORS: CALL: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. AURIC MOTORS: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: CALL: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: CALL: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: CALL: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: CALL: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: CALL: 8955664400. CHURU: AURIC MOTORS: CALL: 01562-250696, 8875010502. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: CALL: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.
*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.2 L Petrol- all variants except AGS), Alto K10 (Petrol- LXI variant only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- all variants except AGS) and Eeco (Petrol- all variants except Cargo, Flexi and ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Price applicable on the date of invoice shall be applicable. Above offers are valid till 31st December 2022 or till stocks last, whichever is earlier.